पण्डित [स] सत् असत् विवेकी, निपुण, प्रवीण, चतुर, विद्वान, सरदार, सरगना, शास्त्रज्ञ, यथार्थज्ञाता, विद्वान। [अर्थात् वेश्या।

पण्यस्त्री (स) मोल की स्त्री

पण्यवीथी. [स] बाजार, दूकान।

पत. [स] पक्षी, खग, सुख्याति, स्वामी, बड़ाई, प्रावसी।

पतङ्ग. पतङ्गा (स.द्र) सूर्य्य पक्षी अग्नि, रक्तादिवर्ण, फतिंग, गुड्डी, गेन्द, काया, क्षुद्र-जीव, तम्बूरा बाजा दो०। तरनि पतंग पतंग खग, पावक बहुरि पतंग॥ सब जग रंग पतंग को, हरी एकै नव रंग॥१॥

पतन [स] अधोगमन, गिरना।

पतत्रि [स] पक्षी, खग।

पतन्ति [स] गिरत हैं, सब परत हैं बहु वचन।

पताका (स) ध्वजा भेद की लघु दण्ड फहरात, केतन सोगाड़, निन्ह, झंडी।

पति• [स] राजा, पुरुष, स्वामी, भर्त्ता । प्रभु, प्रतिष्ठा, खसम, अधि• पति, खाविंद, मालिक। छंद शुभ करन• ॥ कांत कामी दयित प्रीतम लभ पती इष्ट कामुक प्रभु प्रेय स्वामी रमन ॥ नाथ वर अग्रपती पीय धवबिट गुहे कान दे कान्ह सुनि लेहु शंकटहरन ॥ प्राण अब प्रेम दुख देखि दीजै दरस बात स्तुति सत्य करु नाम करुणा करन ॥ विकल पति कीन्ह कुम• मेषुश्रंत: करन मत्तचालीश पद छंद यह शुभकरन १। दोहा ॥ गोपबधुनि दुख देखि पति, बिहंसत नन्दकुमार ॥ लसत पोट ते प्रगट भे, जनु शशि जलद बिदार ।.२।

पतिबंचक• [स] पति को ठगे• वाली स्त्री, पति ठगनी।

पतिबंचकनारि• [स] पति के ठगनेवाली, चौ• । सो• चिय पुनि पतिबंचक नारी। कुटिल कलह प्रिय इच्छा• चारी ॥ अर्थात् पुनि पति के ठगनेवाली और कुटिल कलह प्यारी स्वतंत्रानारी सोचनीय है अब नीचे को चौपाईन में चारो आश्रम के धर्म में सोचनीय कहत हैं परंतु इहां प्रसंग विरुद्ध जान न लिखं मानस राम चरित्र मे देखना।

पत्ता होना मु• भागजाना, चंपत होना।

पतित (स) भ्रष्ट, नष्ट, दुष्ट गिर परा, गिरा हुआ, पापी, धर्म का त्याग करनेवाला।

पतिदेव• (स) } पतिदेवता
पतिदेवता• } जानो,

अर्थात् पतिव्रता स्त्री, चौ• पतिदेवता करम मन बानी। अर्थात् पति है देवता

जाको कर्म मन बानी ते ।

पतिनिहिं. (द) पत्नी को ।

पतिव्रत. [स] सतीपना, सुशीलता ।

पतिव्रता. [स] कुलवन्तीस्त्री, सती, पति के अनुकूल, पति की सेवा करनेवाली, धर्म में रहनेवाली स्त्री ।

पतंग. [स] सूर्य्य, चन्द, जीव, फतिंगा, गेंद, आकरंग ।

पतंजलि. [स] मुनिविशेष, योगशास्त्र तथा महाभाष्य का कर्त्ता ऋषि । [कं लोक

पतिलोक. [स] हिमाचल, पुरुष

पतिवती. (स) सुहागिन ।

पतोह. (प) पुत्रवधू, पुतोहू, पुत्रवहू ।

पत्तल. [स] पथ, राजमार्ग, सड़क, रास्ता । [प्रिया ।

पत्नी. [स] स्त्री, कान्ता, प्यारी,

पत्तूर. [स] पतंग ।

पत्तन. [स] नगर, शहर गांव

पत्र. [स पत्ती, पत्ता, कागज, सवारी, वाहन, शर, रथ, चित्त, पंख, चिट्ठी । दो० ।

पत्र पात पल्लव परण, दल छद छदन पलाश । जाय कुटि रघुपति बसे, पंचवटी सुखरासि ॥ १ ॥ पत्र पर्ण सो पत्ररथ, वाहन पत्र सु-चित्त । पंख पत्र बिधि नहिं दियो उड़ि नहिं मिलती मित्त ॥२॥ पत्र परत लख परहि छित, देखत जब तब पात । सुध आगम भ्रम चौंकि पिय, उठि उठि उतली जात ॥ ३ ॥

पत्र. पत्रज. पत्रक. [स] पत्ता, तेजपात ।

पत्रघा. [स] तालीसपत्र ।

पत्रलाक. [स] तवकीहर्त्ताल ।

पत्ररथ. [स] पक्षी, परिन्द ।

पत्रशाक. [स] पत्ते की तरकारी ।

पत्राङ्गुला. (स) सुकपक्षाकी ।

पत्री. [स] वृक्ष, पक्षी, कमल, बाण, दोहा । पत्री तरु पत्री कमल, पत्री बहुरि विहंग । पत्री

भरकर चित्र जिमि, दून से बढ़ श्रीरंग ॥ १ ॥

पत्रोर्ण. (स) सोनपत्ता।

पथ. पंथ (स, द) मार्ग, बाट, डगर, पंड़ा, जाल, रास्ता, राह।

पथगतिकुशल. [द] पथ के ज्ञान में चतुर।

पथादिपञ्च. [स] शैवा, सौरा, गाणेशा. वैष्णवा, शाक्ति का. इति पंच पादि पथ।

पथि. [द] बटोही।

पथिक. (स) राहगीर, राही, बटोही, यात्री, मुसाफ़िर, पथ्य, गुनकारी।

पथिन्. (स) मार्ग।

पथोज. [स] कमल, पङ्कज।

पथोणा. (स) लक्ष्मी, दो०। श्री पद्मा पद्मा लया, कमला चपला होय। सिंधुसुता मां इंदिरा, विष्णुवल्लभा सोय॥ १॥ जाको नैन कटाक्ष छवि, रही सकल जग छाय। सो लक्ष्मी वृषभानु सुत, आपहि प्रगटी आय॥ २॥ पुन: छंद दोहा। कमला पद्मा पद्मालया, लोक मात हरि प्रीय। मा रमा इंदिरा गोमती, लक्ष्मी सद्गा श्रीय॥ १॥

पत्थर छातीपर रखना, मु० सबर करना, संतोष करना चुप हो रहना, बस नहीं चलना।

पत्थर पसीजना, मु० पिघलना, नर्म होना, कोमल चित्त होना, नर्मदिल होना, कठिन काम सहज होना।

पत्थर पानी हो जाना, मु० कोमल चित्त होना, नर्म-दिल होना।

पत्थर सा फेंक मारना, मु० किसी को बात को बिन समझे उत्तर देना, कड़ी बात कहना।

पत्थर से सिर फोड़ना, मु० मूर्ख को शिक्षा देना।

पत्थर होना, मु० भारी होना,

अचल होना, अटल होना, चुप खड़ा रहना, निर्दई होना, कठोर चित्त होना।

पथ्य· [स] रोगी का अहार, हितकारी। [हर्रे।

पथ्या· [स] हरड़ेहड़, चिरकी,

पद·[स] चरण, स्थान, महिमा, मुक्ति, स्वरूप, अधिकार, पांव, चिन्ह, श्लोकका चरण, दो॰। चरन चलन गतिमंद पुनि, अंघ्रि पाद्‌|पद पाय। पद बंदन करि सहचरी, ठाढ़ी सनमुख आय॥१॥

पदक· (स) हीरामणि, कण्ठा भूषण गणती॥ श्लोक॥ पदक: कण्ठ भूषणे गण्याने च निगद्यते इत्यमर:।

पदचर· (स) प्यादा, पैदल।

पदचार· (स) पशु, गौ आदि।

पदचारी· (स) प्यादा, पैदल।

पदज· (स) अङ्गुली चरण की, पांव की अंगुरी। [जूता।

पदत्राण· (स) पनही, खड़ांउ,

पदपीठ, पदपीठा· (स·द) चौकी, खड़ांउ, पांव रखने की चौकी।

पद्‌विहार·(स)मार्ग, बाट, डगर।

पद्‌वी· (स) मार्ग, अधिकार।

पदाति· स· दास, प्यादा, पैदल, सेना। [पद में भी।

पदार्पण·(स) पदतें निश्चय के.

पदार्थ· (स) वस्तु, सब वस्तु मात्र, शब्दार्थ।

पद्रिक· (स) मोहनमाला भेद, जामें मुक्ता, हीरा, पद्मराग, पिरोजा ए तीनि मणि जड़ित होय, वा जामें चौकोण छिद्र जाके मणि जड़ित होय, वा कण्ठा भूषण नाम, वा जड़ाऊ चौकी, घोड़ा, पैदल, पथिक, कोमलचरण, हीरा।

पद्रिकहार· (स) पनही, या खड़ाऊं. हीरा का हार भौ॰ उर श्री वत्स रुचिर बनमाला। पद्रिकार भूषन मनि जाला॥ अर्थात उनके उर में श्रीवत्सचिन्ह अर्थात् लक्ष्मी वश्यकरण है और प्रकाशमान बनमाला है और पद्रिक अर्थात हीरों का हार है और मणि

भूषणों का जाल अर्थात् समूह है।

पदुम· (प·) कमल, पङ्कज। छन्द नरेन्द्र॥ "पद्म नलिन अरविन्द तामरस कंज कमल अंभोरुह॥ बिष प्रसून कल्हार कुशेसे सहस्रपत्र सरसीरुह॥ इन्दीवर जलज कोकनद पुष्कर पुनि पंकज पंकेरुह॥ सारस औ राजीव महोत्पल औ अर दंह सरोरुह॥१॥ कुबले उत्पल शत दल वारिज रक्त बरन अंभोजं॥ पुंडरीक कैरव कुमोद युत स्वेत स्वरूप सरोजं॥ इन्दीवर नीलां बुजयुत नीरज नील कहा मैं॥ अत्यासिंसतनाम छंद कल वसु बिंसत कविगामै दोहा। नलीनी बिसनी पद्मनी, कौमुदनी यह नाम॥ नाल मृणाल मृना लका बिशंचतुर्यंह नाम॥१॥ कौशुभ मधुकिंजल्करज, रेणु पाशु मकरंद। धूरि पराग समेत नव, सुखद सौरभि मंद॥२॥ जलनामानि जकार पुनि, नाम तामरस होय। ता पर ज्योनी शब्द ते, नाम पितामह सोय॥३॥" दयाराम का बनाया जो अनेकार्थ है उस में लिखा है। दो०। जलज रूप कुंडल श्रवण, कंठ जलज की माला जलज बदन बाजत जलज जलज कथे नंद लाल॥१॥

पद्म· (स) कमल १ गुग्गुल २ नाम एक निधि का, कुबेर की ८ निधियों में से।

पद्मक (स) कमल १ पद्मकाठ।

पद्मककंटी· (स) कमलगट्टा।

पद्मगन्ध· (स) पदुमकाठ।

पद्मचारिणी· (स) स्थलकमल।

पद्मपत्र· [स] श्यामाहल्दी पुष्करमूल।

पद्मबीजाभ· [स] मखाना।

पद्मराग· [स] मणि विशेष, रक्त वर्ण, लालमणि, मानिक रत्न।

पद्मबीज· [स) कमलगट्टा।

पद्मा, पद्मालया· (स) लक्ष्मी, विष्णुपत्नी, कमलिनी; कमलस्थल।

पद्माट· (स) चक्रवंड।

पद्माह्वा· (स) पदुमकाठ।

पद्माक्ष· (स) कमलगट्टा।

पद्मिनी· (स) कमलपत्राँग, कमलिनी।

पद्मी· (स) हाथी, गज।

पन· [प] वयस, अवस्था, होड़, प्रण, बोधक, प्रतिज्ञा।

पनच· (स) प्रत्यंचा, रोंदा प्रसिद्ध, चिल्ला, धनुष का गुण।

पनव· (स) ढोल।

पनस· (स) कटहर, कटहलफल, केवल फले अरु फूल फल जाके एक ही, वृक्ष विशेष केवल फले अरु फूले नहिं, बानर पशु विशेष।

पनही· [प] जूती, जोड़ा।

पनारा· पनारा, (प) झरना, मोरी, पनाली।

पनि· [स] गति, व्यवहार, चलन।

पनिघट· [प] पानी भरे का घाट। [गत।

पन्थ· [स] मार्ग, पद्धती,

पन्था· [स] मार्ग, बाट, पैंड़ा पथ।

पन्थी· (स) पथी, समुद्र, बाट, राहु। दो०। पंथी हिरि-नी को कहत, पंथी माया जोव॥ पंथी बहुरी ईश्वरी, जिहि सब छित बस कीव॥

पन्नग· (स) सर्प, नाग, सांप, दो०। उरग नाग पंनग भुजग, जिह्मग भोगी सर्प। चक्षुश्रवा हरि अही सप, काकोदर गर सर्प॥ १॥ व्याली विषधर फनिधनी, बिलसौं पुनि कहि व्याल चक्री दरवी गूढ़पा, लेलिह केवल काल २। कालो चहि गंजन सकै, मैं राखो गहि बांह। नंदनंदन प्रिय प्रेम सब, परतछगी दह मांह॥ २॥

पन्नगारि· (स) गरुड़।

पपीलि· पपीलिका (स) च्यूंटी,

जीव, मधुर, अति नीको।

पपीहा· (प) पपीहा ।

पप्ता· (स) पिता, बाप।

पम्पा· (स) पुरीविशेष, शान्ति स्थान, सर विशेष सरवर मध्य।

पय· पै (स· द·) अर्थ, दूषण, घोड़ा, बैल आदि को, अन्न, पानी, दुग्ध, दूध, पयस्विनी नदी, मंदाकिनि चौ० रघुवर कहेउ लखन भल घाटू। करहु कतहुं अब ठाहर ठाटू। लखन दीख पय उतर करारा। चहुं-दिसि फिरेउ धनुष जिमि नारा॥ अर्थात् श्री रघुनाथ जी कहें कि हे लखन यह घाट भला है अब कहूं ठहरने का ठाट करो। तब पयस्विनी के उत्तर ओर लखन जी ने करारा देखि तहां चहूंदिसि धनुष सम नारा फिरा है।

पयतीरा·(द) पयस्विनी के समीप जो चित्रकूट मध्य में है।

पयंद· (स) बादर, घन, स्तन।

पय:पसादी· (स) मिश्री।

पयस्· [स] पानी, पय, दुग्ध, जल।

पयस्विनी· (स) छीरकांकोली, इस के अभाव में असगन्ध १ जीवन्ती २ चित्रकूट में एक नदी, मंदाकिनी नदी, दूधारी गौ, धेनु,।

पयादि· (फ) पैदल, बिनुवाहन। [कुच।

पयान· पयाना· (प· द) यात्रा,

पयोद· (स) बादल, मेघ।

पयोधर· (स) स्तन, मेघ, अर्क, शैल, द्रुम, बादल, पयोधर, भूधर। "दोहा। मेघ अर्क कुच शैल द्रुम, राज पयोधर आहि। भूधर गिरि भूधर नृपति, भूधर आदि वराह॥१॥" स्त्री की चूंची, नारियल, गन्ना, सुगन्धित घास, संस्कृत में पयस पानी वा दूध को कहते

हैं धर रखने वाला, छ रखना सेसना है। छाँद का नाम। दोहा। उरज पयोधर कुच कहिय, अस्तन उर छवि ऐन। कांचन संपुट देवजनु, पूज पुजाई मैन॥ १॥

पयोधि, पयोनिधि पयनिधि· (स) क्षीरसागर, जलधि, समुद्र।

पर· (स) और, परे, उपरान्त, अन्त, गर, पराया, तत्पर, शिरोमणि। [निन्दा।

परअपवाद· (स) पराये की

परई· (द) पड़ना।

परं· (स) श्रेष्ठ, स्वर्ग।

पर· परम्· [स] पीछे।

परष· (स) गाठी, ग्रन्थ।

परचना· (स) परकना, हिसका।

परछिद्र· (स) दूसरे छिद्र, पराये की मर्म्म की बात, पराये का दोष।

परजरा· (स) अतिजरा।

परतन्त्र· (स) पराधीन, परवश।

परतन्त्री· (स) पराधीनो, परवशो।

परत्र· (स) निश्चय, परलोक में, अन्यत्र, और जगह।

परदक्षिणा· (स) दक्षिनावर्त घुसना।

परदार· (स) पराई स्त्री।

परदुम्न· (स) कृष्णपुत्र।

परदेश· (स) बिदेश, अन्यदेश।

परन्तु· (स) किन्तु, पर, वा, और

परधाना· (द) प्रधान, मुख्य, चौधरी।

परना· (द) पूर्ण, पत्ता।

परब· (स) पूर्णमादि, गोटी, उत्सव, अनध्याय, पर्व्व, गांठ।

प्रकृति· (स) स्वभाव। [किला।

परभृत· (स) कोईल पच्छी, को-

परम· (स) बड़े, उत्तम, अति, उत्कृष्ट, ऊंचा, श्रेष्ठ, प्रधान बृहत्।

परमरम्य· (स) अति सुंदर।

परमगति· (न) मोक्ष, उत्कृष्टता।

परमसुजान· (स) सज्जन, प्रवीण।

परमा· (स) परमशोभा, अधिका, बहुत शोभा ।

परमाकान्ति· (स) अधिका, शोभा,

परमाकुल (स) अति विकल,

परमागति· (स) स्वर्गा का सुख

परमाणु· (स) अत्यन्त सूक्ष्मवस्तु, निमेष, ३० रेणु संख्या वाचक, पृथ्वी, जल, तेज, वायु के अति सूक्ष्म भाग जिन का फिर भाग न हो सके, परेह ।

परमान· (द) यथार्थ, प्रत्यक्ष, आदिप्रमाण ।

परमार्थ· (स) तत्व बस्तु, उत्कृष्ट विषय, उत्तमार्थ, श्रेष्ठार्थ. परोपकार, सत्य, यथार्थ उत्तमकर्म । [ब्रह्म, ईश्वर ।

परमात्मन· (स) परमात्मा, पर-

परमातप, (स) बड़ा घाम ।

परमाधर. (स) शोभा के धरने वाले ।

परमित· (स) अवधि, मर्य्यादा, सीमा, हद ।

परमीश·(स) परईश, परमेश्वर,

परमेश्वर (स) जगतकर्त्ता, पर-मात्मा ।

परशु· (स) फरसा हथियार, कुल्हाड़ी, टांगी, आयुध विशेष ।

परम्पद· (स) मोक्ष ।

परसुधर (द) परसुराम ।

परशुराम. (स) जमदग्नि ऋषि के पुत्र, मुनि विशेष जाके यमदग्नि मुनि पितामह अरुयामदग्न मुनि पिता अरु रेणु का माता रही ।

परलोक· (स) स्वर्गादि ।

परस· (प) कुआवट, स्पर्श छूत, छूना , पारस, पत्थर,

परस्पर (स) अन्योन्य, आपस में ।

परश्मि (स) } किरण, चमक, (प) } छूइ के

परा· (स) पूर्व्वकाल, पीछे, पर लाचकोनो ।

पराई· (प) भागना, अगैर, दूसरे, भागा, दूसरे का, पराना, पलायन,

पराक्रम (स) बल, उद्योग, समर्थ, ताकत ।

पराग· } (स·द) पुष्पधूरी, धूली, परागा } कमल का रज, फूल

को भूलि । [त ।

पराङ्मुख (स) विमुख, लज्जि-

पराजय (स) अजीत, हारि, पराभव, अजय, हार ।

पराधीन, (स) पराए बस ।

पराधीन वृत्तिः, (वि॰ अन्यः अथवा अहम्) पराए बस है आजीविका जिस की ।

पर अपवाद (ह) पराय की निन्दा ।

पराजित (ह) हारा हुआ ।

पराना (प) भागना, पलायन ।

परापर (स) फालसा ।

परवर (स) ब्रह्मादि, मनुष्यादि, पर अपर ।

पराभक्ति (स) स्वामीभाव, सेवकभाव का अभाव, स्वामी के स्वरूपमें अपनेको चित्रवत् विसुध होना जैसे सुतीक्ष्ण मुनि की दशा भई ।

पराभव (स) प्रलय, निरादर, पराजय, हार, अनादर, तिरस्कार, विनाश ।

परामर्श (स) प्रश्न, पूछ, युक्ति, विचार ।

परायग (स) पक्षी, पर्वत ।

परायण (स) तत्पर, अनुराग, लीन, मग्न, तन्मय हो जाना, अत्यन्त आसक्त ।

पराशर (स) व्यासजी के पिता ।

परार्थ (स) पर के लिये, अन्य निमित्त । [तर, कपोत ।

परावत (स) परेवापक्षी, कबू-

परावन (स) भगैर, उद्विग्न ।

परास्त (स) निरस्त, पराजित, हाराहुआ ।

परि (स) इति उपसर्ग, परिभव, पराभाव, अनादर, अति, चारोंओर, आसपास ।

परिकर परिकार, (स) फांद, कमर, काछ, पटुका, पर्यंक, परिवार, आरंभ, समूह, विवेक, सहकारी, कटिबद्ध । [कहलाता है ।

परिकीर्त्तित, [स] कहागया है,

परिक्रमा (स) प्रदक्षिण, फेरी ।

परिखमा (स) झिल्ली ।

परिगत (स) घेराहुआ ।

परिघ· (स) ब्योड़ा, हारहुरका. हारठाठ, बेड़ा, लाठी, छंद—हर दहेउ कहिउ बि धरहु धाए बिकट भटरज-नीचरा। सर चाप तोमर सक्ति सूल कृपान परिघ परसु धरा॥ प्रभु कीन्ह धनुष टंकोर प्रथम कठोर घोर भयावहा। भए बधिर व्याकुल जातुधान न ज्ञान तेहि अवसर रहा॥ अर्थात् जैसे सुन्दर राज-कुमार हैं कि क्रोध से भरे धर धरहु ऐसी आज्ञा करता। तोमर, बरछा, शक्ति, सांग, शूल जाको पट्टिस सो फल बरछी आदि की गोल वा पहलदार होत, परिघ लाठी॥ हार बेलाठी, अस्त्रभेद। गदाकार। दोहा॥ परिघ बज्र परवत परिघ, घर सर सर्व बिशेष॥ परिघ बान जल थल नदी, परिघ सूर ससि शेष॥ १॥

परिच, परिचित· (स) परिक, हिसिक, ज्ञात, पहिचान।

परिचय· (स) जान पहचान, पहिचान, प्रीति।

परिक्षित· परीक्षित, (स) अर्जुन का पोता, अभिमन्यु का पुत्र, अभिमन्यु का बेटा।

परिचर्य्या· परिचरणा, परिचर्या } (स·द) सेवा, उपासना, शुश्रूषा, पूजा। [बहार।

परिचार· (स) सेवा चलन, व्य

परिचारक· (स) टहलू, चाकर, दास, चेला, सेवक, नौकर।

परिचारिका· (स) दासी, सेवका, गान कारिका, लौंडी।

परिचितभ्रूलताविभ्रमाणाम्, (वि० कौतूहलानाम्) लागी है भ्रूकुटियों को मरोड़ जिन्होंने।

परिच्छन्न· (स) आवर्ण, छाजित, घेरे, ढांपा।

परिच्छिन्न· (स) अविवेककृत, परिमित, सीमायुक्त, हेत, ज्ञात, ५ परिपूर्ण, द्विधारूप,

अध्यापक, घरागया।

परिजन (स) परिवार, कुटुम्ब, प्रजा।

परिणत (स) झुका हुआ, पक्का, पूरा, दूसरा रूप पाया हुआ।

परिणति (स) पक्कापन।

परिणमयितृ (स झुकने वाला, पकानेवाला।

परिणय (स) विवाह यज्ञ।

परिणाम (स) अवस्थान्तर प्राप्ति, फल, भिन्नभाव, समाप्ति, अन्त, आखिर, भावी, अवस्था, अंतफल, विकार, उत्तरकाल, अंजाम।

परिणाह (स) दीर्घ, लम्बा।

परितः (स) चतुर्दिक्, चारों ओर, आच्छादित।

परिताप (स) दुःख, पीड़ा, शोक, कांप, संताप, तपन, गरमी, खिन्नता।

परितापी (स) कोपी, शोकी, क्लेशी, क्लेश दाता, दुःख देनेवाला।

परितोष (स) सन्तोष, प्रसन्नता।

परिकर (स) पटुका।

परित्राता (स) रक्षक, पालक।

परित्राण (स रक्षा, बचाना।

परिदग्ध (स) जला हुआ।

परिदेवन (स विलाप, कल्पना

परिधन परिदधि, परिधि, (स पहिरे, ओढ़े वस्त्र, घेर, मण्डल।

परिधान, परिधेय, (स) पहिरे का वस्त्र, पहिरना, पहिरना, पहिरावा। [पकना।

परिपाक (स) समाप्ति, अन्त, परिपाका (स) अंत का फल।

परिपाटी, (स) क्रम, अनुक्रम रीति परम्परा की, बस्ता।

परिपूर्ण (स) सम्पूर्ण, भरा, समाप्त।

परिपेलव (स) केंवटीमोथा।

परिवेदन (स) पीड़ा, दुःख।

परिव्याध [स] कर्णिकार जलवेंत।

परिभव (स) तिरस्कार।

परिमल· (स)सुगन्ध ।

परिलघु· (स) बहुत थोड़ा ।

परिमाण· (स) तौल, माप, नाप, संख्या, परिसर, अन्दाज ।

परिमित. (स) रीति से, थोड़ा प्रमाण सहित । [फल ।

परिणाम· (स) अवस्था, अंत-

परिवार· [प] कुटुम्ब, परिजन, घराना ।

परिव्राज. [स] } सन्यासी, भि
परिव्राजक· } क्षुक, यति ।

परिग्रह· [स] धारण, ग्रहण ।

परिश्रम· (स) क्लेश, कष्ट, दुःख मेहनत ।

परिसर· (स) बढ़ाव, उन्नति ।

परिशिष्ट· [स] अवशिष्ट , अव शेष, बाकी ।

परिहर· [स] त्याग, अलग ।

परिहरत्· (स)हरता हुआ, दूर करता हुआ ।

परिहरि· [प] छोड़ि के, त्यागि के, परिहरण ।

परिहार· [स] हार, त्याग, अवज्ञा, अपमान ।

परिहास· [स] निन्दा व्यंग वचन, ठठा, हंसी, व्यंग वचन की साथ निन्दा, ठट्ठा, मज़ाक़ ।

परीक्षा· (स) पर्दाक्षिना दीओ न ।

परीक्षक· [स] परीक्षा लेनेवाला ।

परीक्षा· (स) देखाई देना, पा- कमाएश, आंखो दृष्टिदान,

परुष· (स) कठोर, कुवच । गाली, निरादर ।

परुषाक· पुरुष· (स) फालसा ।

परुषवचन· (स) कठोरवचन ।

परे· (स) उसपार, परलोकविधि ।

परेश· (स) ईश्वर, नारायण, सर्वं ईश, परमेश्वर ।

परंतु (स) लेकन, उपरान्त ।

परोक्ष· (स) अगोचर, गुप्त, वनवासी, अप्रत्यक्ष, गायब ।

परोपकार· (स) परायाउपकार, दूसरों के लिये भलाई करना ।

पर्करा· (स) } पांडर वृक्ष ।
पर्करी· } [नाम ।

पर्कटी· (स) पक्षनाम, वट

पर्ण· (स) पत्ता, तांबूल, पत्ती,

पलासा, पंख पच्छी का, पलाश, पत्ता, पान।
पर्णनिकेत (स) पत्ता का घर।
पर्णकार (स) तंबोली, तथा पतल बनानेवाला, बारी।
पर्णमृग (स) बानर, गिलहरी आदि।
पर्णशाला, (स) पत्रकुटी, पत्तों का भवन।
पर्णाटक (स) मोरिभारी।
पर्पट (स)
पर्पटक } धनपापर।
पर्पटा (स)
पर्पटिका, } पापर।
पर्पटी. (स) रोटी १ पपरी।
पर्व (स) तिहवार, उत्सव, अनध्याय, पोर, गांठ, योग पुण्य काल के योग।
पर्यटन [स] भ्रमण, घूमना।
पर्यङ्क [स] पलंग, खाट।
पर्वंकट (स) अगारफ्च।
पर्यङ्कपादिका (स) सुपरासीम।
पर्यनी [स] दारु हलदी।
पर्यन्त [स] सीमा, अन्त, तक लग, परला सिरा, अवधि समाप्ति, वहां तक।

पल [स प] मांस, मास, उन्मान घड़ी का साठवां अंश, ६० निमिष, पलक, थोड़ा। १ तरह का तोला॥ पल मांस को कहत कवि, पल उन्मान पल सोय॥ पलक पलक हरि बिचपरे गोपिन युग सम होय॥ १॥
पलटना [प] फिरना, उलटना, बदलना।
पलल [स] मांस, तिल।
पलाण्डु (स) पियाज।
पलायन [स] भगैर, भागने, भागना, भय से स्थान छोड़ भागना।
पलुहइ [प] प्रफुल्लित
पलङ्कषा [स] लाही, गुग्गुल, हरपिकार।
पलास पलाश (स) परास, ढाक का वृक्ष। होरा। बात पोथ है ब्रह्मद्रुम, किंशुक पर्ण पलास॥ कहु देखि तुम राधिका, जाको मोहन

हास ॥ १ ॥ हरित को वमपलास कहि, राछस बहुरि पलास। दुर्मेद शैल पलास कहि, बहुरो कठिन पलास ॥२॥

पलासी (स) सुगन्ध वाला पछी। एक नगर का नाम जो बंगाल में है।

पलोटत (द) धीरे से पग दाबना, पलोटना।

पलोटना (द) धीरे दाबना।

पल्लव (स) पत्र, शाखा, अंकुर, मुकुल, नयापत्ता, पत्ता, कोंपल।

पल्लवित (स) फलफुलित, रोमांचित, नये पत्ते के साथ, रोमांचित।

पर्व्वत. [स] पहाड़, छंद मत्त गयंद। भूधर पूजन देखि सुराधिप मेघ घने कर कोपि पठायो। कुंजर शुंड समान परे जल विद्युति घोम भयानक छायो। पाहन वृष्टि पपार भई हरि गोकाविलोकि गिरीन उठायो। सप्त भगान सकर्ण दिये शुभ सुमत्त गयंद कहायो ॥१॥ पुन: छंद चौबोला। नग भूधर ग्रावो पर्वत धर कूट अहार्य भव शिखरी। अद्रि अचल स्रुत गोत्र इषरा नग शैल शिलोचै अचल गिरि। सानुमान त्रै ककुत दरी स्रुत शृङ्गी जंबमहीध्र हरी। नाम पचीस छंद चौबोला पांडुग चौदह कला धरी ॥१॥ भूनामनि पर धर धरे, प्रगटे भूधर नाम। पुनि भूधर पर धर धरे, नाम होय घनस्याम २

पर्याय (स) अनुक्रम, प्रकार, अवसर, निर्माण, समानार्थ, बोधक शब्द।

पर्युषित (स) बासी।

पलभरमें सु० तुरंत, उसीदम, पलमारते। [में।

पलमारते सु० तुरंत, पल भर

पलटालेना. सु. पीछा ले लेना, लौटा लेना, बैर लेना, बदलालेना, बैर साधना।

पवन. [स] वायु, बयार, बतास, ढोल बाया, बाह, अल, हवा। दो० ॥ स्वसन सदागति अनिल पुनि, मारुत अरु जगप्रान। पवन प्रभंजन सिखि अगिन, नभस्वान परमान ॥१॥ तुपतन परिमल परसि जब, सीतल धीर समीर। ताकहं बहु सनमान कर, परिरंभन बल बीर ॥२॥ पुनः छंद गीतका। अग, अनिल मारुत वायु पृषदश्व अमीरन नभस्वान। पगमरुत जवन समीर परिमल सदागति पवमान। हरि बात आसुगमा तरि स्वाः धनंजय जगप्रान। पुनि पवन अस्पर्शनस्व शनयुत गंध वाह बखांन। दो०। नाम पंचविंशत सकल, सहित प्रभंजन होय। घट बिंधत कालगीतका, कहत कवि सब कोय ॥१॥ दो०। काह कहां काह पवन धन, काह कहिये पुनि धाम॥ काह छित मंझार उपजे, भजे न सुंदरस्याम ॥१॥

पवनकुमार. [स] हनुमान, भीम। पवनपूत, पवनतनय।

पवमान. [स] पवन, बायु।

पवार (ह) मारणा, छोड़ना।

पवारे, पबारे [ह] डारि, छाड़े मारे, फेंके, पबारना, फेंकना

पवि, पवी. [स] कुलिश, वज्र, हीरा।

पविटाङ्की. [स] हीरामणि।

पवित्र. [स] शुद्ध, निर्मल, पापहीन, पाक, साफ।

पवित्रता. (स) शुद्धता, शुचाई।

पवित्रा. (स) यज्ञोपवीत, कुश।

पवित्री. (स) पहूंठी विशेष।

पशु. (स) जन्तु, चौपाया, चतुष्पद।

पशुपति. [स] महादेव।

पशुमार. (प) मुख बांधि कै मारना।

पशुमेहनकारिका. (स) चनसुर।

पश्चात्. (स पीछे. पछाड़ की ओर।

पश्चात्ताप. (स) संताप, शोक, पछतावा, अफ़सोस।

पश्य. (स) देख तू।

पश्यति. (स) देखता है एक।

पश्यन्ति. (स) देखते हैं सब।

पश्यामि. (स) देखता हौं, हम एक, मैं देखता हूं।

पषावज. [द] मृदंग।

पषारे. (द) प्रक्षालन, धोये, पषारना, धोना।

पषवारा. (द) पक्ष, पन्द्रहदिन।

पश्चिम. [स] प्रतिचीदिक, जिधर सूर्य अस्त होता है पीछे मगरिब। [मुनार

पश्यतोहर. [स] गठकटा,

पषाण. [स] पत्थर, शिला।

पसाउ. पसाउ. [प] कृपा, दया, प्रसन्नता, अनुग्रह, प्रसाद।

पसेव. [प] पसेना, स्वेद।

पह. [प] समीप, ओर, सवेर।

पहफटना. पौफटना, मु. भोर होना, तड़का होना, रोशनी फैलना, दिन निकलना।

पहरा देना. मु. जागता रहना, चौकस रहना, चौकी देना. रखवारी करना।

पहनाई.} [प] मिजमानी
पहुनई } मेहमानी।

पहरे में डालना. मु. हवालात में रखना, पहरए को सौंपना। [में रखना।

पहरे में पड़ना मु. हवालात

पहराव. [प] भूषणादि शृङ्गार वा वस्त्र।

पहिका. [स] पयठानी मोथ।

पहेली [द] संस्कृत में प्रहेलि अथवा का पहेली का, पर बहुत हेल वा हेड् अनादर करना। अर्थात् हटकूट, बूझबुझव्वल, गूढ़प्रश्न, श्लेष, बूझव्वल, मुकरी, फलबुझौवल। मेरी राय

से मुकरी, श्लेष, कलबुझव्वल में अंतर है। यथा पहेली—बढ़े घटे पर चन्द्र नहिं, श्यामवरण हरि नाहिं। चरण संहारे ईश नहिं, विहरै गुणि जन माहिं ॥१॥ [रबर] जो पावै तो करि अचेत। बैठत ही कांधर करि देत ॥ उठे देत सब को बहु पीरा। जाय दुखी करि बूझहु धीरा ॥२॥ [आंख] एक तमाशा देखा प्रात। नाच उलट के घोड़ा खात ॥३॥ (चना) आदि कटे मैला हो जाय। मध्य कटे वह सबै सोहाय ॥ अंत कटे थोड़ा ह्वै जाय। पण्डित ताकर नाम बताय ॥२॥ [कमल] एक चुड़ैल घर घर रहै, जाहि लखे डर लाग। हड्डी को रस चूसि कै, मुंह से उगिले आग ५ ॥ [दियासलाई] फेर फेर चितवै तेहि ओर। लाग धरम सब डारी तोर ॥ वाके बिनु सब दिशा भुलाय। मुई शोच पण्डित पछिताय ॥ ६ ॥ [कुम्बक की सूई] आगे पीछे चलैं नहिं, दुइ मूड़ा अहि होय। खाय अंगार चकोर नहिं, बिरला बूझै कोय ॥ ७ ॥ [रेलगाड़ी] और श्लेष [श्लिष् मिलना] मिलाव, संयोग, एक अलंकार जिस में एक शब्द के बहुत अर्थ होते हैं, "जैसे कीकर पाकर तार, जामन, फलसा आमला। सेव कदम कचनार, पीपल रत्ती तून तज ॥१॥" इस में बहुत से पेड़ों के नाम अर्थात् कीकर पाकर तार जामन फलसा आमिला सेव कदम कचनार पीपल रत्ती तून तज दिखाई देते हैं पर इस का अर्थ यह है कि परमेश्वर ने तुझ पर कृपा की कि जिस

को तू चाहती थी सो हो आमिला, सो हे कची स्त्री अब उस के पैरों को तू सेवा कर और अब तेरे प्यारे को एक पल भर भी मत छोड़। और मुकरी वा मुकुरी मुकरना से बना है जिस का अर्थ इनकार करना, नटना, नकारना है और एक तरह का छोटा छंद जो ब्रजभाषा में बहुत आता है और उस में चार पद चौपाई की तरह होते हैं उस में पहले तीन पदों से ऐसा जाना जाता है कि बोलनेवाली स्त्री अपने प्रीतम की बात करती है पर चौथे पद में वह स्त्री अपनी सखी से पूछती है क्यों सखी सज्जन हुआ उस पर वह सखी मुकरती है और किसी दूसरी चीज़ (वस्तु) को बताती है। जैसे "बा बिन चित्त चहूंदिसि डोले। चातक ज्यों पुनि पियपिय बोले॥ भले होय आवे नहिं गेह। क्यों सखि सज्जन ना सखि मेह॥" और फल-बूझौवल, एक खेल का नाम है जिस को मनकेला भी कहते हैं जैसे, मन में कोई अंक मान लो फिर उस को दूना करो और उस में दस जोड़ दो फिर उस में से पांच निकाल लो तो बाक़ी कितना रहा? इक्कीस तो वह अंक आठ है इत्यादि।

पक्षपात· [स] तरफ़दारी, ख़ातिरदारी।

पक्षिन्· (स) पखेरू।

पक्षी· (स) परवालेजन्तु, परिन्दे। दो०। द्विज सकुंत पंछी सकुन, अंडज विहग विहंग। द्विज सुपक्ष पक्ष रथ, पक्षी पतग पतंग॥१॥ नटत विहंग अनंग भरि, कोमल अंत सुजात।

तुम आगम आनंद जन, करतपरस्परबात॥ २ छंद धत्ता॥ अंडज द्विज पक्षी शकुन पतत्री खगशकुंति नभ संगमा॥ बीपची तुं· गावाजि विहंग। विष्किर विहंग विहंगमा। पुनि वयस् पत्ररथ पतग गगग पथ गवत मान औ खे· चरं॥ यह छंद सुधत्ता इकत्तिस मत्ता बिकरनाम तेइस करं॥१॥

पक्ष्मन्· (स) पलक।

पक्ष्यण्ड· (स) पक्षयों का अंडा।

पाइक. (स) पियादा, मल्ल।

पा. (फ़) पगु, चरण।

पांडुक्ष. (स) लालधान।

पांवर (द) अधम, नीचा

पांशु· (स) धूरि, धूली।

पांशुपर्य्याय (स) धनपापर

पांशुलवन (स) रेहमिट्टी।

पांहि· (प) समीप, निकट।

पाक· (स) रसोई, जीर्ण, पक्का, असुर, एक असुर का नाम। पाक (स) काला नोन १ सोचर नोन २।

पाकी (द) परिपक्क।

पाकरिपु· (स) इन्द्र, स्वर्गपति, असुरदुष्ट। चौ॰ काक स· मान पाकरिपु रीति। छली मलीन कतहुं न प्रतीती॥ अर्थात् कौवा के समान पा· कनामा राक्षस का अरि जो इन्द्र ताकी रीति है छली मलीनता औ कतहूं प्रीति नाही भाव राम भ· क्तन पर सब प्रीति करत तहंज स्वारथ देषत हैं।

पाकचार· (स) यवाचार।

पाख· (प) पक्ष, पंख, पन्द्रह १५ दिन को।

पाखंड· (स) दंभ, डिम्भ।

पागे· (प) साने, सोने, पागना।

पाञ्च· (स) संख्यावाचक, पंच दो और तीन, इन्द्र धनुष, पंच। चौ॰ सोइ बात सब बिधिहि बनाई। प्रजा पांच मत भवहु

सहाई ॥ प्रजा पांच अर्थात् पंचायत सो अब क्या बाकी रहा है जिस में तुम मेरी सहाय करोगे ॥ पुनः चौ० तुम्ह पै पांच मोर भलमानी। आयेसु आसिख देहु सुबानी ॥ अर्थात् तुम पंच पै हमार हित मानि के अर्थात् बिरोध न मानि के। पुनः चौ० जो पांचहि मत लागै नीका। करहु हरषि हिय रामहि टीका ॥ अर्थात् पांचहि पंचों की। जो तुम पंचन की यह मत सोहाय तो हृदय हर्षित करि रघुनाथ को टीका करहु। पांच सात मिल कीजे काज। बुरे भले नहीं आवे लाज ॥

पाखाली· (स) पोपल।

पाट· (स) (प) रेशम, पटुवा, सन, चौड़ाई।

पाटमहिषी· (स) पाटराणी, बिवाहीराणी।

पाटल· (स) वृक्षविशेष, गुलाब, देशतक, केवल फुलत अरु फलतनहि, पाणरि। दो० पाली पटनी फलनहा, बामा स्यामा नाम। अंबस्थ मधुलीयसे, पाटल करत प्रनाम। [वृक्ष।

पाटला· (स) लता· लाली· पांडर

पाटलावली (सं) साठी धान।

पाटलासिता (स) कठपांड़र।

पाटलि· (स) गुलाबीरङ्ग· गुलाब·।

पाटली· (स) कठपांडर वृक्ष। कठपांडर।

पाटलिपुत्र· (स) पटनानगर।

पाटीर· (स) मलय· चन्दन· मूली।

पाटे· (प) भरी दीन्ह· भरे· अरदेना, भरदिया, पाटना।

पाठीन (स) पहिना, पाठिना मच्छी। [पढ़ना।

पाठ· (स) पढन, अध्याय· सन्धा,

पाठक· (स) पढ़ानेहारा· अध्यापक· पढ़ानेवाला।

पाठन· (स) नाशक· नाश पढ़ाना, पढ़ावना।

पाठा· पाठिका· (स) पाठी।

पाठिघातिनी· (स) कुपिंदरताश।

पहाड़ सीरातें· मु० लंबीरातें, बड़ी रातें, दुख की रातें।

पांवउठाना वा चलाना, मु० झटझट चलना, जल्दी जल्दी चलना।

पांवउतारना, मु० पांव का जोड़ टलना, पांव गांठ से उखारना।

पांवकांपना या थरथराना, मु० किसी काम के करने से डरना।

पांवकिसी का उखाड़ना, मु० किसी को किसी काम पर जमने नहीं देना।

पांवकिसी का गले में डालना, मु० किसी मनुष्य को उसी की बातें में अथवा तर्क से दोषी अथवा अपराधी ठहराना।

पांवचल जाना· मु० डगमगाना, अस्थिर होना।

पांवजमाना· मु० दृढ़ होके ठहरना, मज़बूती से ठहरना।

पांव ज़मीन पर न ठहरना· मु० बहुत प्रसन्न होना, बहुत खुश होना, बहुत घमंड करना।

पांवसारा· मु० घबराहट, व्याकुलता, झंझट, जंजाल, सीधा अर्थ से बाहर।

पांवडालना· मु० किसी बड़े काम के करने के लिये तैयार होना, और उस को शुरू करना।

पांवडिगना, मु० फिसलना, खिसकना, रपटना, किसी काम से हिम्मत न हार जाना।

पांवतलेमलना, मु० किसी को दुख देना, खिजाना, सताना, पीड़ा देना, खराब करना।

पांवतोड़ना, मु० किसी के मिलने से हाथ रखना, किसी मनुष्य से मिलने के लिये कई बार जाना, थक जाना।

पांवधोधोपीना, मु० बहुत

मानना, किसी का बहुत विश्वास करना, बहुत खुशामद करना।

पांवनिकालना, मु० अपनी मर्यादा अथवा हद से बढ़ जाना, किसी बड़े काम के करनेसे फिरना, किसी अपराध के करने में मुखिया होना।

पांवपकड़ना, मु० गरीबी अथवा अधीनी से बिनती करना, किसी को जाने से रोकना, अधीन होना, शरणलेना।

पांवपड़ना, मु० घिघियाना, गिड़गिड़ाना, गरीबी से बिनती करना, खुशामद करना।

पांवपरपांवरखना, मु० दूसरे मनुष्य का चाल चलन गहना, अथवा लेलेना, दूसरे की चाल चलना, ऐशफैल बैठना, आराम से बैठना, एक पैर को दूसरे पैर पर रख कर बैठना, बड़ी तक़ाज़ा करना।

पांवपांव, पांवोंपांवों, मु० पैदल, पियादेपा, पैरों।

पांवपीटना, मु० अधीरता से पांव पटकना, वृथा कोशिश करना।

पांवपूजना, मु० किसीको बड़ा जानना, किसी से बचना, अलग रहना, दूर रहना।

पांवफूंकफूंकरखना, मु० हर एक काम को सावधानी से करना, सम्हल कर काम करना।

पांवफैलाकर सोना, मु० सुखी रहना, चैन से रहना, बचाव से रहना, बेखटके रहना, निडर रहना।

पांव फैलाना, मु० हठकरना, अड़ना।

पांवभरजाना, मु० पांव ठिठिरना, पांव सो जाना।

पांवरगड़ना, मु० वृथा और मूर्खता से भटकना, फिरना, वृथाश्रकर खाना, मरने के

दुख में होना।

पांवलगना· मु० प्रणामकरना, नमस्कारकरना।

पांवसेपांवबांधना· मु० किसी के पास बराबर बैठा रहना, अथवा किसी की खूब रखवाली करना।

पांवसेपांवभिड़ाना· मु० पास होना। [जाना।

पांवसोना· मु० पांव सुन हो

दबेपांवआना· मु० धीरे से आना।

पाठीन· (स) सहस्रदन्त का मीन, बोआरी मछली, रेहू पढ़िना, बोआरीमीन।

पाठी. [स] चीता।

पाठशाला· [स] पठनस्थान, स्कूल, मदरसा, चटसाला।

पाण· (स) ताम्बूल, वस्त्र की मांड़ी। [दूकान।

पाणि· (स) हस्त, कर, हाथ।

पाणिग्रहण· (स) ब्याह, विवाह। दोहा॥ कर पीड़न पानी ग्रहन, अग्रहविहित विवाह। लौतिज परिभव नहिं कहूं दुख देती अनिनाह॥

पाणिनी [स] मुनीविशेष, व्याकरण सूत्रों का बनाने वाले। [फीका।

पाण्डर· (स) पीला, सीठा,

पाण्डव· (स) युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव, पाण्डु राजा के पुत्र। अर्जुन—दोहा। अर्जुन द्रुम अर्जुन धवल, सहसा अर्जुन तत्थ॥ अर्जुन बहुरो पाण्डुसुत, हरि खेला जेहि सत्य॥२॥ पुनः दो०॥ नदी सर्जे अर्जुन ककुभ रिंद्र द्रूतरु बीर॥ तुम कहु देखि राधिका, जा बिनु हृदय अधीर॥१॥ पुनः— छंदीवेदी॥ गांडीवि दैत्यारी अर्जुन कीरीटी धनंजय कपिध्वज नरं स्वेत बाजी॥ कौंतेय फाल्गुण गुडाकेश जिष्णु हर्षसेन पार्थ तथा शव्य साची॥ जो कार्मुकी

मध्य पांडव विजैरथ बि·
डौजातनै पार्थ कौ शब्द
भेदी ॥ औ कर्णसुकौ स-
हित नाम बाइस कला-
लीसभव येकह्यो छंद वेदी
॥१॥ दोहा। अग्निधनंजय
कहत कवि, पवन धनंजय
आहि ॥ अर्जुन बहुरि धनं·
जय, कृष्ण सारथी जाहि ॥१

पाण्डरी· (स) पादुका।

पाण्डित्य· (स) पण्डिताई, विद्या,
पण्डितहोना।

पाण्डु· (स) पीला, पंडुक प·
च्छी, हरफा रेवडी फल।

पाण्डुच्छाया· (वि· सिन्धुः) पी-
की छविवाली।

पांडुच्छायोपवनवृत:, (विद
शार्णाः) पीली है बागों की
सीमा जिन की।]

पांडुता· (स) पीलापन।

पांडुपण्ड ु· (स) लाल धान।

पाण्डुद्रुम· (स) कौरैया।

पाण्डुपुत्री· (स) रेनुका।

पांडुर· (स) उज्ज्वल, शुक्ल।

पांडुलोमसपर्णी· (स) मनहरिद।

पात· (स) पतन, नाश, गिरना।

पातक· (स) पाप, दोष, अप·
राध।

पातकी· (स) पापी, राक्षस,
अधर्मी, दोषी।

पातिन्· (स) गिरनेवाला।

पातञ्जल· (स) योगशास्त्र, पा-
तंजल मुनिप्रणीत। [री।

पातालगडुरी· (स) पाताल गडु·

पाताल· (स) नीचे का लोक।

पातु· (स) रक्षा करो।

पातुम· (स) पीने को।

पातो· (प) चिट्ठी, पत्री।

पात्र· (स) बरतन, बासन, आ·
धार, योग्य, भाजन।

पाथ, पाथी· (स· द) जल,
पानी, नीर।

पाथक· (स) बाट, राह।

पाथकी· (स) बटोही, राही।

पाथा· (स· द) जल।

पाथर· (स) पाषाण, पत्थर।
दोहा ॥ उपल अश्मपाहन
शिला, ग्रावदृषत पाखान ॥

प्रस्तर घना अवातु दृश, पाथर नाम बखान ॥१॥ पुनः—दोहा ॥ ग्रावो अश्म पत्थर उपल, पुनि पाषान अति भार। पानी पर पाहन तरे, जाके नाम अधार ॥१॥

पाथेय· (स) मार्ग्ग का सम्बल, कुलषा, तोसा, मार्ग में खाने की सामग्री।

पाथेयवत्· (स) जिसके पास है मार्गमें खाने की सामग्री।

पाथोज· (स) कमल, पंकजादि।

पाथोद· (स) मेघ, बादल।

पाथोधि· (स) जलसमुद्र।

पात्र· (स) योग्य, भाजन, वर्तन।

पाद· (स) चरण, पांव, किरण, श्लोक का एक चरण, श्लोक का चौथाई भाग, चौथा भाग।

पादचार·(स)पांवों चलनेवाला।

पादचारी· (स) पदातिक, पाथिक, प्यादा, दौराहा।

पादत्राण·(स) पनही, खड़ांउ, जूता, मोजा। दो॰॥ पदभाग को पान पुनि, पादपृष्ठ उपभाय। पनहीं मनहीं भावती, पागे धरी सुभाय ॥१॥ [नाच में।

पादन्यास· (स) पैर रखना जैसे पादन्यासक्कणितरसनाः, (विवेश्याः) पांव रखने में बजती हैं तागड़ी जिन की।

पादप· (स) वृक्ष, पेड़। कर्णिकार, १ बेलिपापीपर २।

पादपीठ· (स) पीढ़ा, पदासन, खड़ांउं।

पादप्रहार· (स) लात, पदाघात। [एड़ी।

पादमूल· (स) गुल्फ, पार्ष्णि,

पादराग· (स) महावर।

पादार्पण·(स)पैर देना, प्रवेश।

पदासन·(स)पादपीठ, पदाधर।

पादिन· (स) जलजन्तु सींस घरियाल आदि।

पादी· (स) पयठानीलोध।

पादुका· पादुभाग· (स) पनही, वा खड़ांउं।

पादायुध· (स) मुर्गा, कुक्कट

दो०। ताम्रचूर चरनायुधा, अरुणसिखर तमचोर ॥ याम बादि कुक्कुटधुनि सुनि जागी हरि भोर ॥ १ ॥

पान. (स) पीयब, पीना, पत्ता, ताम्बूल, मद्यपान, शराब-पीना।

पानकी· (स) नागवेलीपुष्प।

पान तें· (स) पीने तें मद्यादि।

पानि· (स) पाणि, हाथ।

पानीय· (स) पानी, जल पीने के योग्य।

पानीयफल· (स) मखाना।

पाप· [स] अधर्म्म,गुनाह। दो० ऐन वचन दुःकृत दुरित अहमलीन सपंक। किल-बिष कल्मिष कलुषपुनि, कल्मस समल कलंक ॥ १ ॥ पापहार ज्यों नीर कर, रंचक जाको नाम। ताको तू कपटी कहत, कहा कहों तोहि बाम ॥ २ ॥

पापचेलिका (स) पाठो।

पापर, पापड़· [स पर्पट· पर्प-णाना] उरद वा मूंग की पतली रोटी की चीज़। वा पांव पर। काशिराम रसालदार भरतपुरवाले जो कविता में अपना नाम मनोहर रखते थे लिखते हैं। कवित। पापर कहत तोसों पूरी करि आस मेरी मोमन कचौरी धरैं धीर न धराये ते। तू है पकौरी तोसों बड़ी सीखताई अई पायो है कछुक सार मीतम पराये ते॥ कैसे रबड़ी है खोया सुकरन मनोहर मोहिं नाहीं मों दीसो कहा होत घबराये ते। कहत हैं सभोसे खलतो के सब बरा-बरी के गुपचुप रहो जी कहा बात न बनाये ते ॥ १ ॥

पापड़बेलना· मु० बहुत मिह-नतकरना, अथवा दुख सहना, उड़द वा मूंग को पापर बनाने केलिये

विचना।

पामर·(द) अधम, दुष्ट, नर पशु, अर्थात् देह तें नर, बुद्धि तें पशु, नीच, खल, दुर्जन, कमीगह।

पाम्वड़ा· पाम्वड़े· (प) दुलीचा, सतरंजी आदि पगुधारण का वस्त्र।

पानीकरना, मु॰ लजाना, अ- पाना, लज्जितकरना, स- हज करना, सुगम करना।

पानी का बुलबुला, मु॰ अस्थिर चंचल, यह मुहावरा अ- स्थिरता जतलाने के लिये बोला जाता है।

पानीदेना, मु॰ पितरों को जलदेना, तर्पणकरना।

पानी न मांगना, मु॰ तल- वार आदि के एक हो वार से तुरत मरजाना।

पानीपड़ना, मु॰ मेह बरसना पानी बरसना। [बरापना।

पानीपीपीकोसना, मु॰ बहुत

पानीभरना, मु॰ नीचाहोना, तुच्छहोना, निचाई को मानलेना, शरमाजाना, अधिनता करना।

पानीमरना, मु॰ सूखजाना, लजाना, लाजलगना, किसी बात का इशारा करना।

पानी में आगलगाना, मु॰ जो झगड़ा मिटगया हो उसको फिर उठाना वा अनीति करना, आश्चर्य करना।

पानी मे पतला करना, मु॰ ल- ज्जितकरना, लजाना, अ- पाना, तुच्छकरना।

पाम्वर·(स) नीच, मूढ़, नर- पशु, उभौचारी।

पाम्वरी· पांवरी· (स) पनही वा खड़ांउं।

पाय· (फ़) चरण, पग।

पायक· (फ़·) दौराहा, कासिद।

पायन· (प) पगु, चरण।

पायनगिर· (प) पगुपकरि।

पायोधि· (स) समुद्र।

पायस· (स) खीर।

पारखी· (स) मही का मित्र।

चौ० । तब मज्जन करि रघुकुलनाथा । पूजि पारथी नायउ माथा ॥ अर्थात् रामचन्द्र ने महादेव का पूजन किया इस लिये कि शिवपूजा से अनेक विघ्न मिट जाते हैं अथवा शंकर जी रावण के इष्ट हैं उन को प्रसन्न करने के लिये पूजन किया अथवा मार्ग में पारथी के सिवाय मिल क्या सकता है अथवा पथ में पारथी रक्षा करेंगे ।

पारकरना· सु० पार उतारना, नांघना, पूरा करना, कोई काम पार उतारना, निबाहना, छेदना, बंधना, फोरना ।

पारद· (स) पारा, पारा धातु ।

पारषद· (स) दूत, सन्देशी, सेवक ।

पारस· (स) स्पर्श, मणि पत्थर ।

पारसीक वपा [स] खुरासानी वच ।

पारसीकजवानिका· (स) खुरासानी अजवाइन । [सकना ।

पारहिं [दे] सकते हैं, पारना,

पारा· (स· दे· प·) पारदरस, धातुविशेष, समर्थ, पार, गिराया, पारना चौ० । कौशिल्या अब कहा बिगारा । तुम्ह जेहि लागि बज्र पुर पारा ॥ अर्थात् बज्र पुर पारा अयोध्या में बज्र गिरा दिया ।

पारावत· [स] कबूतरपक्षी, परेवा, कबूतर ।

पारावतपदी· [स] मालकौनी, काकजंघा ।

पारावार· [स] समुद्र, नदी के दोतट ।

पारिजात· [स] सुरद्रुम, पातालचौर, मुंगाहक्ष ।

पारिपन्थि· [स] डकैत, बटवार

पारिपाच· (स) नौका का पतवाल, वा पर्व्वतभेद ।

पारिभद्र· (स) नीम ।

पारिभव्य· [स] कूट ।

पारितोषिक· [स] दक्षिणा,

हृताश, प्रसन्न करनेवाला।

पारिषद (स) सहचर, दिखवैया दूत।

पारिस [स]
पारिच } परासपीपर।

पारो [प, द] डारी, बारी, पाली अवसर, फेंकी, पारना, फेंकना भेंस का बच्चा।

पार्थ [स] अर्जुनपाण्डव।

पार्थिव } [स] मूर्त्तिठाकुर,
पारथिव } शिव, राजा, पृथ्वी का, मट्टी का।

पार्व्वती. पार्वती. [स] शिवकी नारी, दुर्गा का एक नाम, तीसी।

पार्श्व [स] समीप, पांजर, बगल, पास, करोट।

पार्श्वक [स] परासपीपर।

पार्षद (स) सेवक, दास, टहलु।

पालक (स) रक्षक, भाजी पालङ्ग। [बलराम।

पालकश्याम (स) बलभद्र,

पालङ्ग।(स) पलाकीसाग।

पालन (स) पोषण, रक्षण, मानन, रक्षा, हिफाजत।

पालव (स) डार, पत्ता, शाखा, पल्लव।

पाले (स) अधीन।

पालेपड़ना मु० दूसरे के बस में आजाना, जैसे, चौ० आज करउं खल काल हवाले। परेउ कठिन रावन केपाले (मानसरामचरित)

पालनीय (स) पालनयोग्य, पालन।

पालिन्दी (स) पनिलत।

पावरी (स) दोहा ॥ सखी रानटीनध धयरि, कपोतोन्द्री परवाल। तुम अधरन सम कहत कबि, एन हिं मृदुल रसाल॥

पाल्वलम्भ: (स) भरने के पानी के रहने की जगह।

पावक (स) अग्नि, परिस्कारक, आग, छंद रूपघनाक्षरी॥ वायुसखा जात वेद लोहित च हवा कपि आशु शुचपि समाधि

स्वाहापति चित्रभानु ॥
वीति होत्र वैश्वानर पावक
हिरण्य रेत ज्वाला जीतनु
निपात समीगर्भ कृशानु ॥
कृष्ण वर्त्मा सप्त धनंजय
लपीट योनि बर्हि शुक्र
शिखी भास्व पास शिखा-
वान ॥ शोचि केशउषर्बुध
हव्यवाहनं शुची हुता-
शनं विभावसु भन्नो सुख
मा कृशान ॥१॥ दोहा—
सुवर्ण दमन हुत भुक धन-
स, दहन नाम चालीस ॥
रूप घनाक्षरी नेम बिनु,
गुरु लघु वर्ण बतीस ॥१।

पांवड़े (स) बिछौना, पांव रखने का वस्त्र।

पावन (स प) पवित्र, स्वच्छ, जल पावे नहीं। [मन्द।

पावर (द) पामर, नीच, मूढ़,

पांवरी (स) पादुका, खड़ाऊं।

पावन्ती (स) नदी, सरिता।

पावस (द) वर्षाऋतु, वर्षा काल।

पाश (स) बन्धन, डोरी, पासा, फांसी, फन्दा, ओर, तरफ, फांसड़ी, जाल, जूड़ा, (जैसे केशपाश बालों का जूड़ा)

पाशी (स) बधिक, व्याधा।

पाशुपत (स) बड़ा मौलसरी।

पाशुल (स) कावापच्छी।

पाष (प) पच्छ १५ दिन।

पाषाण (स) पत्थर, शिला, प्रसंग, अश्म, प्रस्तर, पत्थर।

पाषाणभेद (स) हत्याजोड़ी।

पास (स. फ़) जल, नीर, निगाह, समीप, पाश।

पासपति (स) वरुणदेवता, पाथर।

पास्यसि, (स) पिचेगा तू।

पाहन (स) पत्थर, पाषाण।

पाहरूप्रतीती (द) विश्वास वाले चौकीदार, विश्वासी, पाहरू।

पाहि (स) रक्षा करो, बाहि-

पांही (प) पास, निकट।

पाहुन (प) अतिथि, अभ्यागत।

पाह (प) व्यक्ति, जन।

पि· (स) पानकर्त्ता, पान इच्छित।

पिक· (स) कोईलपक्षी, परभृत कोकिल, चातिक, "दो॰ पिक सुकंठ चातिक चकोरी, दातप काल सारंग॥ बैन सुधा सम सुनत मन, जुगल किशोर उमंग॥१। परभृत कालरव रक्तदृग, पिक धनि जहं रस पुंज। जनु पिय अहित निरख तोहि, टेरत बलि बलि कुंज॥१॥" मानसरामचरित्र में लिखा है दो॰। छय गये कोटिक केलिमृग, पुरपशु चातक मोर। पिक रथांग सुक सारिका, सारस हंस चकोर॥१॥ अर्थात् केलि पाले हुए, पुर पशु श्वान आदि, पिक कोकिल, रथांग चकवा, शुक सुआ, शारिका मैना।

पिकबन्धु· (स) आमवृक्ष।

पिकबैनी· (स) कोकिला किसी वाणी।

पिकराग, (स) पिकसमूह,

पिकवल्लभ· (स) आम।

पिङ्ग· (स) स्वर्णवर्ण, पीतवर्ण, कपिल।

पिङ्गल· (स) स्वर्णवर्ण, सूर्य का मोसाहिब, पीत, भौंरा, पीला, शास्त्रविशेष।

पिङ्गला· (स) पीतल।

पिङ्गूरा· (स) हिंडोला, झूला।

पिण्डर· (स) पनारस्त।

पिण्डक· (स) पीना।

पिचट· (स) खुरारोग।

पिचुमन्द· (स) नीमवृक्ष।

पिचुमर्द· (स) नीम।

पिच्छलबीजक· (स) कमरख

पिच्छला· (स) शीशम जंगली।

पिच्छ पिच्छाग्राम·
पिच्छालशणी· } (स) मोचर

पिच्छिल: (स) बहुचार।

पिञ्जर· (स) पञ्जर, पक्षी भवन, झूरा।

पिटङ्खिङ्कु· (स) कंगपक्षी।

पिण्ड· (स) देह, तन, गोलवस्तु।

पिण्डल (स) लोदा।

पिण्डखर्जूरिका (स) मुलेमानी छोहारा।
पिण्डतगर (स) स्याहतगर।
पिण्डपुष्प (स) अशोकवृक्ष।
पिण्डर (स) पिंडार। [ताल।
पिण्डहरताल (स) हड़ही हर·
पिण्डालुक (स) गोलसुथनी।
पिण्डी (स) मयनकन्त।
पिण्डीतक (स) मयनफल।
पिण्डछुड़ाना, मु० बचना, भागना, पीछा छुड़ाना, टलना।
पित्तानिकालना मु० दंडदेना, ताड़नाकरना, सजादेना।
पित्तामरना, मु० क्रोधघटना, क्रोध ठंडापड़ना।
पिता पितृ, (स) बाप, मन, ब्रह्मा तात, गुरु, रक्षक, दीक्षा। गुरु नृप गुरु माता पिता, गुरु प्रोहित गुरु छंद। अच्छर गुरु दोरीष कहैं, सब के गुरु गोविन्द ॥ १ ॥ पुनः तात कैतको शब्द दो०। तात पिताप्रभु भ्रात कहि, तात पुत्र कहं जान ॥ फूल चन्द्र रथ काम रस, पद्म केतको नाम ॥२॥ गुरुजन संबोध नाम। छंदहरिमुख। हरि मुख पे बंसुरी पियूषधारी॥ रजनि निशीथ जिठानी जागभारी। मदनमथै बिनु देख स्यामवर्णी॥ नगन खगान जगान गंध करयो ॥१॥ पिता नाम। दो०। तात जनक सुजिता पिता, बाबा तो गुन धाम। तोहि पहिले नंदलाल को, देत हुतो है गाम।
पितामह (स०) दादा, बाजा, पिता का पिता।
पितामही (स०) दादी, आजी।
पितृपति (स) धर्मराज।
पितृव्य (स) चाचा, पितिया, ताऊ। [हिन।
पितृस्वसा (स) फुफी, पितृव·
पितृप्रसू (स) सायंकाल, सांझ।
पित्त (स) शरीरस्थ धातु विशेष, सफ़रा।

पित्तल· (स) पीतल धातुविशेष, पीतल, पीतर।

पित्वा· (स) पीके, पानकरि, पान किया।

पिनाक· (स) शिवधनुष, त्रिशूल, धन्वा, धनुष, कमान, महादेव का धनुष।

पिनाहिक· (स) मन्त्रविशेष। पुत्रदायक।

पिपासा· (स) तृषा, प्यास।

पिपीलिका· (स) च्युंटी, चिपरी।

पिप्पल· पिप्पली· (स) पीपर, पीपल, पीपल का वृक्ष।

पिप्पलीमूल· (स) पिप्पलामूल।

पिय· (स) स्वामी, प्रेमी, प्यारा, प्रीतम। दो०। इहता दंपति ईस पुनि, प्रियभर्तारि सुहोय। पिय की तो सी वल्लभा, श्रौर न देखी कोय ॥१॥

पियवल्लरि· (स) राजवेलीपुष्प।

पिया· (प) पति, स्वामी, प्यारा।

पियाल· (स) चिरौंजी, चिरंजी, फलविशेष।

पिरीतैं· (स) प्रीत, प्रीतम, प्रीतियुत।

पिरोजा· (फ़) नाम पत्थर रक्तवर्ण, फ़ीरोजामणि, जंगाली रंग का मणि।

पिशुन· पिशु· (स) दुष्ट, बैरी, निन्दक, चुगुल, चुगल दिखानेवाला, केसर।

पिष्टिका· (स) हरिद्र श्रादि की पीसी हुई पीठी।

पिसित· (स) मांस। शेष।

पिशाच (स) राक्षस, जाति वि-

पिसाच (द) राक्षस, बैताल।

पीठ के पीछे डालना· मु० बचाना, पक्षकरना, रक्षा करना। [लेना।

पीठ की पीछेपड़ना· मु० शरण

पीठठोकना· मु० ढाढ़स देना, साहसदेना, हिम्मतबांधना।

पीठदेना, मु० भागजाना, फिरना, हटना, ठलना, अप्रसन्न होकर फिरजाना।

पीठपरहाथ फेरना· मु० पीठ थपथपाना, शाबाशी देना,

ढाढ़स देना।

पीठफिरना सु॰ चलाजाना, भागना, हटना।

पीठलगना सु॰ पीठ पर घाव होना, (जैसे घोड़ों के) घोड़े पर चढ़ना।

पीछाकरना सु॰ खदेरना, रगेदना, पीछे पीछे जाना।

पीछाफिरना सु॰ लौटादेना, पीछादेदेना, फेरलेना।

पीछेछोड़ना सु॰ पीछे छोड़ना, आगे निकलजाना, आगे बढ़जाना।

पीछेपड़ना सु॰ पीछे दौड़ना, दबाना, बारबार मांगना, सताना, छेड़ना, खिझाना, दुख देना, पीछे रहजाना।

पीछेलगना सु॰ पीछेजाना, साथहोना, साथलगना, लगारहना।

पीजाना सु॰ पानी पीलेना, सोखना, क्रोध को पीजा मारना, चुपरहना, उत्तर देने से रुकना।

पी (प) स्वामी, पति, प्रिय।

पीठ {स / प} पत्थरी जाको आदर्श नाम, सूर्यमणि, आसन, पीढ़ा, दैत्य विशेष, पिछाड़ी।

पीठक (स) पीढ़ा, बैठकी काष्ठकी।

पीड़न (स) विवाहयज्ञ।

पीड़येत् ( ) दुख देता है।

पीड़ा (स) कष्ट, क्लेश, दुख। दोहा। बाधा बिथुरा बिथारुज, पीड़ा अघि गलात। अर्जुन परसत पीर बलि, किन सिखई यह बात॥ १॥ दुःख वा दारुण नाम छंद सिंहनी॥ स्यामबिना बज गोपीगण कष्ट कुच बेदन दुख भीरा॥ बाधा बिथा ब्रजन शंकट पेद कलेश कलाकुल पीरा॥ उग्र घोर दारुण उल्वण टेरि टेरि रसनावश थाको बन बन ढूंढ़ि खोजि

खोजि छंद सिंहनी तीस कला को ॥ १ ॥ दोहा। खोजत हरिहि ब्रजांगना, सखी बाम इक आय॥ कल्पलता जनु स्वर्ग ते, धरणि परी मुरझाय ॥१॥ छंद सारवती ॥ कौन दशा तव प्राणप्रिया ॥ सीघ्र कही घबरात हिया ॥ काह भई कवि देववती ॥ तीन भगानग सारवती ॥ ६ ॥

पीड़ित (स) कष्टी, कलेशमान।

पीत (स) पीला, कांकुष्ट, ज़र्द।

पीतक (स) बबूर, कसर, किंकिरात।

पीतचन्दन (स) पीत चन्दन।

पीतदारु पीतद्रु (स) दारुहलदी।

पीतन (स) अमड़ा।

पीतपुष्प (स) भुरा कोंहडा, झोंगी। [टिंडपा।

पीतपुष्पा (स) खेकसा, सहे-

पीतफल (स) सिहोड़ा।

पीतफेण (स) रीठा।

पीतभद्रक (स) किङ्किरात।

पीतरक्त (स) गोमेदमनि।

पीतरोहणी (स) गम्भार।

पीतबीज (स) मेथी।

पीतवृक्ष (स) सरल।

पीतसालक (स) पासन।

पीता (स) हरिद्रा, हल्दी, दारुहल्दी, दाख।

पीन पीवर (स) पुष्ट, मोटा, गाढ़ा, स्थूल, तुन्देला, गोदधि।

पीनस्कन्ध (स) भैंसा।

पीपर (स.प) सामान्यवृक्ष, वृक्ष भेद। औषधि। दो०। कोखा कृष्णा माधवी, तिगम तुण्डला होत। बैदेही स्यामा कना, मुंठी कहिये सोय।१। यह पीपर बलि तुंगहन, कहत बहुत परकार। अचते इतनी करि कुंवरि, प्रीतम प्रान अधार॥२॥ दो०। चलदल पीपर गज असन, बोध वृच्छ अस्वत्थ। पीपर देखलु दाहिनो, जोरि हाथ हितमत्थ ॥ ३ ॥ पुनः ॥ हे

चलदल अश्वत्थ है, धर्म ग-
जाशन बोध । है पिप्पल
कित लाङली, कीजै मो-
हि प्रबोध ॥१॥

पीपरि· (स) लघुपीपलि। [पा।

पीयमान· (स) पीया जाता हु-

पीयूष· (स) अमृत, जल, दूध.
घृत, ।

पीलु· (स) अखरोट । [हार।

पीलुपर्णी (स) कुंदरू, चुरन·

पीवर· (स) जातिविशेष. पुष्ट,
मोटा। [सतावर

पीवरी· (स) सरिवन, पक्षांडी

पुं· (स) पुरुष, नर, पुमान ।

पुंल्लिङ्ग, (स) पुरुषचिन्ह, पुरु
षत्व। [रिणी।

पुंश्चली, (स) वेश्या, व्यभिचा-

पुंम् (स) नर अर्थात् स्त्री नहीं।

पुङ्गी· (स) सोपारी।

पुङ्ग· पुङ्गफल· } (स) सुपारी,
पुङ्गीफल· } कसेली, सोपा-
री । दोहा। ॥ बींटा क्रमुक
गुवापुनि, पूगसुपारी चा·
हि । बारबार इमि कहत
बलि, रंचक यहि तन चा-
हि ॥१॥

पुङ्गव· (स) प्रवीण, श्रेष्ट, बड़ा।

पुच्छ· (स) पूंछ, लांगूल दुम्बा
भेड़ा। [समूह।

पुञ्ज· (स) ढेरी, राशि, थोक,

पुट· (स) पात्र, मिलाव, द्रव·
धारक, घुलाव, दोना, ढां·
कने की वस्तु. हत्त की गई
कोपलों का ढांकनेवाला
पत्ता। [गांठ, पुलिन्दा।

पुटी· (स) दोनापात्र, पुड़िया,

पुण्ड्रक· (स) माधवी फूल।

पुण्डरीक· (स) लालधान, सु-
फेद कमल।

पुण्डरियक· (स) कुमुदक।

पुण्डरी· (स) सिंहवनचर।

पुण्डरीक· (स) नागविशेष ।
कमल, दोहा ॥ पुण्डरीक
सायक कहत, पुण्डरीक
आकास ॥ पुण्डरीक हरि
कमल जहं, तहां कमल
को वस ॥ १ ॥

पुण्य· (स) सुकृतकर्म्म, कीर्त्ति,

धर्म्म, पवित्र, अच्छा काम, सुन्दर।

पुण्यजन· (स) राक्षस, सुकृतिजन, पुण्यमान। [खड़ारी।

पुण्यजनेश्वर· (स) कुवेर, सुरभ-

पुण्यप्रतीची, (स) गली, कूचा।

पुण्यभूमि· (स) आर्य्यावर्त्त, अन्तर्वेद।

पुण्यश्लोक· (स) उत्तमश्लोक, नारायण, भागमान।

पुण्यात्मा· (स) दाता, पुण्यवान, पवित्र। [मा।

पुत्तलिका· (स) पुतली, प्रति·

पुत्र· (स) पुत् एक नरक का नाम है बचाना, जो पुत् नाम नरक से अपने बाप को बचावे। सन्तान, लड़का, बेटा, पवित्रकारी, आतमज। दोहा॥ आत्मज कहिये रुधिर अंग, आत्मज कहिये काम॥ आत्मज पूत सपूत है, भजो को सुन्दर स्याम॥१॥ [रका।

पुत्रक· (स) पवित्र, शीवका·

पुत्रजननी (स) लक्षणा।

पुत्रजीवा [स] पितवंजिया।

पुत्रदा [स] लक्षना। [ड़िया।

पुत्रिका (स) कन्या, बेटी, गु-

पुत्री (स) बेटी, लड़की, कन्या।

पुत्रेष्टि· (स) सन्तानार्थयज्ञ।

पुद्गल· [ट]
पुद्गल· [स] } शरीर, देह।

पुनः (स) पुनि, फिर।

पुनः पुनः (स) फेरफेर, बेरबेर, बारम्बार, एक नदी का नाम।

पुनर· (स) फिर।

पुनरुक्ति· [स] फेरकहना, पुनःकथन, द्विरुक्ति, दुबारा बयान।

पुनर्भव· [स] नख, पुनर्जन्म।

पुनर्नवा [स] सुपेद गदहपरवा। [पूर्नी।

पुनर्नवारुणा· [स] लाल गदह-

पुनर्भवा [स] गदहपूरना।

पुनर्भू· [स] सुपेदगदह पूरना।

पुनि· [स] फेर, पुनः, बहुरी।

पुनी· पुनीत· [स] पवित्र,

स्वच्छ, शुद्ध ।

पुन्नाग· [स] केशरीपुष्प । दो० ॥ है केशर सुरवल्लभा, तुंग पुरुष पुन्नाग ॥ किते गई सीतांबरो, जासु अचल सौभाग ॥१॥ छंद सुधाम ॥ किते सुनि स्याम गई लखिता समुझाय प्रिया संग सो लय धाई। विनोद गुपाल लगाय गले जनु नीरद सो छवि विद्युत छाई ॥ बजी बहुवाद्य करे शुभगान त्रियागण नृत्य विलास कन्हाई ॥ मुनि जगनं सगनं पुनि अंत सुधाम सुछंद कह्यो धहिराई ॥१॥

पुन्नाट. [स] चकवंड़ । [नहीं ।

पुमस्· [स] नर, अर्थात् स्त्री

पुमान्· [स] पुरुष, नर ।

पुर (स)—बस्ती जाके आदि ८ घर ते अन्त १६ घर, भरा, पूर्ण, दैत्य, नगर, पुरा, गांव, शहर, ग्राम, शरीर, गुग्गुल ।

पुरपरिचारक· (स) पुरमुधारने को परिचार्य्या करनेवाले ।

पुरञ्जय, पुरञ्जयनी· [स] राजा, रानी, विशेष जाकी कथा चतुर्थस्कन्ध श्री भागवत में विदित. कि राजा पुरंजय जीव संज्ञा, अरु रानी पुरंजयनी प्रकृति संज्ञा, अरु एक पुरुष ब्रह्मसंज्ञा पूर्व देह मों आय के नाना प्रकार के क्रीड़ा करि पश्चात् निसर गया, वाही श्री नारद जू तीनों को छवि अपूर्व्व महाउत्कृष्ट शोभा अप्रमेया दशा हिमाञ्चल पर्व्वत पर । आगे महा पुरुष ब्रह्म संज्ञा, पाछे पुरंजय जीव संज्ञा, बीच पुरंजयनी माया संज्ञा देखि के समुद्र के भीतर १० दशो प्रचेता राजा प्राचीन बर्हिक पुत्रों सों सम्वाद कियो है इति नारदपुरंजय पाषाण श्रो

भागवत ४ स्कन्ध अध्याय आदि २६ पर्य्यन्त २८ प्रमाण, ताही को पुरंजय अरु पुरंजयनी उभोजीव, माया, संज्ञा, अरु मह्दा पुरुष ब्रह्म संज्ञा को उपमा शोभा को श्रीरामायण अयोध्याकाण्ड श्रीराम, लक्ष्मण, सीया, बनजात मग मांझ दियो गयो। चौ० उभय बीच सिय सोभत कैसी॥ ब्रह्म जीव बिच माया जैसी॥१॥

पुरट· (स) सुवर्ण, स्वर्ण, सोना, मुकुट, रचित, कंचन।

पुरठ· (स) श्रवणइंद्री, कर्णइंद्री।

पुरत· (स·) अग्रभाग· आगें।

पुरद· (स·) देशपालक, पोष।

पुरन्दर· (स·) इन्द्र· स्वर्गपति।

पुरश्चरण· (स·) मन्त्र जापादि क्रिया।

पुरस्, (स) सामने, आगे।

पुरस्कार· (स·) आदर, दान, फल।

पुरस्तात् (स) सामने, पूर्व की ओर।

पुरा· (स) पूर्व्वकाल, बड़ा गांव।

पुरवा, आगे, पहले, तुरंत।

पुराकृत· (स) पहिले जन्म के करे हुए, पहले किया गया।

पुराण· पुरान (स·द. ग्रन्थविशेष बहु कालका, पुराना, श्री जगन्नाथ्या वतार दो०॥ जैनी मत की वृद्धि हित, कीन्हो बोध प्रबोध॥ ताको हरिजन कहत सब, जगन्नाथ है बोध॥१॥ छंद रतिलेखा॥ जन हेत अवतार हरि आप कीन्हो॥ जग मन्द कत जंतु अनुकंप कीन्हो॥ दयदर्श जगदीश भव ताप नाशे॥ रतिलेख कलकंद उदोस भाषे॥१॥ दो०॥ चतुर्निगम संसार हित, प्रगट किये भगवान। व्यासदेव तासों कियो, अष्टादश पौरान॥१। चौ०॥ दशहजार है

ब्रह्मपुराना ॥ मारकंड नव सहसबखाना ॥ लिंग इकादश शिव चौबीसा ॥ तेइस विष्णु गरुड़ उन्नीसा ॥ पचपन पद्म भागवत दश वसु । कूर्म सप्तदस मत्स्य चतुर्दश ॥ बामन दश सूकर चौबीसा ॥ नारद नाम हजार पचीसा ॥ चौ ब्रह्मांड युगमदश बरनो ॥ पन्द्रहसहस ततुषसत भन्नी ॥ एक असीसत अधिक स्कान्दा ॥ दशवसु ब्रह्म विवर्त निबन्दा ॥ चौ० । दस सहस पंचशत गावे । नाम पुरान भविष्य कहावे ॥ चतुर्लाख पौरान अष्टदस । चतुर्वेद मथि सच्यो सुधारस ॥ उपपुराण दो० । वायु परासर कालिका, नन्दकेश शिव धर्म । दुर्वासा उशना कपिल, दैव महेश्वर पद्म ॥१॥ सनत्कुमार मरीच नर, सिंहभास्कर जान ॥ साँब वरुण नारद सहित, दशवसुउप पौरान ॥२॥ द्वादश भूषण भक्त को, हरि करुणा कर देत । षोडश औगुण द्रव्य मो, सो उपाधि हरि लेत ॥३॥

पुरातन· (स) प्राचीन, पुरातन, अगला, वृद्ध, पुराना, पुरानो ।

पुरातनकथा· (स) प्राचीन कथा चौ० ॥ कहहिं पुरातन कथा बखानी । सुनहि लखन सिय अति सुख मानी ॥ अर्थात् प्राचीन कथा अर्थात् पुराणादिकों की और कहानी लौकिक प्राचीन कहनी ताको कहत हैं।

पुरारि· (स) शङ्कर, शिव, महादेव, त्रिपुरारी, कामारी । [आच्छादित ।

पुरित· (स) भरिपूर, भरा,

पुरी· (स) नगरी ।

पुरीष· (स) मल, विष्टा ।

पुरुष· (स) पुल्लिङ्ग, जीव, नर।

ईश्वरवाचक, मनुष्य, पुरखा, मर्द, [मोच,पाक्रम।

पुरुषार्थ· (स) धर्म, अर्थ, काम,

पुरुषा· (स) तिलपुष्पी,

पुरुषोत्तम· (स) नरोत्तम, नारायण, नरश्रेष्ठ, ईश्वर।

पुरुहूत· (स) इन्द्र· स्वर्गपति।

पुरोड· (स] देववाचक।

पुरोडाश· [स] देव भाग जाको हव्य कहते हैं, यज्ञ के निमित्त चौ०। बिपति मोरि को प्रभु हि सुनावा। पुरोडास चह रासभ खावा। अर्थात् पुरोडास होम करने की खीर जो देवताओं का भाग है उसे गदहा खाया चाहता है।

पुरोधस· पुरोधा· [स] प्रवीण जन, पुरोहित।

पुल· पुलीन· | फ· स] सेतु, सांखों, बांध, तट।

पुलक· पुलकावलि· [स] रोमांचित,आनन्दरूप, हर्षमान्, रोमांच।

पुलकित, (स) आनन्द में रोमांच उठे हैं जिसके, रोमांचित, हर्षित, आनन्दित।

पुलस्त्य· पुलस्ति· [स] मुनिविशेष, रावणपितामह।

पुलिन· (स)नदी में बालू का टापू, उपकंठनाम। दो०। कूल पुलिन उपकंठतट, निकट पास अभ्यास। नीर तीर चलि जाउँ बलि, ए आप पिय पास॥१॥

पुलिन्दा· [स· प] नदीभेद, मोटरी, गांठ, चंडाल।

पुष्कर· (स) कमल, जल, समुद्र, आकाश, गयन्द, तीर्थ, पापहर, कमलमूल,गोविन्द, पुष्कर शब्द—दोहा॥ पुष्कर जल पुष्कर गगन, पुष्कर शुंड गयंद। पुष्कर तीरथ पाप हर, पुष्कर नाम गोविन्द॥१॥

पुष्करमूल· (स) पुहकरमूल।

पुष्करिणी· (स)जलाशय,झील।

पुष्कल· (स) विस्तार, पूर्ण, समग्र, अधिक, श्रेष्ठ, की मल।

पुष्कला· (स) कोमलाङ्गी।

पुष्टि· (स) पोषण। [शीस।

पुष्पकाशीस· (स) हीरा का-

पुष्प· (स) फूल, कुसुम, सुमन।

पुष्पक· (स) नाम कुवेर विमान, सजीव आपु तें गमन कार आकाश मार्ग।

पुष्पकीट· (स) भ्रमर, भौंर।

पुष्पचाप· (स) कामदेव, मनसिज, अनङ्ग।

पुष्पकयान· (ट) पुष्प का विमान, फूल का रथ।

पुष्पफल· (स) कैंत १ भूरा कोहड़ा २।

पुष्पवानीर· (स) बेतस।

पुष्परस· (स) पुष्प का मधु, अहृत, मकरन्द।

पुष्परसोद्भवा· (स) अहृत।

पुष्पराग· (स) पोखराजमणी।

पुष्पशाक· (स) फूलों की तरकारी।

पुष्पशिखी· (स) बरसिम्मा।

पुष्पसिता· (स) गुलशकरी।

पुष्पांक· (स) मधुरी लता।

पुष्पाञ्जलि· (स) निछावर, भेट।

पुष्पित· (स) फल फूलित, विकसित। [किताब।

पुस्तक· (स) ग्रन्थ, पोथी,

पुस्तकशिम्बिका· (स) बरसिम्मा। [तरकारी।

पुस्तकशिम्बो· (स) सीम

पुस्तकालय· (स) सरस्वति भंडार, पुस्तक घर।

पुहुप· (स) फूल, पुष्प, सुमन।

पुहमी· (स) पृथ्वी, धरती।

पूछ· (स) पुच्छ, लांगूल।

पूग· पूगी· (स) सुपारी का वृक्ष, समूह।

पूग· (स) तूंत १ सोपारी २।

पुंगव· (स) श्रेष्ट।

पुंज· (स) समूह।

पूजक· (स) पूजा कर्त्ता सेवक।

पूजन· (स) पूजा, अर्चन, सेवना।

पूजना· (प) सेवाकरना, पूरा होना।

पूजनीय· (स) सेवे योग्य, सेवा-
लायक, पूजनयोग्य।

पूजा· (स) अर्चन, सेवा।

पूजिहिं· (स) पूर्ण होगा, पूज
ना, पूर्णहोना।

पूजहिं· (प) पूरा वा पूर्णहोहिं,
पूजन करहिं, पूर्णहोगी।

पूजी· (प) पूरा भई, पूजन किई,
चौ०। एकहि बार आस
सब पूजी। अब कछु
कहब जीह करि दूजी।
अर्थात् एकही बार कहने
में मेरा मनोरथ पूरण हो
गया अर्थात् आपने जीभ
कढ़ाने की प्रतिज्ञा को जो
दूसरो जीभ बनावें तो
कहूँ अथवा इस जीभ से
जो मैंने कहा है वही
कहूंगी।

पूज्य· (स) पूजनयोग्य, मान्य,
पूजाई, पूजा तथा आदर
के योग्य, ईश्वर, पिता,
गुरु आदि।

पूर्ण· (स) सकल, समान, समाप्त।

पूर्णेन्दु, (स) पूरा चंद्रमा।

पूतरी· (स) काठपुतरी, आंख
की पुतली।

पूर्णिमा· (स) पूर्णमासी, मही-
ने की अन्त की तिथि।

पूत· (स)} पवित्र, शुद्ध, पुत्र,
(प)} सन्तान, सत्य।

पूतना, (स) कंसभगिनी, हर-
डेबच, हर्रे।

पूर्त· (स) पूर्ण, समाप्त, पूरा।

पूतरी· पूत्री· (प) गुड़िया वस्त्र
की, वा काष्ठ की।

पूप· (स) पक्कमान अर्थात्
पूआ, मीठी पूरी, पुवा,
मालपुआ, फुल्का आदि।

पूतिक· (स) करञ्ज।

पूतिकरञ्ज· (स) करञ्ज।

पूतिफली· (स) बकुची।

पूय. (स) राद, माञ्ज, पूंज,
पीब, पीय।

पूर. पूरा. (स·ट) सम्पूर्ण, उत्तर,
कर्णभूषण।

पूरा. (स) उत्तर, जवाब।

पूरिका· (स) पूरी।

पूरुष· (स) पुंलिङ्ग जीव, नर, पुरुष।

पूर्णी· (स) सीमार।

पूर्व· (स) प्राचीदिक्, जिधर सूर्य्य उदय होता है, प्रथम, अंग, मुख्य।

पूष. (स) पौषमास, पूसमास।

पूषण·} (स) सूर्य्य, पौर्णमासी,
पूषन·} पौर्णमासी।

पूर्वपक्ष· (स) कृष्णपक्ष, प्रश्न, पहिलापक्ष।

पूर्वापर· [स] आगा, पीछा।

पूर्वाह्नि· [स] प्रथमार्द्ध भाग, पहला आधा भाग।

पूछपाछ· मु० पूछना, निर्णय करना, प्रश्न।

पृच्छ· (स) जिज्ञास, खोज।

पृच्छक· (स) जिज्ञासक, खोजी।

पृथक· (स) जुदा, विलग, अलग, भिन्न, बिना, अलहदह।

पृथिवी· (स) धरती, भूमि, जमीन।

पृथकपर्णि· (स) पिठवन।

पृथिरोमा· (स) मीन, दीर्घ।

पृथुका· (स) हिंगुपत्री।

पृथुकृष्णा· (स) मगरैला।

पृथुपत्राभिका. [स] पत्तोंही सुगन्धवाला।

पृथुराज. [स] राजा विशेष।

पृथुरोमा. [स] मछली।

पृथुल (स) दीर्घ लम्बा।

पृथुशिम्ब· (स) सोनपत्ता।

पृथुशृङ्गी· (स) दुम्मां भेड़ा।

पृथु· (स) हिंगुपत्री। [पत्री २।

पृथ्विका· (स) मगरैला १ हिंगु-

पृथ्वी· (स) धरती, इलायची, मगरैला, भूमि, जमीन।

पृष्टपर्णी· (स) पिठवन।

पृष्ट· (स) पीठोला, पिछला भाग, पश्चाङ्गाग, सफ़ह। पीठ। [हरिन।

पृषत· (स) सुपेद बुन्द। को

पेयूष· (स) फेनुस, दूध।

पेलवपट· (स) कँवटीमोथा।

पेनिहहि· (स) त्याग। [प्रिच्छ।

पेषिय· (स) देखने के योग्य,

पेय· (स) पीने के योग्य जल, पीने की वस्तु दुग्ध।

पेशस्कृत् (स) भृंगी, कीट।

पेक्षण (स) देखन, कौतुक, तमाशा, प्रेक्षण, देखना।

पेटकीआग, मु॰ मा बाप का प्यार, सन्तान, औलाद

पेटकी आग बुझाना, मु॰ कुछ खाना, भूखे को कुछ खिलाना।

पेटकी बातें मु॰ मन की बातें, गुप्तबातें, छीपी बातें।

पेटगड़गड़ाना, मु॰ पेट गड़बड़ाना, पेटबोलना, पेटहड़बड़ाना।

पेटगिराना, मु॰ गर्भगिराना, अधूरा गिराना, स्त्री के पेट से कच्चे बच्चे का गिराना।

पेटगिरना, मु॰ गर्भ गिरना, गाभगिरना, स्त्री की पेट से कच्चे बच्चे का गिरना। अधूरा जाना।

पेटचलना, पेटछूटना, मु॰ पेट आना, बहुतझाड़ा फिरना, बहुत दस्त होना, दस्त की बीमारी होना।

पेटजलना, मु॰ बहुत भूख होना।

पेटदिखाना, मु॰ अपनी गरीबी और भूख को जताना।

पेटपालना, मु॰ अपना निर्वाह करना, गुजरान करना, स्वार्थी होना।

पेटपीठ एक होना, मु॰ बहुत दुबला होना।

पेटपोंछना, मु॰ स्त्री का सब से पिछला बालक।

पेटपोसू, मु॰ खाऊ, पेटू, पेटार्थू, पेटपालू।

पेटफूलना, मु॰ बहुत हंसना, हंसी के मारे लोटना, गर्भ रहना।

पेटबढ़ाना, मु॰ बहुत खाना, दूसरे के हिस्से पर हाथ बढ़ाना।

पेटबांधना, मु॰ भूख से कम खाना। [अधा के।

पेटभर, मु॰ जीभर, भरपेट,

पेटभरना, मु॰ खाना, खाचुकना, पचाना, तृप्त होना।

पेटमारना, मु॰ आत्मघात करना, पापघात करना।

पेटमेंपैठना, मु॰ दूसरे को भेदलेना, खुशामद की बातें करके मिलजाना।

पेटमेंलेना, मु॰ सहना, संतोषरखना।

पेटरहना, मु॰ पेट से होना, गर्भिणी होना, गर्भ रहना।

पेटलगजाना, मु॰ भूखों मरना, बहुत भूखाहोना।

पेटलगरहना, मु॰ बहुत भूखा होना।

पेटवाली, पेटसे, मु॰ गर्भिणी, गर्भवती।

पेटसेहोना, मु॰ गर्भिणी होना, पेटरहना।

पेखना करना, मु॰ स्वांग लेना। खेलकरना, बहाना करना।

पेटचलना, मु॰ पेटचलना, बहुतझाड़ाफिरना, बहुत दस्तहोना, दस्त की बीमारी होना।

पेट का दुख देना, मु॰ भूखों मरना।

पेट का पानी न हिलना, मु॰ यह मुहावरा उस जगह बोला जाता है कि जब घोड़ा ऐसी चाल चले कि सवार हिलेडुले नहीं और न किसी तरह का दुख पावे।

पेटहड़बड़ाना, मु॰ दस्त की हाजत होना।

पैज (द) पैठ, पैरवी, प्रतिज्ञा, प्रण, पन, व्रत।

पैसार (स) पैठना। [डांगस।

पैना (द) तीव्र, चोख, धार.

पैसार (प) पैठ, गति, पहुंच, प्रवेश, पैठाव, पैठना।

पैजकरना, मु॰ पणकरना, होड़ करना, प्रतिज्ञा करना, बचनपरस्थिर होना।

पैसा बढ़ाना, मु॰ बहुत खर्च

करना, अंधाधुन्ध खर्च करना, दूसरे का धन चुरालेना या ठगलेना।

पैसाखाना. मु॰ पैसा उड़ाना, बहुत खर्च करना, मज-दूरी करके पेटभरना, रिशवतलेना, हकार जाना, बिश्वासघातकर के लेलेना।

पैसा डुबोना. मु॰ धन गंवाना।

पैसा डूबना- मु॰ धन बर्बाद होना, रुपया पैसा खोया जाना।

पैसेलगाना· मु॰ धनखर्च करना, धनलगाना।

पैसेवाला· मु॰ धनवाला, दौलतमंद. एक पैसे का।

पैसों से दरबार बांधना. मु॰ रिशवत देना, घूसदेना।

पोंगरा· (द) पुत्र, अंग सखा।

पोच· (प) भ्रष्ट, पशुव, अज्ञानी, नीच, बुरा, दुःखित।

पोटगल· (स) गरकट।

पोत· (स॰ प॰) निपट, शिशु, नाव, नौका, जहाज, बालक, अनूपवस्त्र, हरवा, कांच, वस्तु बनाना, पालन, पोत शब्द—दो॰ पोत कहावे निपट सिसु, पोतजुवस्त्र अनूप ॥ पोत-नाव जिमि जलधिनिधि, स्याम नाम सुखरूप ॥१॥ करनशब्द—दोहा। करन कहावे रवितनय, करन करत पुनि काम ॥ करन नाव जेहि खेइये, करन हार भगवान ॥१॥

पोतक· (स) बालक, शिशु, बच्चा।

पोतकी (स) पोईसाग।

पोलिका· (स) रोटी।

पोता.(स)पौत्र, पुत्र के बालक।

पोषत· (स) पुष्ट करता है, पोषण, पालना, पोषणा।

पोसो· (स) पाल्यो, पाला, पो-सना, पालना।

पंकरुह (स) कमल, जलज।

पंगु (स) लंगड़ा।

पंचकवलि· (स) पंचग्रास।

पंचदस· (स) पन्द्रह ।

पंचसबद. (स) पांचबाजा, नगाड़ा आदि ।

पंजर· (स) पिंजरा ।

पंथ· (स) रस्ता । [पालक ।

पोषक· (स) पालनेहारा, रक्षक,

पोषण. (स) पालन, भरण, रक्षण, पुष्टकरण, पुष्टता ।

पोखे· [हि] पासे ।

पो· [स. हि·] सूत, पदार्थ, अक्षक्रम· पासे में का एक।

पौगण्ड· [स किशोरअवस्था ।

पौगण्ड्य· [स] कीमृदक ।

पौण्ड्रक· [स] लालापन्थी १ पौढ़ा, कैतारी ।

पौतिकम् [स] अच्छत ।

पौत्र· [स] पोता, बेटा का बेटा ।

पौधा [स] तरुपल्लव, कोड़ा, नवीनलता, पौधाओं के दो चार भेद का नाम सुनिये । गुंजा नाम—दो० । काक-चिंचिका कृष्णला, गुंजा करत प्रनाम । सुखद स्याम छवि धाम की, लेत नाम अभि-राम ॥१। इमिली नाम दो० एहो चिंचा तिंतडी, आम्लि-का अम्लीय ॥ मृगशावक नैनी कितै, प्राण प्रबाधक भीय ॥१॥ कंजा नाम—सोरठा ॥ एहो करग करंज, गजमाल चित बिरख तुम ॥ कहुं देखु छवि पुंज, रति रंभा मदमोचनी ॥ ॥ केतकी नाम । दो० नाक खंभ जरि चितद्रुमा, केतकि पकरत पाप । तुम आगम आनंद सनि, फैली अंग न समाय ।

पौर· (स ह) पुर, भूमि, जगह, द्वार । [व्यास ।

पौराणिक· [स] पुराण कथा,

पौरिया [ह] डेवढ़ीवान, द्वार पाल ।

पौरी· [स] द्वार, पौर, डेवढ़ी ।

पौरुष· [स] पुरुषत्व, परसा, बल ।

पौर्णमासी· [स] पूर्णिमा

पौष्कर· [स] पुष्करमूल ।

पौष· [स] मास विशेष, पूस।

प्रकट· [स] स्पष्ट, साफ़, ज़ाहिर।

प्रकरण· [स] भूमिका, अध्याय, विभाग, संबन्ध, प्रसंग।

प्रकर्ष· (स) श्रेष्ठ, उत्तमता, प्रधान, उत्कर्ष, बड़ाई।

प्रकार· (स) रीति भेद, सादृश्य, डौल, तरह, तौर।

प्रकाश· (स) आतप, विकाश-युक्त, हास्य, दीप्ति।

प्रकाशक· (स) प्रकाशकरैया, प्रकाशकरनेवाला।

प्रकाशित· (स) उजागर, प्रसिद्ध।

प्रकाश्य· (स) प्रकाशे योग्य, प्रकाश के योग्य।

प्रकृति· (स) चरित्र, माया, स्वभाव, जगत् का उपादानकारण, स्वभाव, धातु, संस्कार, संसार।

प्रकृष्ट. (स) प्रकाश, उत्तम, मुख्य, उत्कृष्ट, श्रेष्ठ, जो काहू प्रकार न हटे, उत्कर्षयुक्त, प्रधान। [अवकाश।

प्रक्रम· (स) चलन, आरम्भ,

प्रक्रिया· (स) प्रकरण, स्वस्त्ययन।

प्रक्लिष्ट· (स) दुःख, क्लेश, कष्ट।

प्रखेद· (स) पसेना, घाम, काम संज्ञा।

प्रख्यात· (स) प्रतिष्ठित, प्रसिद्ध, विदित, विख्यात, कीर्त्तिमान्। [यश।

प्रख्याति· (स) कीर्त्ति, प्रशंसा,

प्रगल्भ· (स) उत्तम, सामर्थी, निडर, शास्त्र मे विजयी, ढीठ, दृढ़, अन्तर्जामी, लज्जाहीन, विना कष्ट जो सब जाना जाए। [तेज़।

प्रचंड· (स) दुर्धर्ष, अत्युग्र, तीव्र,

प्रचार· [स] विस्तार, प्रचरित, रीति, व्यवहार, प्रकाश, घोषणा, [illegible]प्रवेश, फैलाव, चाल, रस्म, दस्तूर, रिवाज।

प्रचारी· (प) चालिकारि के, चलकार के।

प्रचुर· (स) अधिक, बहुत।

प्रचेता· (स) वरुणदेवता।

प्रच्छन्न· (स) } चोरछिद्रको,
प्रछन्न· (प) } गुप्त, ढका।

प्रजा· (स) सन्तान, राज्य का
लोग, संतति तथा जो
जिस के अधिकार में रहै,
रअय्यत।

प्रजापति· (स) राजा, ब्रह्मा,
पिता, ईश्वर। [राई

प्रजारी· (प) जलाई, भस्मक·

प्रजारना· (द) जलाना।

प्रजाशन· (स)} प्रजा का भो-
प्रजासन· (द)} जन करैया।

प्रजंत· [द] प्रयंत, तक, लौं।

प्रजेश· (स) राजा, ब्रह्मा, पिता,
दक्ष प्रजापति—
चौ०। कहीकहन हरिकथा
रसाला। दक्ष प्रजेस भये
तेहि काला। अर्थात् दक्ष
प्रजेश दक्ष प्रजापति।

प्रजेशकुमारी· (स) दक्ष की
पुत्री।

प्रजापतिनायक· (स) दिक्
पालों के नायक।

प्रज्ञ· (स) प्रवीण, विज्ञ, विद्वान,
पण्डित, बुद्धिमान।

प्रज्ञा· (स) मेधा, धी, बुद्धि,
ज्ञान, अक्ल। [उज्ज्वल।

प्रज्वलित· (स) ज्योतिष्मान,

प्रण· (स) क़ौल, नियम, प्रति-
ज्ञा, पण, अहद, इक़रार।

प्रणत· (स) दुःखित, नमन्त,
शरणागत, नियम, प्रति·
नम्र।

प्रणतपाल· (स) दीनपालक।

प्रणति· (स) नमस्कार, प्रणाम,
दण्डवत्।

प्रणव· (स) ॐकार, अढ़ाई
अक्षर संयुक्त, अ० उ० म्०
शिक्षा आदि वेद अङ्ग,
नमस्कार, ओम्कार।

प्रणवौं· (द) प्रणाम करत हौं,
प्रणामकरताहूं, प्रणवना।

प्रणम· (स) नमस्कार, दण्डवत्,
प्रणाम।

प्रणय· (स) स्नेह, प्रीति, अप-
नापन, मुक्ति, प्रेम।

प्रणयनी· (स) वल्लभा, प्रिया,
अपनायतिनी। [वत्।

प्रणाम· (स) नमस्कार, दण्ड-

प्रणाली· (स) परम्परा, रीति,
नाला।

प्रणिधान·(स)मनोयोग,उद्योग।

प्रणिपात·(स) दण्डवत्, प्रणाम।

प्रणी· (स) मनचला, चटल, निर्धारित।

प्रतग्न· (स) आत्मा, अन्तरजामी, तुरीय अवस्था का देवता।

प्रतानती· (स) गन्धप्रसारनी।

प्रताप· (स) महिमा, कृपा, ऐश्वर्य, प्रभाव, तेज, इकबाल।

प्रतापरवि· (स) प्रतापभानु, भानुप्रताप, सत्यकेतु नाम राजा के पुत्र।

प्रतापदिनेशा· (ह) भानुप्रताप चौ०। नाम तुम्हार प्रताप दिनेसा। सत्यकेतु तव पिता नरेसा। प्रताप भानु तुम्हारा नाम है।

प्रतापसमूह· (स) तेज का समूह।

प्रतापी·(स)प्रतापवान्,तेजस्वी।

प्रतारक· (स) ठग, वञ्चक, धूर्त्त।

प्रतारण· (स) ठगाई, वञ्चना।

प्रतारित· (स) ठगाया, वञ्चित।

प्रति· (स) हेतु, तरफ़, सन्मुख, बदेला, एकएक, सम, समस्त, विरुद्ध, पास।

प्रतिकार (स) } बैर का बदला
प्रतीकार } अर्थात् जिस ने अपने साथ जैसा अपकार किया हो उस के साथ उसी के तुल्य अपकार करना।

प्रतिउपकार (स) प्रत्युपकार, उपकार का बदला।

प्रतिकूल· [स] विघ्न, वैरत्व, विरुद्ध, विमुख, उलटा, विपरित, खिलाफ़, जैसे सगुन पुरुष के बाम भाग में असुभ होय है।

प्रतिबिंब· प्रतिछाहीं· (स) प्रतिछाया, परिछाहीं।

प्रतिग्रह· (स) दानग्रह, आदान।

प्रतिघात· (स) मार के बदले मार। [ध्यान।

प्रतिचिन्तन· (स) पुनःपुन]

प्रतिफल· (स) सुपेद अकवन।

प्रतिज्ञा· (स) प्रण, वचन, स्वीकार, शपथ, निश्चय, अहद, इकरार।

प्रतिपत्. प्रतिपद्· [स] परिवा तिथि, बुद्धि, बोध, ज्ञात। [हरेक दिन।

प्रतिदिन· (स) दिन २ प्रति।

प्रत्यूह (स) विघ्न,

प्रतिध्वनि· (स) प्रतिनाद गूंज शब्द की भनकार लौटी हुई आवाज।

प्रतिनिधि·(स) प्रतिरूप, सदृश, ज़ामिन, कायम, मुकाम।

प्रतिपक्ष· (स) शत्रु, बैरी, रिपु।

प्रतिपक्षी } (स) प्रतिवाद,
प्रतिपक्षी } शत्रु।

प्रतिपाद्य· (स) ग्रन्थ, गुणावाद, बोध्य, ज्ञातव्य, वाच्य, वर्णनयोग्य।

प्रतिवाद· प्रतिवादन, (स) विवाद, भगड़ा, विरोध।

प्रतिवादी-(स) विरुधी, विवादी प्रत्यर्थी।

प्रतिबिम्ब·(स) परिछांही, भास, प्रतिमा, छाया, अक्स।

प्रतिबिम्बी·(स) आरसी, दर्पण।

प्रतिभट· (स) बराबर का वीर, समान वीर। [ज्योति।

प्रतिभा· (स) समझ, बुद्धि,

प्रतिभू· (स) ज़ामिनदार, प्रतीति।

प्रतिमा· (स) मूर्त्ति, छवि, पुतली, छाया। [छांहो।

प्रतिमूरति (स) प्रतिबंब, परि·

प्रतिमाकद·(स) प्रतिवायु, अच।

प्रतिविषा (स) अतीस।

प्रतिविष्णुक (स) मुचकुन्द फूल।

प्रतिष्ठित· (स) प्रतिष्ठायुक्त, इज्ज़तवाला, नामवर।

प्रतिषेध· (स) निषेध, हटक, रोक। [भ्रष्ट।

प्रतिहत· [स] निराश, रोक,

प्रतिहार· [स] द्वारपालक, डेवढ़ीवान्।

प्रतीक· [स] अवयव, प्रतिकूल, विलोम, टुकड़ा, नकल, उलटा।

प्रतिकार· [स] बदला, उपशम उपाय।

प्रतीची· (स) पश्चिमदिशा।

प्रतीक्षा [स] अपेक्षा।

प्रतीति·प्रतित[स]विश्वास, प्रगट ज्ञात, ख्याति, हर्ष,सादर।

प्रतीर, [स] तट, किनारा।

प्रतुदा [स] तोड़ से तोड़कर फल आदि के खाने वाला पक्षी।

प्रत्यकूपर्णी[स] लालचिचिंरी १। बड़ा तामा जड़ी २।

प्रतीत·करना, मु० परिक्षा करना, भरोसाकरना।

प्रत्यङ्ग· (स) इङ्गित, अङ्ग अङ्ग प्रतिङ्ग।

प्रत्यनीक· [स] सेना, दल का बदला, कटक।

प्रत्यह· [स] प्रतिदिन, सब दिन, विघ्न।

प्रत्यक्ष· [स] सम्मुख, साक्षात, आगे, दृष्टिगोचर, दृष्ट, प्रकट, जाहिर।०[पदेश।

प्रत्यादेश, [स] आज्ञा, दैवो-

प्रत्याशा· [स] भरोसा,आसरा।

प्रत्याहार· (स) समाधि, योग-विशेष।

प्रत्युक्ति·(स) वाक्योत्तर, जवाब।

प्रत्युत· (स) वितर्क, अनिश्चय, संदेह, अवधारण, विनि-यम, विकल्प, पक्षान्तर, अथवा, किंच।

प्रत्युत्तर· [स] उत्तर का उत्तर, उत्तरस्योत्तर, जवाब का जवाब।

प्रत्युपकार· [स] बदला उप-कार, उपकार का फल।

प्रत्यूह· (स) उपाधि, विघ्न विकार, पुंज, राशि, कष्ट, दो०। कहत कठिन समुझत कठिन, साधन कठिन विवेक। होइ घुणा-क्षर न्याय ज्यों, पुनिप्र-त्यूह अनेक॥ अर्थात् ज्ञान कहने में समझने में साधन में कठिन है और जैसे घुन से अकस्मातो अक्षर बन जाता है जो कदा-

चित वैसे ही इन तीनों विघ्नों से निकले तो फिर आगे अनेक प्रत्यूह अर्थात विघ्न खड़े हो जाते हैं।

प्रत्येक (स) हरएक।

प्रथम (स) पहिले, वा मुख्य, आद्य, अग्र, प्रधान, श्रेष्ठ, योग्य।

प्रथमगति (स) पहर्निशिपुरुष रूप धर्म में तत्पर रहना, दान।

प्रद प्रदह (स) दाता, दानी, देनेवाला।

प्रदेश (स) खंड भूमि, प्रदेश।

प्रदक्षिण (स) फिरना, घुमना, मण्डलाकार।

प्रदीपन (स) विष।

प्रदोष (स) निशागमन, रजनी, मुख, सांझ, रात्रि का आना, सायंकाल, संध्या सांझ या सा वेला।

प्रधान, (स) मुख्य, मन्त्री, श्रेष्ठ, उत्तम, प्रकृति, परमात्मा।

प्रध्वंस, (स) नाश, विध्वंस, हानि, तिरस्कार।

प्रपञ्च, (स) खेलि, विरोध, चूक, धोखा, झूठा, छल, संसार-कपट, बखेड़ा, भगड़ा, विस्तार, संचय, विवाद।

प्रपञ्चित, (स) विस्तारित, भ्रान्त, मुझाया।

प्रपाणक, (स) इमली आदि द्रव्य का पना।

प्रपितामह, (स) परदादा, पराजा। [पराजी।

प्रपितामही, (स) परदादी,

प्रपुन्नार, (स) चकवंड।

प्रपौण्ड्रक, (स) कुमुदक।

प्रपौत्र, (स)पौत्र का पुत्र,पोता का बेटा।

प्रपौत्री, (स) प्रनातिनी, पौत्रिकापुत्री [प्रसव।

प्रफुल्ल, (स) विकसित, खिला,

प्रबन्ध, [स] रचनावाक्य की, युक्ति, उद्योग, उपाय, ग्रन्थ रचना, बंदोबस्त।

प्रवर्षण [स] पर्व्वतविशेष,

प्रवर्षण गिरि इससे कहा गया कि वहांसब दिन पानी बरसता है।
प्रबल, [स] भारी, अगम, बलवान्, सामर्थी, मूंगा, ।
प्रबला, [स] हाथकुहारा।
प्रवाल, [स] विद्रुमलता, मूंगा, पल्लव, मोती। [श्रोत।
प्रवाह [स] धारा, नदी को
प्रवाहिका, [स] अतिसार, पेटचलो।
प्रविशे, [प] घुसे, पैठे। [या।
प्रविष्ट [स] निविष्ट, भीतरग-
प्रवीण [स] पण्डित, ज्ञानी, चतुर। [सचेत।
प्रवुद्ध [स] जायत, जागता,
प्रवेषण [स] भोजनआरस- करना। [भोजन।
प्रवेषणिक, [स] पारसकर्त्ता,
प्रबोध [स] ज्ञान, सूर्त्त, जागता, उपदेश प्रकृष्ट, बुद्धि, जागरण।
प्रबोधक, [स] बोधकर्त्ता, उप- देशदाता, जनानेवाला।
प्रभञ्जन [स] पौन पवन, वायु पैरी- रूप, समीरअनुवत्, हवा।
प्रभंजनजाया [द] हनुमान, चौ०। उठि बहोरि कीन्हेसि बहु माया। जीत न जाइ प्रभंजन जाया॥ प्रभंजन अर्थात् शत्रुभंजन जो पवन का नाम है उनके पुत्र।
प्रभव, [स] उत्पत्ति, जन्मकारण उत्पन्न, पराक्रम। [अभीष्ट।
प्रभवस्त, [स] मनोरथ, कामना,
प्रभा, [स] शोभा, प्रकाश, चमक, दीप्ति।
प्रभाउ (व) प्रभाव, प्रताप।
प्रभाकर, [स] सूर्य्य, दिवाकर, दीप्तिकारी, प्रकाशक, अग्नि चन्द्रमा समुद्र।
प्रभाकीट [स] जुगनो, खद्योत।
प्रभात, [स] प्रातकाल, भोर, तड़के, फज्रिर या सुबह।
प्रभाती, [स] रागिनीविशेष।
प्रभाव [स] माहात्म्य, प्रताप, ऐश्वर्य, तेज, शक्ति।
प्रभावती, [स] पातालगङ्गा।
प्रभास [स] तीर्थस्थान विशेष।
प्रभु [स] सत्तामान् पुरुष, राजा, स्वामी, गुरु, ईश्वर, रघुनाथ, मनु, समर्थ, पति

पारा धातु, लक्षण ।

प्रभुसन [स] स्वामी से ।

प्रभृति. [स] प्रकार, इत्यादि. तदारंभ्य, आदि, वगैरह ।

प्रमथ [स] सेना, दल ।

प्रमदा [स] सुलक्षणास्त्री, स्त्री, मेहरारू ।

प्रमा [स] अनुभव, यथार्थज्ञान, भ्रमरहितज्ञान ।

प्रमाण [स] निश्चय का कारण, मर्यादा, शास्त्र, सत्यवादी, हेतु, प्रमाता, यथार्थज्ञान

प्रमाणिक [स] यथारूप, योग्य, प्रमा, ज्ञान साधन इन्द्रिय ।

प्रमाता [स] प्रमाणकर्त्ता ।

प्रमातामह [सं०] प्रनाना ।

प्रमातामही [सं०] प्रनानी ।

प्रमाद [सं०] चूक, भूल, बाद अनवधानता, उन्मत्तो जाना, कर्तव्य से निवृत्ति और अकर्तव्य में प्रवृत्ति, ।

प्रमादी [सं०] उन्मत्त, असोच, अचेता ।

प्रमद्र [सं०] असावधान ।

प्रमुदित [सं०] हर्षित, आनन्दित, प्रफुल्ल ।

प्रमेय [सं०] प्रमाणयोग्य, उपमायोग्य । [रोग ।

प्रमेह [सं०] वीर्य्य में का

प्रमोक (सं०) जल, नीर, तोय ।

प्रमोचन (सं०) मुक्तकरण, , उद्धारण ।

प्रमोद. [सं०] हर्ष, आनन्द, सुख, खुशी ।

प्रमोदक [स] साठी धान ।

प्रमोदनी [स] योगिनी वृक्ष का गोंद । [हैं, देत हैं ।

प्रयच्छति [सं०] पूजनकरत

प्रयत्न [सं०] अत्यन्तचेष्टा, परिश्रम, कार्यानुकूलयत्न, उत्तम उपाय, तदबीर ।

प्रयाग (सं०) तीर्थस्थान-विशेष । [गमन ।

प्रयाण (सं०) धावा, यात्रा,

प्रयात (सं०) पवित्र, शुद्ध ।

प्रयातः (सं०) प्राप्त होते हैं छिन्नग । [सब ।

प्रयाति (सं०) प्राप्तहोता है ।

प्रयान्ति [सं०] प्राप्तहोत हैं सब ।

प्रयास· (स) क्लेश, परिश्रम, थकाई, यत्न, उद्योग।

प्रयुक्त· (स) भरा हुआ, मिश्रित।

प्रयोग· (स) अनुष्ठान, दृष्टान्त, फल। [प्रेरक।

प्रयोजक· (स) उठानेहारा,

प्रयोजन· (स) कारण, कार्य्य आवश्यक, हेतु, मतलब।

प्रयोज्य· (स) भृत्य, सेवक, कार्य्यकर्त्ता।

प्ररोही (स) बेलिआरोपर

प्रलम्ब· (स) विशाल, बड़ा, दैत्यविशेष।

प्रलय· (स) सृष्टपदार्थोंमें नाशाधिकरणे काले ब्राह्मणे दिनावसाने च तास्मिं चेष्टाभावे, लम्बा, कल्प का अन्त, युगान्त, वा पांच प्रकार, नित्यप्रलय, युगान्तप्रलय, नैमित्तप्रलय, अत्यान्तक प्रलय, महाप्रलय, ॥५॥ प्रलय का नाम दो०। प्रलै कल्प कल्पांत हैं, • संवर्तक ले काल। सैन कातर हरि सिंधु श्री, आपत अरन विश्रान्त॥१।

प्रलाप· (स) प्रशंसा, निरर्थक वचन, गप, बड़ाई, रोदन, अनर्थ का वाक्य, वाद विवाद लोकवेद मर्य्याद हीन, मिथ्या बकना, अर्थरहीत बचन। सोरठा। प्रभु प्रलाप सुनि कान, बिकल भये बानर निकर। आइ गये हनुमान, जिमि करुना महँ बीर रस॥ इस प्रकार श्री गोसाईं जी ने ठौना लिखा है क्योंकि आदि में यह लिखा कि "बोले वचन मनुज अनुहारी।" अंत में लिखा कि "प्रभु प्रलाप सुनि कान" बिनु समुझे जो बकि उठें, कहिये ताहि प्रलाप॥

प्रलापी· (स) व्यर्थ बोलनेवाले। दो०। सोइ रावन जग बिदित प्रतापी। सुने न श्रवन अलीक प्रलापी॥ है अलीक प्रलापी झूठ बोलनेवाले।

प्रलेप (स) औषधादिक लेपन, उन्मत, निष्प्रयोजन, अनर्थ वाक्य कहना ।

प्रवर्तक (स) आज्ञापक, प्रेरक, नियोजक, प्रवृत्ति करने वाला ।

प्रवर (स) अगर ।

प्रवाल (स) मूंगा रत्न ।

प्रवालफल (स) लालचन्दन ।

प्रवाह (स) प्रवृत्ति, नद्यादि का वेग, शीघ्रगामी घोड़ा ।

प्रवीण (स) निपुण, चतुर, कुशल, होशियार । [उद्यत ।

प्रवृत्त (स) प्रविष्ट, आरब्ध,

प्रवृत्ति (स) इच्छा, अभिरुचि, प्रवर्तन, प्रवेश, प्राप्ति, आरंभ, वार्त्ता, प्रवाह ।

प्रवेश (स) पैठ, पहुंच, पूगन, अंतर्गमन, घुसना ।

प्रशंसक (स) स्तुति करनेवाला ।

प्रशंसनीय (स) प्रशंसायोग्य, भला, उत्तम ।

प्रशंसा प्रसंसा (स, द) स्तुति, बड़ाई, श्लाघा, गुणकीर्तन, तारीफ़, सराहना ।

प्रशमन (स) दमन, वध, रोग नाश ।

प्रशस्त (स) आनन्दी, योग्य, भला, सफा, प्रशंसा योग्य, श्रेष्ठ, क्षेम ।

प्रशस्ति (स) उत्कृष्टता, प्रशंसा ।

प्रशस्ता (स) प्रशस्त ।

प्रश्न (स) पूछना, जिज्ञासा, पृच्छा, सवाल ।

प्रष्ट (स) अग्रगामी, श्रेष्ठ ।

प्रष्टा (स) जिज्ञासुक, पूछनेहार ।

प्रष्ठा (स) पीठ, अगुवा, मुख्य, श्रेष्ठ ।

प्रसक्त (स) आसक्त, सनातन, प्राप्त, सम्बन्ध ।

प्रसङ्ग (स) प्रस्ताव, मेल, सङ्गम, कथा की चर्चा, संगति विशेष, सम्बन्ध ।

प्रसन्न (स) हर्षित, आनन्दित, निर्मल, दयालु, संतुष्ट, कृतानुग्रह, सुखी ।

प्रसन्नता (स) हर्ष, आनन्द, प्रसाद ।

प्रसव, (स) पुष्पफल बन्ध संयोग्य, गर्भ, जन्मावना, फूल फलो, उत्पत्ति।

प्रसभ, (स) हठ, खैंचि, पकर।

प्रसविन्, (स) उत्पन्न करनेवाला, सन्तान करनेवाला।

प्रशीर (स) अतिशीर।

प्रसस्त, (स) बेहतर, अच्छा, निर्मल बुद्धि, जाकी, नाम रावणपुत्र का।

प्रसहा (स) ठोर से जोर करने वाले पक्षी गीध आदि।

प्रसाद, (स) देवता का उच्छिष्ट, कृपा, जूठन, प्रसन्नता, अनुग्रह, मेहरबानी।

प्रसाद्निका (स) टीकीधान।

प्रसादी, (स) देवता का निवेदितान्न।

प्रसाधन (स) वेशरचना, सुन्दर रचना, साधन।

प्रसारिन्· (स) बहता हुआ।

प्रसारणी (स) गन्धप्रसारिनी।

प्रसिद्ध (स) प्रकाशित, व्यक्त, विख्यात, भूषित, मशहूर।

प्रसिद्धि, (स) विख्याति, प्रचार।

प्रसुत (स) मांड़ पसाया हुआ।

प्रसीद (स) प्रसन्न होहु, कृपा करहु, रक्षा करो, प्रसन्न हो।

प्रसू, (स) माता, अम्बा, जननी।

प्रसूत, (स) उत्पन्न, प्रदररोग, माता, उत्पन्न होनेवाला, अर्थात् सन्तान।

प्रसूता प्रसूती, (स) उत्पन्न कारिणी, जायमानकारिणी, प्रसूतिका, प्रसवकारिणी, उत्पत्ति।

प्रसून· (स) पुष्प, फल, मुकुल, जन्मा, फूल। [बाला।

प्रशंसक· (स) स्तुति करने·

प्रसंसा· (द) प्रशंसा, स्तुति, सराहना। [पत्थर।

प्रस्तर· (स) पाषान, मणि,

प्रस्तार· (स) अभिअन्तर, भीतर। [प्रसंग।

प्रस्ताव· (स) अवसर, प्रकरण,

प्रस्विद· (स) पसीना, पसेव।

प्रस्थ· (स) विस्तार, मान, तौल, मार्ग, पहाड़ की चोटी का स्थल, सानु।

प्रस्थ (स) १६ पल का १ प्रस्थ वो ४ प्रैचे भर का १ पल।

प्रस्थपुष्प (स) मरुआ।

प्रस्थान (स) यात्रा, बिदा, गमन, घर से जाना।

प्रस्थकी (स) मांचिका।

प्रस्थित (स) गया हुआ, चला हुआ।

प्रस्थिति (स) कीर्त्ति, यश।

प्रस्रवन (स) पर्वत्त में पानी का झरना। [हुआ।

प्रहत, (स) पीटा हुआ, बजाया

प्रहतमुरजा (वि॰प्रसादाः) बजते हैं मृदङ्ग जिन में।

प्रहर्ष (स) अतिश्रेष्ठ हर्ष।

प्रहर (स) पहर, दिन का चौथा भाग।

प्रहस्त (प्र बड़ा, हस्त हाथ) रावण का पुत्र, रावण का बेटा, जो रावण को लङ्काकांड मानस में उपदेश दिया है। बड़े पसरे फैले हुए हाथ वाला। बड़ा हाथ। कोई २ कहते हैं कि लङ्कापुर पैठते में अंगद ने प्रहस्त ही को मारा था। मानसमयङ्क लङ्काकाण्ड में लिखा है दो॰। मिलु प्रहस्त दण्डे करै, लरै पेन मलवान। देखि विहंसि अंगद कहै, ना गुरु किहै सुजान॥ यह दोहा इस चोपाई पर है। पुर पैठत् रावण कर बेटा। खेलत रहा सो हो गई भेटा॥ बातहिं बात कर्ष बढ़ि आई। जुगल अतुलबल पुनि तरुनाई॥ बात को कर्ष यह कि रावण के बेटे ने पूछा कि बंदर तैं कौन है अंगद बोले कि हम रघुनाथ के दूत हैं तब उस ने कहा कि जिस की पत्नी को हमारे पिता हर लाया है इन्हीं ने कहा मैं उन्हीं का दूत हूं जिन्हों ने तेरी फूफू की नाक कान काट लीने हैं यही बात की कर्ष है।

प्रहार (स) मारण, चोट, घा-घात, हथियार का चलाना, मार, मारना, शस्त्र चलाना।

प्रहारवल्ली (स) रोहिनी।

प्रहारी (स) मारनहार, घातक।

प्रहित (स) भेजाहुआ, चलाया हुआ जैसे कमानसे तीर।

प्रहेलिका (स) पहेली, दृष्टकूट, चोल, ठट्ठा।

प्रह्लाद (स) ज्येष्ठ पुत्र चार पुत्रों में हिरण्यकश्यप के चौर जाके विद्यागुरू सण्डामर्क, हिरण्याता, शुक्राचार्य, कुल गुरु दैत्यों के पुत्र थे, चल्लानंद, ग्राह्लाद।

प्राकाम्य (स) कामसिद्धि।

प्राकृत (स) भाषा, देशभाषा, नीच, स्वभाविक, अयोग्य, माया का विकार, साधारण मनुष्य, अनुष संज्ञा, सदामायाकभी।

प्राकृतकवि (स) सूरदास आदि, पण्डित, बुद्धिमान चतुर।

प्रागल्भ्य, (स) गर्व्व, घमण्ड।

प्राची (स) पूर्व्व दिशा का वाचक, पूर्व दिशा, पूरब, मशरिक।

प्राज्ञ (स) प्रान के स्वरूप की प्राप्ति, सुषोप्ति अवस्था का देवता।

प्राचीनी (स) पाठी। [जड़।

प्राचीमूल, (स) पूर्वदिशा की

प्राचीन (स) पुराना।

प्राट (स) वर्षा, झरीकाल।

प्राण (स) वायुविशेष, श्वास, जीव, पांच प्रकार का देह में रहनेवाला, बायु, इन्द्रिय, पराक्रम।

प्राणपिण्ड (स) बोल, बोल।

प्राणनाथ (स) पति, स्वामी, मालिक। [पलायन।

प्राणमुख (स) भागजाना,

प्राणी (स) प्राण से बना है। जीवधारी, जीव, जंतु, प्राणवाला, प्राणी नाम।

दोहा ॥ जन्तु शरीरी

चेतना, जन्मी प्राणी जंतु ॥
सृष्टि रची विधि चतुर्विध,
कीन्ही कृपा अनंत ॥१॥

प्राणायाम· (स) श्वास का निरोध, योगांग विशेष प्राणों के रोकने का उपाय, पूरक कुंभक रेचक ।

प्राणिन्, (स) जीवधारी. जीव, प्राणी, चेतन, जीवधारी ।

प्रात (स) भोर, प्रभात, सवेरा, तड़का ।

प्रातक्रिया (स) स्नानसंध्या आदि, नितनियम ।

प्रातर्, (स) भोर, प्रात, प्रभात, प्रातःकाल, सुबह ।

प्रातकृत(स)स्नानसंध्या आदि ।

प्रान्त (स) सीमा ।

प्राप्, (स) पाया हुआ ।

प्रापणीय, (स) पानेयोग्य, पहुंचाने योग्य ।

प्राप्य (स) पहुंचकर, पाकर ।

प्रादुर्भाव (स) प्रकाश, आविर्भाव ।

प्राप्त·(स) जाको लाभ भी हो मिला, लब्ध, पायाहुआ, पहुंचाहुआ ।

प्राप्तवानीरशाखम्, (वि॰ बस-नम्) पकड़ा हुआ बेरसल की शाखा से ।

प्राप्ति· (स) लब्ध, नाम सिद्ध, लाभ, गोड़ी, वृद्धि प्राय, पाकर, पहुंचकर ।

प्राहट· प्राहड, (स) वर्षा ऋतु ।

प्रामाणिक· (स) अतिमान्य, सिद्धान्त ।

प्रातस्नायी द्विज (स) कुश, भोरे नहाने वाला ब्राह्मण, कुश शब्द, दोहा ॥ कुश
सो कथा कुश कोट पुनि,
कुश करि कमलन सोइ ॥
प्रात समाई विप्र कुश,
कमलकलो विध होइ ॥१॥

प्राविट· प्रावृष, प्रवृषा, (स) प्रथम वर्षा ऋतु का मेघ, अर्थात् काल, वैशाखा, प्र बहुत जल बरसना, बरसा-काल, वर्षा ऋतु, बरसात, जैसे मानसरामचरित्र में लिखा है । चौ॰ । प्राहट सरद पयोद घनेरे । लरत

मनहुं मारुतके प्रेरे। अ-र्थात् प्रावृट अर्थात् वर्षा के काले घन बादर और शरद के श्वेत बादर के समान बादर। ऋतुक: हैं हिम ऋत १ शिशिरऋतु २ बसन्तऋतु ३ ग्रीष्मऋतु ४ वर्षाऋतु ५ शरदऋतु ६ ये सब दो दो महीने की हैं। अगहन पौष तो हिम ऋतु। माघ फालगुण शिशिरऋतु। चैत्र बैशाख बसन्त ऋतु। ज्येष्ठ अषाढ़ ग्रीष्मऋतु। श्रावण भादों वर्षाऋतु। आश्विन कार्तिक शरद ऋतु हैं ॥६॥ अन्य मत से लिखते हैं ॥ मेष और वृष की संक्रांति ये दोनों ग्रीष्म ऋतु है १ और मिथुन कर्क की संक्रांति को प्रावृट ऋतु कहिये इस ऋतु में बादलों से अम्बर छाया रहै मरीड़ि को लिये थोड़ा बरसे भी यह ऋतु वर्षा ऋतु का भेद है २ सिंह और कन्या की संक्रांति को वर्षा ऋतु कहिये ३ तुला और वृश्चिक की संक्रांति को शरद ऋतु कहिये ४ धन और मकर की संक्रांति को हेमन्त ऋतु कहिये ५ कुंभ और मीन की संक्रांति को बसन्त ऋतु कहिये ॥६॥

प्रामाण्य· (स) ग्राह्य, विश्वास्य।

प्राय: (स) बहुधा, कभीकभी लगभग।

प्रायश्चित· (स) पापनाशक कर्म्म, पापक्षयार्थ शास्त्र विहित व्रतादि कर्म्मों का करना।

प्रायश· प्रायशस·, प्रायेण. (स) विशेष, विस्तार, बहुत करके, बहुधा, प्राय:, बाहुल्य, अधिक, अकसर।

प्रायास· (स) क्लेश, कष्ट।

प्रारब्ध·(स) भाग्य, लिखा, प्रारब्ध, दैव, अदृष्टभेद, पिछले जन्मों के वेकाम में जिनकी सुभा·

शुभ फलभोगने को यह शरीर बना है, क़िसमत।

प्रारब्ध· (स) आरम्भ, उपक्रम, प्रथम, शरू, इबतिदा।

प्रार्थक (स) प्रार्थनाकरनेवाला स्तुति करनेवाला, याचक।

प्रार्थना· (स) विनती, चाहत, वाञ्छा, मांगना, याञ्चा, अर्ज़ करना।

प्रार्थित· (स) वाञ्छित, यांचा, मांगा।

प्रालब्ध· प्रारब्ध· (स) ललाट, भाग्य, अदृष्ट, लिखाहुवा, दैव, अदृष्ट भेद, पिछले जन्मों के कर्म जिनके शुभाशुभ फलभोगने को यह शरीर बना है, क़िस मत।

प्रालेय· (स) पाला, तसार।

प्रालेयाद्रि, (स) पालेका पहाड़ अर्थात् हिमालय।

प्रावृत· (स) ढका, ओढ़नी, घूंघट।

प्रावृष·(स)पावस, बरसा ऋतु।

प्राश्रम·(स क्लेश, परिश्रम कष्ट।

प्रासाद· (स) अटारी, झरोखा, राजभवन, महल, भवन।

प्रांशु· (स) दीर्घ, लम्बा।

प्रिय· (स) प्यारी, अज़ीज़ बल्लभ, प्यारा, हृद्य।

प्रियक· (स) आसन।

प्रियकर· (स) कदम्बवृक्ष।

प्रियङ्करी· (स) सुपेदफूल को रेंगनी।

प्रियङ्गु· (स) प्रियंगु, १ चारो रंग की कांगनी २।

प्रियतम· (स) सज्जन, पति, अति प्यार, बहुत प्यारा, अति, प्रिय. अत्यंतप्रिय।

प्रियव्रत· (स) राजा उत्तान पाद के लघु तारूों के पुत्र जाकी कथा है।

प्रियसी· प्रिया· (प॰स) बल्लभा, पियारी। [नेवाली।

प्रियवादिन (स) प्यारसे बोल-

प्रिया (स) प्रियंगु, प्यारी, अपनी, स्त्री।

प्रियाल· (स) चिरंबजी।

प्रीति· (स) हर्ष, मोद, तृप्ति, प्रेम, प्यार, मुहब्बत, दोस्ती प्रीति वा लज्जा वा लोक नाम-छंद काव्य। कीन्ह भक्ति हरि प्रेम प्रीति दोहद सनेह हित ॥ हार पर्णोपनु राग त्यागि बैराग देत मति ॥ बीड़ालज्जा सकुच तथा संकोच छूटी सब ॥ छोड़े हरि के हेत हास निज सही लोक भव ॥१॥ भाव भवन संसार विश्वविष्टप जग संसृति ॥ देत हमै पद योगभोग दीन्हे कुबजा पति ॥ घोर न तप उपदेश आप हरि धूरि उड़ावत ॥ चौबीस मता छंद नाम यह काव्य कहावत ॥२ ॥ दोहा। ता औसर गुंजन लग्यो, चंचरीक एक आय ॥ तासो बोली गोपिका, यदुपतिसखहि सुनाय ॥१

प्रीता· (द) मित्र ।

प्रीते· (प) प्रीतियुत ।

प्रेत· (स) शव, मुरदा, मृत्युका।

प्रेतनदी· (स) बैतरणीनदी ।

प्रेतनिवास·(स) श्मशान, मसान मुर्दारघाट, मुर्दघटी ।

प्रेम· (स) प्रीति, स्नेह, पियार लाड। [मुहब्बत, ।

प्रेमन्· (स) प्रेम, स्नेह, प्रीति

प्रेमाभक्ति· (स) जो प्रेम ते अंध होकैं और अंग के भूषण, और अंगमों पहिराबै, भोजन औरते और खिलावि इत्यादिक जैसो सेवरी अरु बिदुर जी को फल ।

प्रेमी· (स) स्नेही, छोही, मयालु।

प्रेरक· (स) आज्ञाकरैया, भेजनहार, आज्ञाकरनेवाला, प्रेरणाकरनेवाला।

प्रेरण· (स) भेजना, नियोग, आज्ञा, प्रवर्त्तन, पठवना, आज्ञादेना।

प्रेरित· प्रेरे· (स) भेजाहुआ, पठायाहुआ, आज्ञापाके,

आज्ञा किया गया, प्रेरण, भेजना, आज्ञा पाये, पठाय भेजा, भेजाना।

प्रेष्ट (स) वल्लभ, अत्यन्तप्रिय।

प्रेष्य. (स) सेवक, पियादा, दूत।

प्रेषण. ( ) कहीं जाने के लिये आज्ञा देना, भेजना।

प्रेमसमूह (स) उत्कंठा, छंद मंजुभाषिनी॥ कांतसखि कांति स्यामकी॥ रति भई हृदय आस काम की॥ सखि देख ये अब परे गले भुजा॥ मगनें जगांन धुना धुना॥ १॥

प्रेह (स) इन्द्रीचेष्टा।

प्रेक्षण (स) चक्षु, दर्शन, देख जाना।

प्रोक्त (स) कथित, भणित, उक्त कही, कहागया, कहा।

प्रोढ़ (स) सेयानपन, दृढ़ता, मोटा। [बध.।

प्रोक्षण (स) छिड़कना, यज्ञ में

प्रोषित (स) प्रदूर बस, दूर रहना, जो विदेश में हो, विदेश गया हुआ, विदेशी, प्रकसाया।

प्रोषिता, प्रोषितपतिका, प्रोषित भर्त्तृका (स) प्रोषिपतिवा भर्त्ता, वह नायिका जिस का पति परदेश में हो।

प्रोषिता छंदविहार। कठोर हदे तनु स्यादमय। विनु नित्य अभीत॥ दिये पयनाग हरै अस ज्यों बलि वामन जीत॥ तजे हरि हह पिता जननी पुनि प्रीति प्रतीत॥ फनेंद्र कह्यो जगनं षट छंद बिहारन रीत॥ १॥

प्रौढ़ (स) सेयाना, निपुण, साहसी, बड़ा सामर्थ, प्रवीण, मोटा।

प्रौढ़ (स) साभिमान यतकरी जोखिम, विवाद, उद्योग, अभिमान से करना।

प्लव (स) नौका, कूद, फांद उछाल, केवटो मोथा।

प्रवा· (स) जल, में पैरनेवाले पची।

प्लच· (स) पांड़र।

प्लीहशत्रु· (स) शर्फोंका।

प्लीहहन्त्री· (स) रोहेर।

प्लवङ्ग· (स) बानर, बन्दर।

प्लुत·(स)स्वरविशेष,डूबाव,दह।

प्लुति· (स) उछलना, कूदना, फांदना।

प्यास बुझाना,मु॰ प्यास मिटाना, जलपीलेना, पानी पीलाना।

प्यारामानना, मु॰ आदर करना, सन्मान करना, श्रेष्ट समझना।

प्यासलगना,मु॰प्यासा होना।

प्यासे मरना, मु॰ बहुत प्यास होना।

फ

फञ्जी·फञ्जिका· (स) बभनेठी।

फणिमणि· (स) } सांप का
फणिमुक्ता· } मोती।

फणी· (स) } मरुआ।
फणिज्ज· }

फटिक· (प) बिल्लौर, स्फटिक, उज्जल पाथर।

फटिकशिला· (प) वह शिला जो पहाड़ मे टूट के गिरी हो, पहाड़ का टूटा हुआ पत्थर। [मस्तक।

फण· फन, (सद) सर्पकापसारा

फणधर· फणिक· फणी· (स) सर्प, नाग, व्याल, सांप।

फणि·फनि·(स,द) सांप, सर्प।

फणीन्द्र· फणीश (स) शेषनाग, बासुकी, सर्पराज।

फरशा· (प) फावड़ा, कुल्हाड़ी, टांगी।

फरी· (स) ढाल, फलक।

फल· (स) वृच का शस्य, कर्मसिद्ध, मेवा, अर्थ, धर्म, काम, मोच,इन्ही का फल, कर्म का फल, लाभ, नतीजा। [बहेरा।

फलत्रिका· (स) अवंला, हर्र,

फलपूरक· (स) बिजौरा लेमू।

फलशाक· (स) तरकारी, फल के किसम की।

फलक· (स) ढाल, ललाट की हड्डी।

फलंसी· (स) अखरोट।

फाल्गुन· (स) मासविशेष, फागुन।

फलगुनी· (स) किंचित्, थोड़ा।

फलद· (स) फलदायक, फलोदाता। [सदैववार।

फलदाता· फलदायक· (स) फ·

फलपिता· (स) पुष्प, फूल।

फलवैराग्य· (स) जो विषय त्याग, वाको पुनि चाहना ही न होना।

फलरुहा· (स) पाटली।

फला· (स) मेथी, समीष्टच।

फलाध्यच· (स) खिरनी।

फलिनी· (स) प्रियङ्गु।

फलेन्द्र· (स) फलेना जामुन।

फली (स) चंपाफूल।

फंकामारना, मु॰ मुट्ठीभर चीज़ एक बार मुंह में लेना, भूखेरहना।

फफोले फूटने, मु॰ दिल में दुख पाना, मन में चिंता होना, दुखपाना।

फफोले दिल के फोड़ने, मु॰ मन की चाह पूरी करना।

फबती कहना, मु॰ चुटकुला करना, चुहलकरना, किसीके पहरावे की हंसी करना।

फलपाना, मु॰ भले या बुरे काम का एवजा मिलना, बदला मिलना। [वै फल।

फलफलारी, मु॰ नाना प्रकार

फलफूल, मु॰ वनस्पति।

फलनाफूलना, मु॰ भाग्यवान होना, सुखी होना।

फलांग· (द) डेग, कूद, फाल।

फलित· (स) फल समेत, फलसहित।

फांसीदेना, मु॰ गला दबाना, मार डालना, फांसी पर चढ़ाना या लटकाना।

फांसीपड़ना, मु॰ फांसी दिया जाना, माराजाना, लटकाया जाना।

फांसी लगाना, मु॰ गलाघोंटना, गलादबाना, मार डालना।

फागखेलना, मु॰ अबीर उड़ाना होलीखेलना, गाली बकना।

फाड़खाना, मु॰ भमोंड़ना, सताना, बहुतक्रोध करना।

फिटफिट मु॰ धिक्धिक, छीछी।

फिरजाना मु॰ पलाना, धक्का मारना, बागी होना, ऐंठना, बलखाना, टेढ़ाहोना।

फुंकदेना, मु॰ आगलगा देना।

फूंकफूंककर पांवधरना, मु॰ बहुत सावधानी से काम करना या रहना।

फूटपड़ना, मु॰ बखेड़ा मचाना, बिरोध होना।

फूट फूट कर रोना, मु॰ उमंड उमंड कर रोना, बहुत रोना।

फूट होना, मु॰ किसी की सम्मति नहीं मिलना, एक मता न होना।

फूटरहना, मु॰ अलगहोजाना, जोड़ा न होना।

फूलजाना, मु॰ सूज जाना, प्रसन्न होना, आनन्दित होना, मोटा होना।

फूलभड़ना, मु॰ सुंदरताई से बोलना, मीठाबोलना, दीपक से जले हुए तेल के टपकों का गिरना।

फूलपड़ना, मु॰ आग लगजाना, जलजाना।

फूलबैठना, मु॰ खुशहोना, प्रसन्न होना, हर्षित होना, प्रसन्न होकर बैठना, रंज को बैठना।

फूलतापिरना, मु॰ अत्यन्त प्रसन्न होना, बहुतखुश होना।

फूला न समाना, मु॰ मगनहोना, अत्यन्त आनंदित होना, आनन्द से फूल जाना।

फूस में चिनगारी डालना मु॰ बखेड़ा मचाना, झगड़ा उठाना।

फेंकदेना, मु॰ दूर गिरादेना।

फेंटबांधना, मु॰ किसीकाम कि करनेके लिये तैयार होना, ठानना, ठहराना, कमर बांधना।

फेरखाना, मु॰ घुमना, चक्कर खाना, दुख पाना, तक-लीफ उठाना।

फेरदेना, मु॰ उलटादेना, पीछा दे देना, लौटादेना।

फेरपड़ना, मु॰ फरक पड़ना, बीच रहना, चक्कर पड़ना, दुख होना।

फेरफार, मु॰ छल, फरेब, धो-खा, दगा, खोसरा खोसरी, परस्पर, फेराफेरी।

फेरफारकरना, मु॰ अदल बदल करना, परिवर्तन करना, कपट करना, धोखा देना।

फेराफेरी, मु॰ आपस में किसी चीज़ को लेना और पीछे देना।

सिरपर हाथ फेरना, मु॰ फुसला-कर ठगना।

हाथ फेरना, मु॰ प्यार करना, दुलार करना, छोहकरना।

फली, (स) वृक्ष, सफल, छीमी चम्पाफूल। [आनन्द।

फलोदय (स) लाभ, प्राप्ति,

फलिपुष्पा (स) गूमा।

फलेरुहा. (स) पांडुरवृक्ष।

फल्गू (स) कोठाडुम्बर।

फाणित (स) राबा।

फहराई (द) कूदती हैं, फहराते हैं।

फाबी, (द) पुष्ट, मज़बूत, प्राप्ति, फबो, फबना, सजना। सोभना, चौ॰ कुमतिहि कस कुभेषता फाबी। अनअहि-वात सूच जनु भाबी। अर्थात् सोही भावी मानो अन अहिवात को जनावती हैं।

फाल्गुन (स) मासभेद, नाम अर्ज्जुन पांडव, मास विशेष, फागुन। [सिद्धि।

फुर (द) सत्य, साच, ठीक,

फुलवाई (प) फूल का बाग़, फूलवारी। [सिद्धि।

फूर (द) साच, सत्य, ठीक,

फेन (द) भाग।

रूपी धन्वा से वचन रूपी बाण जो रावण के अंतस में बेध जाते हैं उनको मानो अपने उत्तर रूपी संडसी से निकालता जाता है आप निकालने का सावकाश नहीं पाता।

बकी· (द) बकुली, चौ०। फिरा कमँ प्रियलागु कुचाली, बकिहि सराहति मान मराली॥ बकुली को हंसी मान प्रशंसा करती है।

बक· (स) बगुलापक्षी, झक, गया।

बकलाम्बर· (प) केला का बकुला का वस्त्र।

बकरी· (द) छेरी, घाजा, अजा लिंगा शब्द। दोहा। अजा छाग माया अजा, जिहि मोहे अजवाम। निशा कामिनी कहत कवि, निसा हरिद्रा नाम।

बकरा· (द) छेर, अज शब्द। दो०। अजबकरा अज पितामह, अज कहिये पुनि ईस। अजजीवन भर भर कहत, अज एकै जगदीस।

बकुल· (स) मौलसिरीपुष्प, मौलसिरी, मुरसली, चौ० चंपक बकुल कदंब तमाला। पाटल पनस पलास रसाला। नव पल्लव कुसमित तरु नाना। चंचरीक पटली कर गाना। अर्थात् बकुल मौलश्री पाटल गुलाब कोज पांडरि पनस कटहर रसाल आम चंचरीक पटली भ्रमर की पंक्ति।

बक्ता· } बकता } (स) बोलता, बकनहार कथनिक, कहनेवाला।

बक्र· (स) } बक्र } बाङ्का, टेढ़ा।

बग· (स) क्रौंच, बक, बगुला।

बगछुट· (प) सरपट, धावा, झटपट।

बगमेल· (प) दो०। आइ गए बगमेल, धरहु धरहु धावत सुभट। जथा बिलोकि अकेल, बाल रबिहि घेरत

दनुज ॥१॥ बगमेल कहैं बाग छांडि के अर्थात् अश्व आदि वाहन दौड़ाय के वा बाग मिलाय अर्थात् परा टोनों जमाय के एकत्र ह्वै हल्ला करि कै सुभट धावत धरहु धरहु कहत आइ गए जैसे चकोर देखि प्रातःकाल के सूर्य्य को दनुज संदेह नाम घेरते हैं। बागमिलाय के हल्ला कारण हल्ला करि के, खेलि घोड़ा हाथी, इत्यादिकन्ह को बाग ढील कै दौराना ।

बगरे·(द)फेले, बिगरे, बगरना, फैलना ।

बङ्ग· बङ्ग (स· फ) बाङ्गा, शब्द ।

बकध्यानलगाना, मु॰ पाखंड-करना, कपटकरना ।

बकझक, मु॰ बकबक, गप सप, बकवाद, वृथाबातें ।

बकझककरना, बकबक करना मु॰ टेंटें करना, चेंचें करना, बकबककरना, बकवाद-करना, बड़बड़ाना ।

बक लगाना, मु॰ हूहा करना, गुल मचाना, हल्लड़ करना ।

बन्दरकिसीपर चढ़बढ़ना, मु॰ तुरत रिसाना, जल्द-गुस्से होना ।

बंदर की तरह नचाना, मु॰ बड़ा कठिन काम करवाना ।

बंदरक्याजानैअदरकका स्वाद, मु॰ मूर्ख आदमी अच्छी चीजों का गुन नहीं जानता ।

बक्कनाल· (स) टेढ़ाकमलनाल, बालकस्थान गर्भमध्य, बचे दानी ।

बक्का· (द) लुका, नवार, बक्का, बांस की काड़ का पोर, सब तें बिरोधी ।

बखेड़ा चुकाना, मु॰ झगड़ा मिटाना । [बखवाकरना ।

बखेड़ा मचाना, मु॰ दंगाकरना,

बच·(स) बचन, बात । [बढ़ती ।

बचती· (प) शेष, अवशिष्ट, बचस्, बचांसि, बच, (स) बचन, बोली ।

बचांसि(स) बातें, बचन।

बचनचूक, सु० अविश्वासी।

बचनछोड़ना, सु० बचन तोड़ना।

बचनलेना सु० इकरार करना।

बचनहारना, सु० इकरार करलेना, मानलेना।

बचनतोड़ना, सु० कही हुई बात से फिर जाना, शर्त से फिर जाना।

बचनबज्र, सु० कठोरबचन, असभ्यबचन।

बचनदेना, सु० पक्काकौल करना, प्रणकरना, प्रतिज्ञाकरना।

बचननिभाना या पालना, सु० कहे को पूरा करना, अपनीबातपरपक्का रहना।

बचनबंधकरना सु० बचन लेना, इकरार कराना।

बचनबंधहोना सु० बचन देना।

बचनमानना, सु० बातमानना, आज्ञापालन करना।

बछ }
बच्छ } (प) पुत्र, बछरू, हृदय अतिप्रिय, बत्स।

बछल }
बच्छल } (प) दयापालक, बत्सल दयायुत।

बजन्त्री (स) समाजी, बाद्यकर।

बज्र (स) नाम इन्द्रहथियार, हीरामणि, हीरा नाम दोहा। निःकंपा हक, बज्र पुनि, हीरा, बने जु ऐन। सकुचतीय मन निरखिमन, भूप भवन छवि मैन ॥१॥ गाज, इन्द्र का शस्त्र दो०। शंब पश्चनिश्वर ह्रादिनी, कुलिश बज्र निर्घात। दंभोलि शत कोटि पवि, भिदुर इकादश ख्यात॥१॥ पुनः दो०। अशनी कुलिश नघात पुनि, बज्र सीतयौनाहिं। परी बुरी के धाम जे, बिरस करै रस माहिं॥१॥

बज्रपात(स)गाज का गिरना।

बज्रधर (स) इन्द्र, धर्मराज।

बञ्चक वंचक (स) धूर्तजन, ठग।

बञ्चन वंचन (स) धूर्ताई, ठगाई, ठगाना।

वञ्जुल· (स) बेतवृक्ष ।

वट· (स) सामान्यवृक्ष, बड़वृक्ष, ग़ार, कौड़ी, बट का पेड़ ।
बट नाक नाम—दो॰
जटिल पटीर कपाल बट, जदपि पूतन्ह योध । यह बंसीबट देखु बलि, सब लिख निरुपम बोध ॥ १ ॥

वटाज· (स) बटोही, पथिक ।

बट्टालगना, मु॰ दागलगना ।

बड़बोला· मु॰ शेख़ी बघारने वाला ।

बड़भकुवा, मु॰ मूरख ।

बड़पेटा, मु॰ बहुत खानेवाला ॥

बढ़ाकरना· मु॰ बढ़ाना, चराग़ को बुझादेना ।

बड़ाबोल, मु॰ घमण्ड की बातें ।

बड़ेबोल का सिर नीचा, मु॰ घमण्डमें खराबी होती है ।

बड़ा रस्ता पकड़ना, मु॰ मर जाना ।

बड़े पेट वाला होना मु॰ संतोषी होना, धीरहोना, क्षमावान होना ।

बड़ाई करना, बड़ाई मारना, मु॰ सराहना, प्रशंसा करना, स्तुति करना, घमंड करना, शेख़ीबघारना, डींग मारना, लम्बी चौड़ी हाँकना, अपनी सराहन करना ।

वटु· (स) विद्यार्थी, ब्रह्मचारी, बालक, ब्राह्मण की पुत्र ।

बटोही (स) पथिक, राही ।

बड़· (प) वृक्ष विशेष, बरगत, वट, बड़ा, अधिक, सेवान ।

बड़व· (स) अग्नि, जल भीतर का आग ।

बड़वा· (स) अश्विनी, घोड़ी ।

बड़वानल· (स) अग्नि जल वासी, समुद्र की अग्नि, बड़वाग्नि, समुद्रकी आग ।

बड़सी, बड़िश (प.स) बंसी मीन की, कुलिश ।

बड़ाई देना, मु॰ आदरदेना, इज्जतदेना ।

बड़ीबातनहीं, मु॰ कुछ कठिन नहीं ।

बढ़चलना, मु॰ धीठहोना, अभिमानीहोना।

बढ़जाना, मु॰ अंदाज़ सेबाहर होना।

बढ़ेई॰ (प) अधिक, बड़ा, विस्तार, मुख्य।

वणिक॰ (स) महाजन, व्यापारी, बनिया सौदागरी तिजारत।

वाणिज्य॰ } (स) वाणिज्य, व्यापार, बनिया, सौदागरी, तिजारत, रोज़गार।
वणिज॰ }

वत (स) बात, वार्ता।

बतकही (स) बात।

बताई॰ (प) नाश, बुझाई, ठंढ़ा, बुतायी।

बताना (स) बुताना, बुझाना।

बतासा (द) बतासा, हवा एक प्रकार की मिठाई।

बतिया॰ (प) बात, छोटाफल।

वत् (स) तुल्य, सादृश्य, योग्य।

बतबना, मु॰ बातूनी, बात बनाने वाला।

बतबढ़ाव मु॰ बात बढ़ाना।

बत्तीलगाना, मु॰ तोप दागना।

बत्तीजलाना, मु॰ चराग़ जलाना, दीया जलाना।

बत्तीचढ़ाना, मु॰ घाव में बत्ती डालना।

बत्तीसीदिखाना, मु॰ दांत दिखाना, हंसना।

वत्स॰ वैवत्स, (स) बछरू, गोपुत्र, लेरु, शिशु, वर्ष।

वत्सल॰ (स) पालक, सहायक, दयावन्त, दयायुत, बछरांगी तहित।

वद (स) वक्ता, रोगी विशेष, व्याघी, कहडू, कहो, प्रवादि।

वदत (स) कहत

वदति॰ (स) कहता है, एक, कहता है।

वदन॰ (स फ) मुख, देह, शरीर।

वदन्॰ (स) कहन, बोलन।

वदन्ति॰ (स) कहता हैं सब।

बदर॰ (प. स) बादल, प्रतीकार असन्त, कर्कन्धु, बेर का फल जाको बेर कूं कहत है।

बदरि.(प) } मेघ, बेर का वृक्ष,
बदरी.(स) } करकंधु वृक्ष, बेर का वृक्ष, बेर का पेड़, बदरी नाम—दोहा ॥ कर्कंधू बदरी कुवल, कोलि कोल फेणील ॥ दिये राम प्रति प्रेम युत, शबरी भक्ति सुशील ॥१॥ मानसरामचरित्र में लिखा है। चौ०। जिन्हहि विश्व कर बदरि समाना। अर्थात् जिन को संसार हाथ में बेरि समान है।

बदरीबन (स) प्रयाग।

बदल.(प) मेघ, घटा, प्रतीकार, अवज्ञे। [एक प्राणी।

बदामि.(स) कहत है हम

बदि. (प) कहिकै, भाषिकै, बदना, कहना, कह करके। [पाक्ष।

बदी. (स) कृष्णपक्ष, पहिला

बद्दल. (प) मेघ, घटा, बदली।

बद्ध. (स) दृढ, बांधा, रोका, दृढ़, नियद्ध, रचित, बंधा हुआ।

बध. (स) हिंसा, हनन, हत्या, नाश, मारण, शत्रु वा बध नाम—छंद शिखरनी ॥ सपत्नं आराती अहित अभिघाती रिपु अरी ॥ विपक्षं अमित्रं द्वषतपरि पंथी दुख करी ॥ हिटं शत्रू दस्यू दुहृद पर बैरी दृश सुखं ॥ सिया स्वामी ताको कदन बध कीन्हीं सुर सुखं ॥१॥ निपाती संहारी हनन हत घाती बसुमती ॥ बिडौजा यौ देखा ऋषि सुभ भाष्यो अस्तुती ॥ यमानं मागानं नगन सगना भागन धुजा ॥ कह्यो भोगी राजा शिखर- निहि छंदा शुभ सजा ॥२॥

बधिक (स) व्याधा, चण्डाल, शस्त्रधर, बहेलिया।

बधिर. (स) बहीर, कनफूटा, बहिरा, बहरा।

बधुनी. बधू. } (स) स्त्री, पत्र
बधु } पत्नी, बहू, विवाहिता स्त्री।

बधू (स) स्त्री, पतोहू।

बधूटी (सं) नवीनता स्त्री, युवती, छोटी अवस्था की स्त्री। । योग्य।

बध्य (स) हननीय, मारने

बन (स) (द) } कानन, जल, पानी, बौरीलगाल, बाटिका, समूह सघन बंगा जाकी कह होता है, जंगल, आरण्य उपबननाम। दोहा। छती भवन उद्यान पुनि, उपबन सोइ आराम। यह वृन्दावन बाग तुप, लखु बलि छबि की धाम ॥ १ ॥ कानन नाम। दोहा। कानन बिपिन अरन्यबन, गहन वकु कांतार। अटवी में छूकलि दई, मो सन नन्द कुमार ॥२॥ बन नाम छंद पंचायकी। बिपिन गहन आरण्य कानन ॥ कांतार अटवी दुर्ग कानन ॥ लखत नाम रघुपति सरि निकुंज। षोडश कला छंद पनावलि ॥ ३ ॥ बन शब्द। दोहा। बन पानी को कहत कवि, बन बारिद को नाम। बन कानन ते सुरभी संग, बन आवत नंदलाल ॥४॥ बन विहार—छंद सुंदर। वृष-भानुसुता हरि संग लिये। बन डोलत कांत बसंत सुहाई। फल फूलनि फूल फली सगरी महि लाग लता अति सौरभ छाई। अलि गुंजि पराग सुपान करें खग कालिक मोर गिरा सुखदाई। सगनै वसु अंत गुरु धरिये यह सुंदर छन्द सुरीत कहाई ॥५

बनचक (द) ठग, मक्कार, धूर्त, सम्बोधन बंचक नाम। दोहा। हेरे हो भी अति छली, कपटी बंच बचाल। व्याजि छलघ्नी जिन्हगी, हरिछबि भरे रसाल ॥ १ ॥

बनचर· (स) बानरादि बनवासी, बानर, जंगली, बनचर नाम—दोहा। चित्र कूट सेवत प्रभू, बनचर व्याध किरात। धानुष लुब्धक शबर पुनि, दस्यु पुलिंद किरात॥ १॥

बनचरलता· (स) केमाच, कीमाच नाम—दो०। कोल बल्लिका कपिलता, विख्यात्र्य सोनाह। कंडु करति ए अंग में, कानन के बलि जाउं॥ १॥

बनज· (स) बन भूर, जलभूर, कमल चन्द्रमा, जलचर मीनादि।

बनवाहन· (द) नाव।

बनमाल· बनमाला, (स) फूल से बनी माला पञ्चवस्तु की, तुलसी, कुन्द, मन्दार फूल और पत्ते की माला, सरोरुह, पारिजात। ५।

बनजबनु } (स,द) कमलबन,
बनजबन· } चौ० भरत दुखित परिवार निहारा। मानहु तुहिन बनजबनु मारा।
अर्थात् मानो पालाने कमल के बन को मारा।

बनाव· (स) वेष, शृङ्गार, रचाव।

बनिक· (स) बनिया, महाजन।

बनआना. मु० होसकना, भाग्य जागना, किस्मत खुलना।

बनजाना· मु० होजाना।

बनपड़ना· मु० सुधरना, भला होना, बनना, होसकना, सफल होना, सिद्ध होना।

बनिज· (स) महाजनी, बनियौटी, व्यापार,।

बनिता· (स) स्त्री, नारी, मेहरी।

बनिक, बणिक· (द स) बनिया।

बनी· (स) दुलहिन, नयी बहू, मञ्जरी का बन।

बन्दन· बंदन, (स) प्रणाम, नमस्कार, दण्डवत्, सो तीन प्रकार के हैं, एक सहज भाव निवेशक जैसे बाप आदि

सम्बन्धी० १ अपनों सों कीन जो बड़ो है राजा इत्यादिक० । २ । तीसरा खरपत्ति, निवेग जैसा गुन है किन्तु दुष्ट है । ३ ।

बन्दनवार (स) सिहरा मोर ।

बन्दनीय (स) नमस्कार योग्य, प्रणामकरने के योग्य ।

बन्दावहि (स) बन्दते हैं हि मारो ।

बन्दामहि (स) बन्दते हैं हम सब ।

बन्दी } (स) भाट कवि,
बन्दीजन } (फ) गिरा भूषण, बन्धुवा, कैदी ।

बन्द्य बंद्य (स) नमस्कार योग्य ।

बंध में पड़ना या आना, मु० कैदी होना, कैद में आना ।

बन्ध्या (स) बांझी, बन्ध्या ।

बन्धु (स) भाई बड़ा, स्वजन, नतैत, कुटुंब, मित्र, भाई, बांधना, संबंधी । दोहा ।
होनी बस निज मृत्यु हित, कंस कीन्ह ततकाल । उद्यम औ उद्योग बहु, बोलि पठाये काल । १ ।

बंधुनाम । दोहा । बंधु सगोत्र सनाभि सो दयो सहोदर भ्रात । स्वः सनात बांधव स्वजन, दोउ मथुरा जात ॥२॥

बंधुक बंधुजीवक, (स०) दोपहरिया पुष्प, रक्तवर्ण ।

बंधुर (स०) सुन्दर, उत्तम ।

बंध्या (स०) बांझी नारी ।

बपुः वपुष, वपु, (स०प) काया, शरीर, देह ।

बपुरा (ह०) रङ्क, कङ्गाल, अनाथ, दुखिया ।

बभ्रु (स) पपीहा पक्षी ।

बम (स०) बाहु, सोता, चार हाथ परिमाण ।

बनबनकरबिगड़ना, मु०तैयार होकर खराब होजाना ।

बनाचुना, मु० संवारा हुआ, सिंगारा हुआ । [हुआ ।

बनाठना, मु० खूब सिंगारा

बना बनाया, मु० तैयार, पूरा, सिद्ध ।

बनारहना, मु० ठहरारहना

बफारालेना, मु० भाफ को बंद करके शरी में जाने देना।

बमत· बमन· (स) बोकर, ओक, छाटना, रद्द, अडारि कांटता है, रद्द करता है, छांटकरन।

बय· बयस· (सं) विहङ्गम, काल, योवन, जात, अवस्था, आयुर्दा· अमिर, वैश्य बनिया. बयस शब्द — दोहा ॥ वयस विहंगम को कहत, बयस कहिये पुनि काल । बयस जु जोवन जात है, भजले मदन गोपाल ॥१॥ काल शब्द — दो० काल असित को काल वध, धर्म राज पुनि काल । काल व्याल के काल हरि, मोहन मदन गोपाल ॥ २ ॥ [बचन ।

बयन, (स, प) राग।विशेष.

बयसा· (द) बैठा ।

बयस्था· (द, स) हरड़े वृक्ष ।

बयाई· (द) दलाली, महाजनी ।

बयार· बयारी· (प) पवन, वायु हवा ।

बये· (द) बोए, बोवा ।

बर· (स) श्रेष्ठ, देवता, प्रेत, सुन्दर, दुल्हा, संसार, कुंकुम, छाया, टिकोर, पति, तिय, बरदान, बल, आशिष, बरना, जलना, जोर, बट वृक्ष, कन्या का पति, अमात्य, बर शब्द— दोहा ॥ बर सुंदर संसार बर, बर जो देवता देत । बर कुंकुम बर छाया पुनि, बर तिय हिय हरि लेत ॥

बरअड· (द) पच्छावेल, नंदी ।

बरबीरु· (द) श्रेष्ठ बीर ।

बरबंडा· (द) अति बली ।

बरकर· (स) बिस्तार हाथ ।

बरन· (स) वर्ण, अक्षर, जाति वर्णन ।

बरनी· बरणी· (द,स) कही, भाषी, कथित ।

बदर· (स) बेर, बैर।

बरद्मग्रीव· (स) श्रेष्ठवाह्मे-न्द्रिय, निपुण, स्वभाविक, गूढ़ा विशेष।

बरदायक· (स) शिव, महादेव, बरदेनहार। [पीत।

बरवर्णिनी·(स) हरिद्रा, हलदी,

बरवरनी· बरवर्णी· (स) गोरी, श्रेष्ठ रंग वाली।

बरवाट· (द) सुन्दरराह।

बरप्रसाद· (स) बरदान का प्रभाव।

बरवस· (प) जोरावरी, बल।

बरहि· (स) बर्हिन, मोर।

बररती· (स) सुन्दर रूप।

बरबेलि· (स) वृक्ष विशेष, पान, दो० । मलिन बसन बिबरन बिकल, छीन स-रीर दुख भारि। कनक बरन बरबेलि बन, मानहुं हनी तुषारि॥ अर्थात् बर बेलि अर्थात् नागवल्ली जस का जो अग्रभाग सुवर्ण-के तुल्य है उस पर मानो तुषार पड़ा।

बररै·(प) बरैरा, खड्डा, बिरनी।

बर्णाधम·(स) चारवर्ण से बाहर।

बरहीवृन्द· (स) कलाप—दो० गुन कलाप तूनीरकहि, चमरन चाहि कलाप। बरही वृन्द कलाप पुनि, हरि हर भजन कलाप १॥

बरबाभन·(स) बर्वदिन ब्राह्मण का भोजन।

बरस्वर्गी· (स) मुक्ति, कल्याण।

बरा· (स) धरती, भूमि।

बराई· (प) किसी को हटाय देना, दूर डालना।

बराक·(स)बलाक, बगुला पक्षी।

बराएं· बराए· (प) बचाइ के, छोड़ि के, हटा के, बचा करके।

बराह· बाराह· (स) शूकर, सूअर, बनैला।

बरि·(प)बांटि के, ऐंठि के, बटि करिके, बट करके, बरना, बटना, बहुरि।

बरियाँ· (द) बेला, समय, बाग।

बरिबण्ड· } (द) बली, तेजस्वी,
बरिवंड· } बलवंत,प्रतापवान्।

बरियाई· (प) ज़ोरावरी, ज़ब-
रदस्ती।

बरियार· } (प) बली, ज़बर-
बरियार· } दस्त, जोरावर।

बरिष्ठ· (स) अतिश्रेष्ठ, अति
उत्तम।

बरी· (स) ब्याही नारी, बरना,
ब्याह करना।

बरीसा.(प) बरिस, वर्ष,बारह
मास।

बरु· बरुक·(द)कदाचित्, भले,
बलुक, बल्कि।

बरुची· (स) कोष विशेष।

बरुण·} (स) जलदेवता,
बरुन·} जल,श्याम,वृक्ष विशेष,
बरुन शब्द—दोहा। बरुन
कहत पति नीर के, बरुन
श्याम को नाम। बरुन
हरे तट नन्द जय, कैसे
धाये श्याम ॥ १ ॥ बरुण
नाम—दोहा०। यादसाम्पति बरुण पुनि, कंप
प्रचेता नाम। अप्पति
पाशी सहित घट, पश्चिम
आसा धाम ॥२॥ पुनः—
दोहा। बरुन प्रचेता
पांसुपति, जलचरपति
जलईस। ते तुमपिय के
पगन तर, नित उठि धरत
जो सीस॥३॥ बरुणा नाम
दो०। हे कुमार बरुणा ब-
रुण,शिक्षा धाम भो खेत।
नित वृषभानुकुमारिका,
सत्य कहो मम हेत ॥४॥

बरूथ. बरूथिनि. (स) यूथ,
समूह, सेना, झुण्ड।

बरेरा· बरेरी. (स) बिरनी,
भिर्री, हड्डा कीट दंशक।

बरेश. बरेशू· (स) बड़ा राजा
श्रेष्ठ राजा।

बरेषो· (स) बरतूही, दुलह का
खोज, ब्याह की बात,बरे-
च्छा, बर देखौनी, दुलहा
ठहराना।

बरोरु. बरोरू· (स,द) सुन्दर
जांघवाली, बांका गाती
की स्त्री।

वर्ग·
वर्ग· } (स) जाति, समूह।

वर्छा· वर्छी· (प) गड़हिया, भेल, बाण विशेष।

वर्छैत.(प) भालैत, अश्वाफिकेया।

वर्ज्जन, (स) त्याग, निषेध, छोड़न। [निषिद्ध।

वर्ज्जित· (स) त्यागा, रहित।

वर्ण. (स) जाति, रङ्ग, आक्षर।

वर्णन· (स) बखान, स्तुति, बिवरण, रङ्गना।

वर्णसङ्कर· (स) दोगला, मिश्रित।

वर्णिका· (स) कहतब, कथन।

वर्त्तमान· (स) बिद्यमान, उपस्थित्।

वर्त्म· (स) मार्ग, डगर।

वर्द्ध· (स) बढ़व, बढ़न्ती।

वर्ब्बर· बर्बर· (प) अधम, बकबाद, नीच, बकवादी।

वर्म्म· वर्म·(स) बकतर, रण बस्त्र, बखतर।

वर्म्मण· वर्म्मा, (स) क्षत्री संज्ञा, क्षत्रियों को पदवी।

वर्म्मणी· (स) क्षत्राणी, नारी क्षात्र।

वर्य्य· वर्य· (स) श्रेष्ठ· उत्तम।

वर्ष· (स) बारह मास १२॥ वर्ष नाम—दोहा॥ अब्द समा वत्सर सरत, हायन संवत साल॥ वर्ष कल्पसम जात नित, बिनु दरसन गोपाल।१। गोपबधुन पद बंदि पुनि, नंद घर ऊधव आए॥ बिदा मांगि मथुरा गये, मिलि स्याम ते जाय॥२॥

वर्षाशन· (स) वर्षभोजन, दक्षिणाबिशेष, वर्षासन, बरिस दिन का भोजन।

वर्हि· वर्हि मुख, (स) देवता, बृक्ष।

वर्ही· बरही (स) मोरपक्षी, द्रुम, अग्नि, कुक्कुट, बरही के नाम। दोहा। बरही द्रुम बरही अगिनि, बरही कुक्कुट नाम॥ बरही मोर किशोर के, चन्द्र धरे सिर श्याम।

वर्च्ची· (स) कन्या बिशेष, दशो प्रचेताओं की स्त्री।

वल· (स) बीर, धीर्य, धर्म्म,

नृपदल, साहस, दैत्य, बलराम, सामर्थ्य, शक्ति, ऐंठन, ज़ोर, सेना, पराक्रम, ताक़त। बल शब्द॥ दोहा। बल बीरज धीरज बहुरि, बल नृप दल को नाम॥ बल सहसा बलदैत्य पुनि, बल कहिये बलराम॥ १॥

बला· (स) बला शब्द—दोहा। बला मैन धरनी बला, बला औषधी होय। बला अचला जानुभी, जिहि जांचे सब कोय॥ १॥

बलाकलभीर, (द) भोजपत्र।

बलाकल· (स) बेला की बखुला, बकला, बोकुल, बल्कल। चौ· बलाकल बसन जटिल तनु स्यामा। जनु मुनिवेष कीन्ह रति कामा॥ पांच चौपाइयों का अर्थ गोसांई जी राम जानकी का वर्णन एक स्थान में प्रगट और एक स्थान में गुप्त कहते हैं। सीय सहित राजत यहां प्रगट है बलाकल बसन जटिल तनु स्यामा—यहां रघुनाथ का वर्णन प्रगट है बलकल अर्थात वृक्ष की छाल और जानकी का वर्णन गुप्त इस भांति है कि लकार और रकार की सावर्ण्य संज्ञा है सो बल से बर का अर्थ होता है और कल सुंदर का अर्थ देता है अर्थात् श्रेष्ठ सुन्दर बसन को धारण किये हुए और तनु पर बड़े २ केश छूटे हुए स्यामा अर्थात् षोड़श बर्ष की अवस्था है जनु मुनि इस में रघुनाथ जानकी प्रगट हैं। चौ·। कर कमलन्ह धनु सायक फेरत। जीको जरनि हरनि हंसि हेरत॥ प्रगट अर्थ से रघुनाथ का वर्णन है और गुप्तार्थ यह कि जानकीजी अपने हाथ से कमल

को फिरतो हैं और धनुष और बान को फिरतो हैं प्रगट अर्थ यह कि जीवन की जरनि को रघुनाथ जो हंसि चितै के हरिलेते हैं और रघुनाथ की जरनि को जानकी जो चितै के हंसि कै हरि लेत हैं। दोहा०। लसत मंजु मुनि मण्डली, मध्य सीय रघुचंद। ज्ञान सभा जनु तनु धरे, भक्ति सच्चिदानंद॥ इस दोहे में दोनों राम जानकी का अर्थ प्रगट है ज्ञान समाज जो भक्ति रूपा जानकी सच्चिदानंद रघुनाथ।

बलकाया (प०) कुदावा, उछलावा, पेंठे की बात।

बलवीर्य (स०) हनुमान, बजरङ्ग, प्रधान बानर।

बलथाका (द) बल थक गया।

बलदेव (स) बलभद्र, बलराम कृष्ण के बड़े भाई। प्रलंबासुर बध—दोहा॥ बिपिन प्रलंब निपात पुनि, करत केलि बलदेव। सुमनवर्षि कर जोरि सुर, बिनय करत दिव देव॥१॥ बलदेवायनमः—छंद शार्दूल बिक्रीड़ीत। कालिंदी भिदनं प्रलंबदमनं संकर्षणं भूधरं। रामं केशव पूर्वजं बल तथा तालांक नीलाबरं। कामंपाल हलायुधं सबलदेवं सीर पाणिं हली। बलभद्रं युत रेवतीरमन बंदे रौहिणेयं मूशली॥१॥ दोहा। नाम अष्टदश छंद यह, शार्दूल सबिवेक। मगन सगन जगनं सगन, युग्मतगन गुरु एक॥१॥

बलय. (स०) जुवार भाठा, जल का बाढ़ि।

बलराम (स०) बलभद्र, मुशली।

बलाक बराक, (स०) बगुला। बकुला, पक्षी श्वेतवर्ण।

बलाकी. बराकी, (स०) बगुली पक्षिणी।

बलाहक (सं०) मेघ, बादल, घोड़ा विशेष श्री कृष्ण रथ, बगुला पक्षी, बादर।

बलात्कार (स) जबरदस्ती।

बलाहक (स) बादल।

बलि } (स) रूप, दैत्य, भोजन
बालि } भाग, पूजा, नाम, राजा पम्पापुरी, दानशूर, बकरा, बलिदान, न्योछावर, नैवेद्य, देवता का भोग, हिस्सा, राजवली, नेछावर, बलैया। चौ० पितहि बुझाई कही बलि सोई। चौथेपन जेहि अजस न होई। बलि बलैया, लेती हूं। बलि शब्द—दोहा। बलि हरि पूजा असुर कहि, बलि भोजन बलि भाग। बलि राजा बलि लक्ष्मी, लाहिय हरि अनुराग। १।

बलित (स०) वेष्टित, घेरागया।

बलिदान (स) देवता के लिये भोग। * [बलवान्।

बली (स०) बीर शूर, सीमट,

बलीमुख० (स) बानर, लङ्गूर मर्क्कट, बानर नाम॥ छंद स्वरूपी—कपीलांगूलदर भवनचर॥ प्लवगवनाले मर्कट हरि। बलिमुख शाखामृग बानर। कोश नाम द्वादश है वर॥ १॥ लेन चले सिय सुधि हेरत। गिरि गुह सोता कपि टेरत। लखि नद तट वृन्द वनौकश। छंद स्वरूपी बल चौदश। २।

बलखाना, मु० ऐंठाजाना, क्रोधकरना, कोपकरना, गुस्साकरना।

बलदेना, मु० मरोड़ना, ऐंठना।

बलबे, मु० शाबाश, वाहवाह।

बलजाना, बलबलजाना, मु० बलिहारीजाना, निछावरहोना। [दानकरना।

बलदेना, बलकरना, मु० बलि

बलिहारीजाना, मु० निछावर

होना, बलशाना, मजबूत जाना।

बल्कल. (स) पेड़ा की बखुला।

बल्काना. (सु) अपनी बड़ाई।

बल्लभ. (स) प्रिय, सज्जन।

बल्लभा. (स) प्रिया, सज्जनी, दुष्टा नाम—छंदधारी। किते बिकुरी सिया कांता इष्टा। प्रिया दयिता रमनी ओ प्रेष्टा ॥ पुरंध्रि बल्लभा पतनी प्यारी। बाला दृशसम छंद ये धारी ॥ १ ॥

बल्ली. (स) लता, पानपत्र, अवर।

बलशील. (स) सुन्दरबलवान, बल करके शोभित।

बवासोलु. (स) श्वान, सामान्य पशु, बवासोलु श्वान संज्ञा। बवासोलु पशु मिज्यंते। इति अमर अष्टम कोष प्रमाण। ११ स्कन्ध ॥ ३ ॥ अध्याय श्री भागवत प्रमाण।

बसत. (द) बसें, रहैं।

बश बशवर्ती. बशवर्ती. } (स) अधीन, पराक्रम, चाह।

बशिष्ठ. (स) श्रीरामचंद्र जू के गुरुदेव कुलपुरोहित।

बशिष्ठी. (स) दूतजन, दौराहा, कासिद।

बशीकरण. (स) नामसिद्धि, मन्त्रविशेष। [वकील।

बशीठ. बशीठी (द) दूत, वकील,

बशीभूत. (स) अधीन, अनुवर्ती, पाला।

बश्य. (स) अधीन होके, आधीन।

बषाण. बषान. बषाना. } (प) कहन, कहतव, कथन, स्तुति, कहा।

बसन. (स) कपड़ा, बस्त्र। चीर नाम—छंद चंचला। अंबरं दुकूल बास बस्त्र चोलचेल चीर। छादनं शुकं पटं हरे हरी दुरेफ तीर ॥ गोपिका बिनै करायमास दीन्ह नन्दनंद। अष्टगंध चंचला सुछंद कीन्ह पन्नगेन्द्र ॥ १ ॥

बसन्त· (स) पच्छिवीऋतु । बसंत नाम—दोहा । कुसुमाकर रितुराज मधु, माधव सुरभि बसंत । माली ज्यों जोगवत सदा, याते अधिक लसंत ॥ १ ॥ पुन: दोहा । मधु माधव ऋतुराज पुनि, सुरभि· बसंत बिहार । बन बन बिहरत मुदित मन, राधा नन्द कुमार ॥ १ ॥

बसन्तद्रुम· (स) आम्रवृक्ष ।

बसन्ती· (स) पीतवर्ण, पीला, पिवड़ी ।

बसन्त फूलना· मु० सरसों के फूलों का खिलना ।

आंखों में बसन्त फूलना· मु० तिरमिराना ।

बसंत के घर की भी खबर है, मु० यह जानते भी हो क्या होरहा है ।

बसाहना· मु० उजाड़ना, नाश करना । [फिरना ।

बहाफिरना, मु० भटकता

बससि· (स) बसत हो तुम, तूं बसता है ।

बसह· (प) बसहा, बैलभेद ।

बसीठ· बसीठी· (स) मुखिया, दूत, वकील, हरकारा ।

बसु· (स) किरण, अग्नि, अष्टअमर, नीर, धन । बसु शब्द—दोहा । अष्टम बसु है वन्हि बसु, बसु सूरज बसु नीर । बसु धन जग में सो धनी, धन जाके बल बीर ॥ १ ॥

बसुअष्टअमर·बिवरण (स) द्रोण१ प्राण, २ ध्रुव ३ अर्क कही सूर्य, ४ अग्नि ५ दोष ६ बसु ७ बिभावसु ८ इति श्रीभागवत, ६ स्कन्ध, ४ अध्याय प्रमाण ।

बसुधा·बसुन्धरा·बसुमती·(स) पृथ्वी, भूमि, काठ । काष्ट शब्द—दो० । काष्ठ काष्ठ या घिसकई, काष्ट अमर पुर काष्ट । काष्ट जु बहुरि बसुन्धरा । बुद्धिहीन नर काष्ट ॥ १ ॥

बस्ती· (प) बसी हुई, वा तीनि संज्ञा ख्यात, एक पुर वा पुरी, नगर में पुर को बिगड़ा भी कहते हैं। १ ग्राम २ नगर वा नगरी, ३॥ दोहा ॥ दो आदि अष्ट (८) अन्त षोड़श हिं, संख्या पुर का नाग। षोड़श (१६) ते पुनि घर शतहिं (१००), संख्या ग्राम प्रमाण ॥ १ ॥ एक शत (१००) ते घर सहस्र (१००) हिं, नगर विचारत चिन्ह। यह लेखा ते जानिये, समुझि गुनावन किन्ह ॥ २ ॥

बस्त· (स) कपड़ा, बसन।

बह· (स) जलमध्यबहना, चलना।

बहराव· बहलावा, (प) मटियावा, सुनि अनसुनि करि, अनठाय देना, सुन करके अनसुनी किया।

बहहिं·(स) उठाते हैं।

बहना (स) उठाना, ले जाना।

बहनीक· (प) अधिक, बहुत।

बहिर्देश. (स) बाह्यस्थान, दूर देश। [अधर्मी।

विक्षेप [स] त्याग, प्रेरण, दूरी
वीज (स) बीजा ।
वीजकर्पास (स) कासन ।
वीजकोश (स) कमल का पत्ता ।
वीजपूर (स) बिजौरा लेमू ।
वीजपूरोपर (स) मधुकर्कटी ।
वीर (स) शौर्ययुक्त, बहादुर,
लड़नेवाला, झार, कडुवा ।
वीरण (स) झार ।
वीरणमूल (स) खसखस ।
वीरतरु (स) झार ।
वीरवती (स) रोहिणी ।
वीरवृक्ष (स) भिलावा, कडुवा ।
वीरसेन (स) सुयानी ।
वीरा (स) भैला, काकोली तद्
भावें असगन्ध ।
वीर्य [स] शुक्र, पराक्रम, बल,
प्रभाव, तेज ।
वुका (स) बड़ी मौलसरी ।
वुकीवमु (स) बड़ी मौलसरी ।
वृक [स] भेड़िया ।
वृका (स) बाघ ।
वृकी (स) पाढ ।
वृत्तकोषा [स] बन्दाल ।
वृत्तपुष्प [स] युक्त ।
वृत्तफल [स] लालमिरचिरी ।

वृत्ता. [स] रोहिनी ।
वृत्तान्त· [स] संवाद, संदेश, वार्त्ता । [वैफ़ायदह ।
वृथा· [स] व्यर्थ, निरर्थक,
वृद्ध· (स) वृद्धियुक्त, पंडित, दीर्घायु । [करीला ।
वृद्धा· (स) गतयौवनस्त्री,बुढ़या,
वृद्धि· (स) समृद्धि, अभ्युदय, सम्पत्ति, समूह । [कन्द ।
वृद्धो·(स)वृद्धा,तद्भावे वराही·
वृद्धेत्तु· [स] सुपका केतारी ।
वृन्द·(स) समूह, दशार्बुद,संख्या।
वृन्दावन· (स) नगर विशेष ।
वृश्चिक· (स)विच्छू,अष्टमराशि ।
वृष· वृषभ. (स) धर्म, बैल,बल-युक्त, शत्रु, वृष, श्रेष्ठ ।
वृषल· (स) शूद्र ।
वृषा· [स] तामाजड़ी ।
वृष्य· [स] कमल डण्टी ।
वृष्या· [स] केमाच ।
वृष्टि· (स) बर्षा, बारिश ।
वृहज्जीरक· [स] मगरैला ।
वृहत्· (स) महत्, अधिक ।
वृहती· [स] बनभांटा ।
वृहत्पत्र· [स] पयठानीलोध ।
वृहत्फल. [स] कटहर, भूरा कोंहड़ा ।
वृहदेला· [स] बड़ी इलायची ।
वृहल्लोनी· [स] गोलवा साग ।
वृहस्पति· (स) देवताओं का गुरु
वृही· [स] साठीधान ।
वृक्ष. [स] द्रुम, पेड़, दरख्त ।
वृक्षदनी· [स] बांदा ।
वृक्षधूप· [स] सरलनिर्य्यास ।
वृक्षभक्षा· [स] बांदा ।
वृक्षमर्कटो· [स] लक्खो ।
वृक्षमार्य्यार. [स] बनबिलार ।
वृक्षरुहा· [स] बांदा ।
वृक्षशाक· [स] गोबरछता ।
वृक्षा· [स] बांदा ।
वृक्षामय· [स] लाही ।
वृक्षाम्ल· [स] तिन्तिड़ीक ।
वेग· (स) प्रवाह ।
वेणी· [स] वन्दाल ।
वेणु· [स] बांस, बांस का वृक्ष ।
वेणुपत्री· [स] वंशपत्री ।
वेणुमुक्ता·[स] बांस का मोती ।
वेतन· (स) मूल्य, कर्म,दक्षिणा ।

वैजयन्ती· (स) गनिआर।

वैतस· [स] जलबेंत।

वेद· (स) विष्णु, ज्ञान, ऋक, यजु, साम, अथर्व, ईश्वर, प्रति पादित ४ संहिता।

वेदला. वेदला· (स) दाल का अन्न।

वेदान्त (स) {ब्रह्मप्रतिपादक ईशकेनादि २२ उपनिषत, उत्तरमीमांसा।

वेधमुख्या [स] कपूर, कस्तूरी।

वेल (स) उपवन, काल, समय, मर्यादा, समुद्र कूल।

वेलज· [स] जंगली बेल।

वेल्लतक· [स] भरीहुई रोटी।

वेल्ल· [स] बाभिरंग, कालीमिर्च।

वेश·(स) गृह, वेश्यागृह, प्रविश, नैपथ्य, अलंकार, रचना, दिखत रूपान्तर।

वेश्मन·(स) गृह, घर भेस, नकल।

वेष (स) अलंकार, रचनादिक कृत, रूपान्तर।

वेष्टनिका· }
वेसन· } (स) चना आदि अन्न का मयदा।

वेसनवटी·(स) फुलौरी।

वेसवार· (स) भूनामांस।

वेसनमोदक· (स) मोतीचूर लड्डू। [इकीम।

वैद्य· (स) पंडित, चिकित्सक

वैणवी· (स) वंशलोचन।

वैदूर्य· (स) वैदूर्यमणि।

वैदेही· (स) पीपर, जनकपुत्री, सीता।

वैभव· (स) ऐश्वर्य।

वैराग·(स) विषयवासनारहित।

वैर·(स) भय, विरोध, शत्रुता,।

वैशाख· (स) मासविशेष।

वैशेषिक·(स) कणादि ऋषिप्रणीत शास्त्र और उसका जानने वाला।

वैश्य· (स) तृतीयवर्ण।

वैश्रवना·(स) बरगद।

वैषम्य·(स) विषमत्व वैलक्षण्य।

वैष्णव· (स) विष्णु उपासक, विष्णु संबंधी।

वैसारी· [स] मछली।

वोधनी· [स] मेथी।

वोधिद्रुम· [स] पीपर।

वोल· [स] बोल।

व्यक्त· (स) स्पष्ट, प्रकाशित, बुद्धिमान्, स्थूल। [जन।

व्यक्ति· (स) पृथगात्मता, प्रकाश,

व्यङ्गुलमर्गी· [स] केसाव।

व्यग्र· (स) व्याकुल, व्यासक्त।

व्यजन· (स) पंखा।

व्यतिक्रम· (स) विपर्यय, उलटा।

व्यतीत· [स] प्रतीत, गुजराहुआ।

व्यथा (स) दुःख, पीडा, तकलीफ।

व्यभिचार· (स) निन्दित आचार स्त्रीका परपुरुष से और पुरुष का प्रसंग से महितुदोषभेद।

व्यय (स) खर्च।

व्यर्थ (स) निरर्थक, बेफायदा।

व्यवसाय. (स) उद्यम, उपजीविका, अनुष्ठान, अवधारन।

व्यवस्था (स) शास्त्र निरूपित विधि, शास्त्र मर्यादा।

व्यवहार [स] रीति, व्यापार, चालचलन।

व्यसन [स] विपत्ति, नाश, मृगया, द्युत, क्रीड़ा, असूया, स्त्रीभोग, मद्य पानादि।

व्याकरण [स] शब्द, धातु, प्रत्यादि, बोधक शास्त्र, इर्फ, नह्व।

व्याकुल (स) उद्विग्न, शोकग्रस्त, व्यग्रचित, उदास।

व्याख्या (स) विवर्ण, टीका, कथन।

व्याख्यान (स) व्याख्या, वर्णन।

व्याघ्र [स] सिंह, बाघ, शेर।

व्याघनख· [स] बड़ी नखी।

व्याघ्रपाखी· [स] कंटाई।

व्याघ्रपुच्छ· [स] लालरेंड़।

व्याघ्रपुच्छध· [स] बड़ीनखी।

व्याघ्री [स] रेगनी।

व्याध (स) वधिक, शिकारी।

व्याधि (स) रोग, कुष्टरोग, बिमारी।

व्याधिव्रात· [स] अमलतास।

व्यापक (स) विभु, अधिक देश में रहनेवाला।

व्यापार (स) लोभार्थ कर्म, क्रय, विक्रयादि रोजगार।

व्याप्त (स) पूर्ण, समाक्रान्ता, ख्यात। [में रहनेवाला।

व्याप्य (स) परिछिन्न, अल्पदेश

व्यामपोर· [स] रोहिष।

व्याल. (स) सर्प, सांप, हिंसक, पशु, चीता, बाघ, सिंहादि।
व्यास. (स) मुनिविशेष, विस्तार, कुतर।
व्युत्पन्न. [स] पंडित, विद्वान।
व्योष. [स] सोंठ, पीपर, मिर्च।
व्रण. (स) घाव, छिद्र, फोड़ा।
व्रात्य. (स) यज्ञोपवीत, संस्कार रहित, सावित्रीपतित।

श

शं. (स) कल्याण, श्रेय, शुभ।
श: (स) प्रकार, भांति, बार।
शक. [स. फ] सम्वत्, शकाब्दा, समर्थ, धोखा, शुबहा, संकोच।
शकट. (स) गाड़ी, छकड़ा, रथ, यान विशेष।
शकली. (स) मछली।
शकाना. (स) भयमाना, डरा।
शकानी. (स) शकुचानी, लज्जिता, लज्जुक।
शकाब्दा. (स) संवत्सर, वर्ष।
शकुन. शगुन. (स) पक्षी, शुभ, शुभ का चिन्ह।
शकुनाधम. (स) काग, वायस, अधम पक्षी।
शकुनाहत. [स] कामधाम।
शकुनी. (स) गीध, गृध्र, पक्षी।
शकुन्ति. [स] खग, पक्षी, चिड़िया।
शकुलादनी. [स] जलपीपर।
शकुलादनी. (स) कुटकी।
शकुलाची. (स) गांडरदूब।
शक्त. [स] सामर्थी, बलवान, कठोर।
शक्ति. [स] माया, सत्ता, बल, बर्छी हथियार, स्त्री, तारी, जोरी, अस्त्र विशेष सांग, सामर्थ्य।
शक्य. [स] होने के योग्य, साध्य, शकभर।
शक्र. [स] मघवा, इन्द्र।
शक्रगाखी. [स] कोरैया।
शक्रसुत. (स) जयन्त।
शक्रारी. (स) मेघनाद।
शक्राह्वा. [स] इन्द्रजव।
शखामृग. [स] वानर, बन्दर।

शङ्कर· [स] शुभकर, शिव, उपकारक, गुरु।

शङ्खणक· [स] छोटा शंख।

शङ्करण· [स] इन्द्रिय, गो।

शङ्का· [स] भय, त्रास, डर, दलील।

शङ्कित. (स) शङ्कायुत, भयभीत।

शङ्कु· (स) ठूंठ, बर्छी, कील, मत्स्य, गिनती विशेषण, १०००अंकु,१ अर्बुद,१००० अर्बुद,१ ब्रन्द, १०००ब्रन्द, १ पद्म, सांकुच मछली।

शंकन्दन, (स) इन्द्र, स्वर्गपति।

शङ्ख. (स) नाद, हड्डी विशेष।

शङ्खधरा. (स) हरहुणा।

शङ्खपुष्पी. (स) शङ्खपुष्पी।

शङ्खवर्चं. [स] नागनिधि।

शङ्खमुक्ता. [स] शङ्ख का मोती।

शङ्खालू. [स] पेपची। [पुष्पी।

शङ्खाहुली. शङ्खाह्वा. [स] संख-

शचान. [द] बाज, शिकारापची विशेषवली।

शचानी. [स] सिकरा।

शचि. शची. [स] इन्द्राणी, इन्द्र की स्त्री।

शचीपती. [स] इन्द्र, पुरन्दर।

शटी. [स] कचूर, पच्छाही सुगन्धवाला।

शठ. [स] धूर्त, अन्यन्यहृदय काष्ठवत, अपनी हानि लाभ स्वार्थं परमार्थं नहिं समुझे, मूर्ख जान के जो अन्याय करे।

शठबंगा. [स] लुचा।

शणपुष्पिका. [स] रहर।

शणपुष्पी. } [स] वनसनई।
शणसमा. }

शत. (स) सौ संख्यावाचक१००।

शतकुन्त. (स) सुपेद सनई।

शतक्रतु. (स) इन्द्र, बासव।

शतघ्नी· (स) अस्त्र विशेष,तोप।

शतधृति. (स)ब्रह्मा, विरञ्चि।

शतपत्र· (स) कमल।

शतपत्त्रम्. (स) पंडुक पची।

शतपत्री· (स) सेवती, गुलाब।

शतपर्व्वा·(स) बांस कमीसाग।

शतपर्व्विं. (स) हरी दूब।

शतपर्व्विका·(स) बच,दोनों दूब।

शतपुष्प· (स) साठीधान।
शतपुष्पा. (स) सौंफ़।
शतपोरक. (स) सब पोर की केतारी।
शतफली· (स) बाँस।
शतवल्ली· (स) हरा दूब।
शतवीर्य्या· (स) सुपेद दूब, पच्छाहीं शतावर।
शतवेधी· (स) अम्लवेंत, चूक।
शतबोधिनी· (स) चुकपलाकी।
शतमूली. (स) देसी शतावर।
शताननः [स] विष्णु, सौमुख।
शतानन्द. [स] राजा जनक की पुरोहित का नाम।
शतावरी.[स] दोनों शतावर।
शताह्वा· [स] सौंफ।
शत्रु· [स] अरी, बैरी, द्वेषी, रिपु,दुश्मन। [का पुत्र।
शत्रुघ्न· (स) शत्रुघातक, दशरथ
शद्दीर· [स] तपस्वी, यति।
शनि· [स] शनैश्चर।
शनैः शनैः· [स] धीरे २, धीरे २, सहज २। [कसम।
शपथ· [स] किरिया, सौगन्द,
शप्पा· (स) चांद,बेझा,वृक्ष,ता।
शब्द· [स] नादबाजा. वचन, ध्वनि, ब्रह्म, विषय विशेष, आकाश, ध्वन्यात्मक, वर्णात्मक,आवाज़,लफ़्ज़। शब्द नाम—दोहा ॥ गोपवधू धूनि बांसुरी, रव विराव संराव। शब्द घोष धुनि ध्वान स्वन, निनद निनाद धराव॥१॥
शब्दग्रह· [स] श्रवण, कर्ण।
शभु· (स) शत्रु।
शभुपत्ता. (स) शमीवृक्ष।
शम· शाम· [स] इन्द्रिय का निग्रह, अंतष्करणी निर्वृत्ति, शांति, अन्तरिन्द्रिय दमन। [दांन, शान्ति।
शमन· (स) यम, नाशक, बलि-
शमि· (स) शमीवृक्ष।
शमिजा· (स) दाल का अन्न।
शमिपत्रा·(स)पानीकी लजौनी।
शमिर· (स) शमीवृक्ष।
शमी· (स) वृक्षविशेष, छीमी, निर्वृत्तियुत।

शम्ब· (स) कुलिश, वज्र ।
शम्बर· (स) शाबर जाति हरिन का ।
शम्बरी· (स) तामाकड़ी ।
शम्बर. (स) श्रेष्ठ, कल्याण, जल, बटखरची, असुर, मृगभनूप ।
शम्बरारि.(स) कामदेव, अनङ्ग ।
शम्बल· [स] विकार, मल, बटखरची ।
शम्बूक· (स) सीप, शंख, घोंघा ।
शम्वेसन· (स) शय्या, आसन ।
शम्भु· (स) शिव, शङ्कर ।
शयन· (स) निद्रा, निन्द, शय्या ।
शयनीय. (स) शय्या, आसन ।
शय्या· (स) आसन, बिछावन, सेयानाम दो० । कसियुतल्प सेया सयन, संवेसन सयनीय । दुग्धफेन सम सेजपर, बैठी तिय कमनीय ॥
शर· (स) वाण, शाम, चिन्ता, सरकण्डा, मृत्युशरादग्धकरण, रमसर्का, पांच, तीर, जल । बाण नाम—दो० । तोमरखग शिलग असुग, विसिख सिलीमुख बान । कन मार्गन नाराच इषु, आशो तोषन पान ॥ १ ॥ सायकघाय पिराय पुनि, बचुरी सिमिट मिरात । बचनतीर की पीर बलि, मिटे न क्यों जुगजात ॥२॥
शरदसर्वरी. (स) क्वार, कातिक की रात ।
शरपंजर. (स) वाणोंका पिंजरा बानोंकापिंजरा बनादिया ।
शरहति· (स) बाण मार दी ।
शरपुङ्खा· (स) सरफोंका ।
शरवीज. (स) रमसर्का ।
शरट· (स) गिरिगिट, कृकलास ।
शरण· (स) आश्रय, घर, रक्षा, गृह, रक्षक, रक्षण, आश्रय पनाह ।
शरणागत· (स) शरणार्थी, आश्रित, वा षटप्रकार अपर्ण शरणागत् । अनुकूल संकल्प शरणागत । प्रति कूलवर्जन । आत्मा, समर्पण । गोपृत्व शरणागत । रक्षिष्यतीति

विश्वास शरणागत ।
शरण्य· (स) शरण, शरणयोग्य, रक्षणीय ।
शरत्. शरद्. (स) ऋतुविशेष, आश्विन,कार्त्तिक,आश्विन कातिक मास, वत्सर ।
शरभङ्ग. (स) मुनि विशेष ।
शरमित. (स) लज्जित ।
शरारिका· (स) सिधुआ पक्षी पानी पर चरनेवाला ।
शरासन· (स) धनुष. धनुवा, चाप, बाण, कमान ।
शरासुर· (स) बाणासुर ।
शरीर· (स·फ·) काया, देह. आंग, दुष्ट, गात्र, शिश्न । शरीरनाम—दो॰ । काय कलेवर कुणप वपु, देह आतमा अंग । विग्रह उपधन संहनन, धाम सरीर पतंग ॥ १ ॥ तुव तन सम करिकरन लगि,स्वर्न धगिन भ्रूप लेत । कोमल सरस सुगंध नहिं,को कवि उपमा देत ॥ २ ॥ शरीर के एक भाग का नाम कंध है । कंध नाम—दोहा । उन्नत छवि सम सुभग छवि, कंध कंधरं अंस ॥ कर धर कीरतिका मुदित, जिम चकई लखि हंस ॥ ३ ॥ शरीरनाम—छंदवंसपत्र । गात्रधाम संहनन कलेवर उपघन है । कुणप देह संहनन शरीरहु वपु तनु है ॥ काय मूर्ति विग्रह पतंग युत पंचदश है । वंसपत्र यह छंदकला षट षोडश है ॥४॥
शरीरी· (स) देही, जीवात्मा, प्राणी ।
शरेष (स) बाण से, तापकरिके ।
शर्करा· शर्क्करा· शर्क्कर· (स) रज, खांड़, शक्कर, चीनी, बालू ।
शर्व्व. (स) कल्याण दायक, स्वामी, शिव ।
शर्व्वरी· (स) निशा, रजनी ।
शर्व्वरीनाथ·(स)चंद्रमा,शशि,चंद्र।
शर्व्वाणी. (स) कल्याणदायका, स्वामिनी, शिवा, पार्व्वती ।
शर्म्म· (स) सुख, हर्ष ।
शर्म्मण· शर्म्मा· (स) विप्र संज्ञा । ब्राह्मण जाति का उपपद ।

शमक. [स] साहिल।

शमकी. [स] साहिल,सालय।

शमिक· [स] सलेषा।

शलभ· [स] पतंग कीट,टीड्डा।
फटङ्गर, पांखी।

शल्यक· [स] मयनफल।

शल्यपर्णी· [स] मेदा तदभावे
सतावर।

शल्य. (स) शूल, बाण, झाड़,
झाग, क्लेश, तोमर,।

शव.(स) प्राणहीनदेह, लोथ,
मृत्यु, मृतशरीर, मुरदह।

शवल· (स) नानावर्ण, अनेक।

शवलब्रह्म· (स) नानावर्णब्रह्म,
जगत, संसार।

शश· शशक· शाशी· (स)खरहा-
वनचर, रात्रिकिरण, खर-
गोश।

शशघातक. [स] बाज।

शशा. [स] चौगुना।

शशांक· (स) चन्द्रमा, चन्द्र।

शशिन· [स] चन्द्रमा।

शशिलेखा· [स] बकुची।

शशिपोषक· [स] छजिधारी।
दोहा—सम प्रकाश तम
पाख दुइ,नाम भेद विधि
कीन्ह। शशि पोषक शोषक
समुझि, जग यश अपयश
दीन्ह॥ अर्थात् पचौं के कर्म
के नाम का भेद कर दिया
है सो एक को चंद्रमा का
पोषक और दूसरे को
सोषक समझ के अर्थात् उन
के विधान के संग से जगत
ने एक को यश और दूसरे
को अपयश दिया है।

शशी· [स] चन्द्र, जोती,अनी-
सुनिपुत्र विशेष,चन्द्रमुनि।

शशीकर· [स] चन्द्रमा का
किरण। [महेश, शंकर।

शशीधर· शशीभूषण· [स· शिव,

शशीरस· [स] अमृत, अमी।

शष्कुली· [स] संवरामछली।

शसि. [स] धान, अन्नसमूह।

शस्त्र· [स] खड्ग,तलवारि,असि
खड्गादि हथियार, लोह,
जो आयुध कर गहे रहत-
कार्य्य करे।

शस्त्रक· [स] लोहा धातु।

शस्य· [सं] लंबी, घास, आन्न,
बरकत।

शश्वत· [स] निरंतर।

शस्पम्· [स] हरा दूब।

शहना· [फ़] चौकीदार, पहरू, गोहायल।

शामभरीज·(स) काला कमल।

शाक· [स] भाजी, तरकारी, हरा, पीत, बल, ओर, द्वीपविशेष, तरकारी ६ किस्म की,फल,फूल, पत्ता, डंटी, जड़, ओवरछाता।

शाकपाक· [स] पकाया तरकारी।

शाकम्भरीय· [स] सांभरनोन।

शाकराट· [स] बथुआ।

शाकश्रेष्ट· [स] जीवन्ती।

शाकवणिक· शाकबनिक· [स] कुंजरा, बिसाती।

शाकल· [स] होम की वस्तु।

शाका· [स.द] यश, साल, वर्ष, प्रभुता।

शाक्त· [स] शक्ति के उपासक, पथिक विशेष।

शाख· [स] वृक्षांग विशेष, शाखा, डाली।

शाखा· [स] डाली वृक्ष, बहुविध विचार।

शाखामृग· [स] बानर, बन्दर।

शाखी· [स] वृक्ष, पेड़।

शाखोट· [स]सिहोरा। [हरा।

शाग· [स] भाजी तरकारी,

शाण· (स) पत्थरी चाकू आदि तेजकरण की,सान,सिल्ली।

शाण्डिल्य· } (स) बेलवृक्ष,
शाण्डील्य· } मुनिनाम।

शात· [स] सुख,आनन्द,तोष।

शातन· (स) क्लेश, कष्ट।

शातपदि· (स) विवाह, यज्ञ।

शान्त· (स) मधुर, कटुवचन सहिता, स्थिर, ठण्ढा, मृदु, कोमल,सौम्य,क्रोधोरहित।

शातकुम्भ· [स] सोना।

शातला· [स] लरखी सीव।

शान्ति· (.स) स्थिरता, चैन, ठण्ढाई, क्षमा, निवारण, काम क्रोधादि का जीतना, विषयों से मन का रोकना।

शाप· (स) श्राप,शपथ,धिक्कार, कोसा, आक्रोश, बद्दुआ, कसम।

शापत· (स) शापदेत।

शापानुग्रह·[स]शाप का उद्धार।

शाम्बूक· (स) सीप,शंख,घोंघा।

शायक· (स) बाण,तोमर,म्यान।

शायका· [द] बाण।

शारद· (स) प्रवीण, निपुण, शिक्षार्थी, भूषित, छतिवन।

शारदा· (स) प्रवीणी, निपुणी, सरस्वती, श्यामकमल।

शारदी· (स) शरद ऋतु, में जो होय वस्तु, जल पीपर।

शारदूल· [स] सिंह।

शार्दूल.शार्दूल(स) व्याघ्र, बाघ, सिंह, श्रेष्ठ।

शाल· (स) सखुआ वृक्ष,कांटा, मत्स्य, दुःख,घर, हृद,मान सरोवर का मध्य स्थान सालय।

शाल्मलि· (स) सेमल का वृक्ष, सेंवरनाम—दोहा। पही पूर्णो पिच्छिका, शाल्मली स्थिरायु। मोचा तुम देखी कहूँ, राधा प्राभा निकाय॥

शालक· (स) दुःखदायी, कष्टदायक।

शालनिर्य्यास· (स) धूना।

शालपर्णिका· (स) एकांगी।

शाला·(स)स्थान,भवन,घर,गृह।

शालामर्कटक·(स) नेवारगुरई।

शालासुख· (स) काला मूंग का साठो धान।

शालि· शालिस·(स)कासधान, धान आदि अन्न हेमन्त ऋतु का।

शालिधान्य· (स) जाल धान।

शालिन· (स) सौंफ।

शालिपर्णी· (स) सरिवन।

शाली· (स·फ) धान, गेहूं आदि अन्न, मोती, शोभा, सब किस्म का धान, मानस तालाव को बारह स्थान छहो संज्ञा जानें हंसनी सदा दिवाराति रहति है याते कबहिं हंसस्थान शाल संज्ञा माहि नहिं जाति है या वाको नियम है। याही पर कही गई है अयोध्याकाण्ड। चौपाई। विमल विवेक धरम नय शाली। भरत

भारती मंजु मराली ॥१॥
शालूक. (स) कमलकन्द ।
शालेय· (स) सौंफ़, नेवारसुरई ।
शाल्मली· (स) सेमर ।
शाल्मलीनिर्य्यास· } (स) मोच
शाल्मलीवेष्टन· } रस ।
शावक. (स) बालपक्षी, बच्चा मृगादि ।
शावर· (स) क्रोध ।
शाश्वत· (स) नित्य, सनातन, निरन्तर । [निरंतर ।
शाश्वन· (स) सतत, नित्य,
शासन· (स) आज्ञा, दण्ड, ताड़न, शिक्षा । [योग्य ।
शासनीय· (स) ताड़नीय, दण्ड·
शास्ति· (स) आज्ञा, राज्यदण्ड ।
शास्त्र· (स) ग्रंथ, पुस्तक, पोथी, आयुध, हितानुशासन ग्रन्थ, वेद, उपनिषद्, पूर्व मीमांसादि षट शास्त्र ।
शास्त्रज्ञ· (स) शास्त्रवेत्ता, पंडित
शास्त्रार्थ· (स) सम्वाद, चर्चा ।
शास्त्री· (स) शास्त्रज्ञ, विदुष, विज्ञ
शिक्षा· [स] जड़ ।
शिखण्डिक· (स) मुर्गा ।
शिखण्डिज· [स] वृहस्पति ।
शिखपक्षी· [स] मयूर, मोर ।
शिखर· [स] पर्वतटिकोर, नाद, धार, चोटी, पर्वताग्र, पर्वत की चोटी ।
शिखरी· [स] पर्व्वत, पहाड़ चिरचिरी ।
शिखा· [स] मस्तक का टीक, दीपादि का टेम, फण, अग्नि, ज्वाला, चूड़ा, चोटी, केशविशेष ।
शिखिग्रीव· [स] तूतिया ।
शिखिज· [स] मयूरस्रव, मोर· समूह ।
शिखिनी· [स] मयूर की मेदी ।
शिखी· [स] मयूर, अग्नि, आग, फनैला, शिरिधारी । अग्निनाम—दो० । पावक वह्नी दहन अल, सिखी धनंजै होय । शुक्र जाय बुध वायु सख, मित्र चोच धुनि सोय ॥१॥ जातु वेद •ज्वल ज्योति हरि, चित्र·

भानु वृश्ज्ञान । अनल हुताशन विभावसु, निर्जर जीभ कृशान ॥ २ ॥ अग्नि दग्ध द्रुमलता बलि, फिरि दल मूलहि देत । बचन दग्ध जिहि मानहीं, बहुरि न अंकुर लेत ॥ ३ ॥

शिघ्र· [स] सुनगा।

शिग्रु· [स] बेतवृक्ष।

शिग्रुपुष्प· [स] सुनगा का फूल।

शिखण्डाको· [स] राई, अन्न, जड़ पत्ता पानी सब एक साथ कर सिर्की बनायाजाय।

शितवर·
शितवार· } [स] सिरियारी।

शिथिल· [स] ढीला, मन्दा, धीमा, सुस्त, अदृढ़, अपुष्ट।

शिप· [स] विदित, प्रत्यक्ष।

शिखिना·
शिखिभषा· } [स] टाल का चक्ष।

शिखी· शिखो· [स] दोनों सीम तर्कारी।

शिर· शिरस्· [स] मस्तक, माथा, सिर, अग्र, प्रधान।

शिरिंगिका· [स] जलशिरिस।

शिरिष· [स] नामपुष्पखैंकाकार।

शिरीष· [स] सिरिस।

शिरोमणि· [स] शिर का भूषण।

शिरोरुह· [स] केश, बाल।

सिरोरुह नाम—दोहा। अलक सिरोरुह चिकुर कच, कुन्तल कुटिल सुढार। कबरी लसत ललाट जनु, चंदहिं गई दरार ॥ १ ॥

शिला· [स] चटान, पाषाण, मयनशिल।

शिलाजतु· [स] चार रंग का शिलाजीत।

शिलाटिका· [स] लाल गदह-पड़वा।

शिलापुष्प· [स] छरीला।

शिलाह्वय· (स) चार रंग का शिलाजीत।

शिलीमुख· [स] बाण, तोमर।

भ्रमरनाम—सोरठा। मधुकर षट्पद भृङ्ग, भ्रमर शिलीमुख पुष्पलिट। अलि दुरेफ सारंग, चंच·

रीक मधु नत मधुप ॥१॥

शिलीसुखाकर· [स] तरकश, तीर का खोल।

शिलीन्ध्रक· [स] गोबरछाता।

शिलोच्चय· [स] मन्दर, पर्व्वत।

शिल्प· शिल्पि· (स) चित्रकर्म्म, व्यवसाय, शिल्पकर्म्म की कारीगरी, चित्रकलादि-कर्म्म, कारीगरी।

शिल्पकार· (स) शिल्पकर्त्ता, कारीगर, शिल्पी। [कर्म।

शिल्पकर्म. (स) थवई आदि का

शिव· [स] शुभ, कल्याण, श्रेष्ठ पुरुष, शङ्कर, सत्तिल, ब्रह्म, ईश, काफिर।

शिवतत्त्व· [स] कल्याणतत्त्व।

शिवप्रिय· [स] धतूरा।

शिवमल्ली· [स] बड़ी मौलसरी।

शिववीर्य· [स] पारा।

शिवशैल· [स] कैलास पर्व्वत।

शिवसुत वाहन·(स) मयूर, चूहा।

शिवा· (स) पार्व्वती, लक्ष्मी, हरड़े औषध, आमफान्द, हर्रै शमीवृक्ष, भुंईआंवरा।

शिवा शब्द—दोहा। शिवा शंभु की सुंदरी, शिवा स्यार को नाम॥ शिवा हरी किमि रोग हर, इस अघहर हर नाम॥१॥ हरड़ा नाम दो०। अभया पथ्या अव्यथा, अमृता वेची सोय। कल-स्याय पुनि कौनदी, शिवा श्रेयसी सोय॥१॥ एक रिड़ा को सब कहत, हरन उदर को रोग। ते तुम गिरधर लाल की, पाव सकल सुख जोग॥२॥

शिवाटिका· (स) बंशपत्री।

शिवाह्वय· (स) पारा।

शिविका· (स) पालकी, यान विशेष, पीनस, डोली।

शिंशिपा· (स) जंगली शीसो। सरीफा।

शिविर· (स) डेरा, सेनाके रहने का स्थान।

शिविगुंड्रा· [स] मोंह पटेर।

शिशिर·[स] जाड़ा, पाला, ऋतु विशेष, हिम ऋतु विशेष, माघ, फाल्गुनमास, शीतल।

शिशु.[स] बालक, लड़का, अल्प।

शिशुमार·[स] ध्रुवतारा विशेष।

शिष· (स·द) शिषापन, शिष्टी, मारिमारि, दण्ड।

शिष्ट(स) आधीन, आज्ञाकारी, शान्त, सुबोध, धीर, वेदा नुकूलगामी।

शिष्टता[स] आधीनता, नम्रता।

शिष्टाचार [स] सन्मान, विनय, आदर।

शिष्य [स] छात्र, चेला, मताव लम्बी, शिषापन योग्य, शागिर्द। शिष्य नाम—दो॰ मौंडशिष्य दीक्षित सहित, आय महीप समीप, राम लषन को ले चले, गाधसूनु कुलदीप॥१॥ हति ताड़िका सुबाहु युत, गौतम नारि उधारि। धनुष यज्ञ देखन चले, मुनिसंग राज कुमार॥२॥

शिश्न· (स) इन्द्री, लिङ्ग, जगत्।

शिश्नोदर(स)विराटरूप, विष्णु, जगत् हैं उदरमें जिन्ह,को लिङ्ग अरु उदर।

शिक्षक (स) बोधक, ज्ञापक, सूचक, उपदेशक, शिक्षा देनेवाला, गुरु, अध्यापक।

शिक्षा [स] बोध, ज्ञाप, उपदेश सिखाई, ग्रन्थ विशेष।

शीकर (स) फूहारा, जल बुन्द, अम्बुकण, बिस्तार, झींसी फूही, शिकारी जल, कण, सित्यमर:।

शीखी [स] अनल, अग्नि।

शीघ्र (स) तुरन्त, उतावली, बिलंबाभाव, त्वरित, जल्द, छो॰। आशु झटित द्रुत तूर्ण लघु, छिप्र सत्वर उताल। तुरत चली आतुर चलो, आतुर चलि नंद-लाल॥१॥ छंद सुमुखी॥ सबै तजि काम सुवाम चली अति वेगहि मुंचहु चद्रहु आतुर॥ तुरंत लघु तुरितं अविलंबित सीघ्र जयं झटितं सहसापर॥ द्रुतं जरलं रव बाजि रयं चपलं पुनि छिप्र उताल

तुरंसर ॥ त्रिविंसतनाम
वसू जगनं लघु अंतहु छंद
कह्यो सुमुखी वर ॥२॥ छंद
नील ॥ नृत्यत रास बिलास
करै बहु बाद्य बजै। गावत
रागधनिकन कोकिल कंठ
लजै ॥ गोपिन तै अति प्रीति
मुरारि बिनोद कियो। देखि
प्रिया करि कोप तज्यो
पुनि मान कियो ॥ ३ ॥
तासु बिना हरि आकुल
शोक भयो मन मैं। एक
घरी जुग बितत खोजत है
बन मैं ॥ पूछत स्याम फलो
गथ तै नहि धीर रह्यो ।
पंच भगान गुरु पुनि नील
हि छंद कह्यो ॥ ४ ॥

शीघ्रा (स) तामाजड़ी।

शीत· [स] बैंत, चोंस, या ग्रथ-
नम, बहुधार।

शीतफल. [स] अखरोट।

शीतभीरु. (स) मल्लिका।

शीतरससिंधु· (स) कच्चे केतारी
की रस का सिरका।

शीतशूक· (स) सुपेद संगका यव।

शीतल. (स) शीतस्पर्श युक्त प-
दार्थ, ठंढा।

शीर्षरोम· (स) थुनेर।

शीत· (स) हिम, ठंढ, जाड़,
पाला, शितल, जल, हिम
सरदी।

शीतवानीर· (स) बेत वृक्ष।

शीतकाल. (स) हिम ऋतु,
मार्गशिर, पौष मास।

शीर्ष· (स) शिर, मूर्धा, माथा।

शील· (स) प्रकृति, स्वभाव,
भाव, बान, स्थान, पात्र,
सद्वृत्ति, सुन्दराचरण।

शीलसनेह· (द) सुंदरसनेह
वाले।

शीलसंकोच. (स)· सुंदरसंकोच।

शीलवान्·(स) शीलवन्त, सुशील,
मिलनसार।

शीष, शीस·(स) मस्तक, माथा।

शीसुपा· शिंसुपा· (स) शीसो
वृक्ष, अशोक वृक्ष।

शुक· (स) तोता पक्षी, कीर,
निशिचर दूत संज्ञा, व्येष्ठ

मास, शुकाचार मुनिविशेष व्यास पुत्र। शुक शब्द—दोहा। शुक निसर अरु शूक गन, शूक जेठ के मास॥ शुक जु अजहुं आवमहि प्रति, पसपत भरत उसास॥ १॥

शुक: (स) } शुकच्छद: } थुनेर।

शुकतरु (स) शिरिस।

शुकरताल (स० शुक्रावतार) एक तीर्थ स्थान, मालिनी एक छोटी सी नदी बिजनौर के ज़िले में गंगा जी से थोड़ी दूर पूरब को है और हस्तिनापुर वहां से दक्षिण ओर पन्द्रह सोलह कोस है बीच में गंगा जीके दाहने तटपर शुक्रावतार तीर्थ है जिसे अब साधारण लोग शुक्रताल कहते हैं।

शुकवल्लभ (स) अनार वृक्ष।

शुकसारण (स) नाम राक्षस दूत संज्ञा, ए दोनों पूर्व ऋषि थे श्री भगवल्यजी के श्राप ते राक्षस भयो है।

शुक्रदेव (स) मुनिविशेष, व्यास पुत्र।

शुकतुण्ड (स) पीला सिमरिख।

शुकनासा (स) सोनपत्ता।

शुकपुष्पशुकप्रिय (स) थुनेर। शिरिस।

शुकवर्ह (स) थुनेर।

शुकशिम्ब (स) केमाच।

शुक्ति (स) सीपी, शंख, घोंघा सितुहा का कीड़ा।

शुक्तिज (स) मोती।

शुक्त (स) चूक, शराब।

शुक्तिमुक्ता (स) सीप का मोती।

शुक्र (स) ज्येठमास, शुक्रदेवता, कठवांसह, अग्नि, वीर्य। शुक्र नाम—दो०। उशना भार्गव काव्य कवि, असुर पुरोहित सोहि। गजमुक्तान के माल यह, शुक्र धरे जनु पोहि॥ १॥ दैत्य पूज्य उशना कवि, शुक्र

भार्गव जान ॥ असुर गुरु एकाच युत, सब षट नाम बखान ।

शुक्रसंभूत· (स) अग्निजात, कार्त्तिकेय, शिवपुत्र ।

शुक्राम· (स) किवंटी मोथा ।

शुक्ल· (स) उज्ज्वलवर्ण, धौला श्वेतवर्ण, चांदी, शुद्ध ।

शुक्लपक्ष·(स) मास का उत्तरार्द्ध भाग, प्रतिपदा से पूर्णिमा पर्यन्त ।

शुक्लाकन्दा· (स) अतीस ।

शुक्लतुलसी· (स) सुपेदतुलसी ।

शुक्लफला· (स) सुपेद अकवन ।

शुक्ला· (स) खुरासानी बच ।

शुक्लैरण्ड·(स) सुफेद रेंड़ ।

शुङ्गी· (स) बरगद ।

शुचि· (स) पवित्र, स्वच्छ,श्वेत, भल्ली, सुन्दर, पाक ।

शुण्ठी· (स) सोंठ औषध, सुखी अद्रख ।

शुण्ड·(स) सूंड़, हाथी का नाक।

शुण्डाल· (स) गज, हाथी ।

शुद्ध·(स)पवित्र, निर्दोष, अकेला वचन, केवल, निर्मल, सैन्धवलवण ।

शुद्धान्त· (स) रनिवास ।

शुद्धि· (स) फर्कोहट, पवित्रता। शुद्धता, निर्मलता, शोधन।

शुधि· (स) (प) पवित्र, खबर ।

शुनसेफ (स) श्वानपूंछ, कुक्कुर की पूंछी ।

शुभ· (स) कल्याण,सुभाग, भला, मङ्गल, क्षेम, कुशल, श्रेय शुभयुक्त खुसी ।

शुभग· (स) मनोहर, सुंदर ।

शुभा· (स) बकरी ।

शुभ्र·(स) उज्ज्वलवर्ण, निर्मल ।

शुभ्रा· (स) बंशलोचन ।

शुल्य· (स) तामा धातु, कवाब बनाने का कांटा ।

शुल्यमांस·(स) कवाब मांस का ।

शुश्रूषा·(स)सेवा, टहल,कहना, उपासना, श्रवणेच्छा ।

शुष्क· (स) सूखा, निरस, कठोर, निस्सार, सूखाहुआ, खुश्क ।

शुष्कमत्स्य· (स) सूखी मछली।

शूकधान्य·(स) सुपिदमुंग का जव।

शूकर. (स) सूअर, बराह, कोल, पशु विशेष।

शूकरखेत· शूकरक्षेत्र· (द) बराहक्षेत्र·। [अशुचि।

शुतक· (स) प्रसव से अशौच,

शूद्र·(स) हिन्दुवों में चतुर्थ वर्ण।

शून· (स) हत्या विशेष·।

शून्य· (स) खाली, छूछा, बिन्दु, आकाश, निर्जन स्थान, अभाव, असंपूर्ण, जन, तुच्छ

शून्यमध्य· (स) नरकट।

शून्यवादी· (स) नास्तिक, बौद्ध।

शूर· (स) वीर, शूरमा, रावत, सूअर, सूर्य, सिंह, शूकर, बलवान, अद्ध शूर वीर वाचक का पंच प्रकार ॥५॥ रणशूर कुंभकरण अस १. धर्मशूर राजा मोरध्वज १, राजा रन्तिदेव २, राजा हरिचन्द्र ३. राजा शिवि ४) अस। दानशूर राजा बलि अस॰ २॥ तप शूर, स्वायंभूमनु १ राजा दधीचि राजा भागीरथ॰ ३ अस ४॥ ज्ञानशूर ऋषभदेवादि अस ५॥

शूरण. (स) ओल।

शूरति· (स) शूरता, खेयाल।

शुराई· (प) शूरताई, वीरताई।

शूर्प· (स) सूप, डगरा, छाग, छाज।

शूर्पनखा· (स) सूपनखा रावण की बहिनी, अथवा शूर्पवत् नख होय जिस नारी को सो शूर्पनखा।

शूल· (स) त्रिशूल हथियार, पीड़ा, कांटा, कील, शूल, भा को पट्टिस सो फल।

शूली· (स) खरहा, ४ पद।

शूलधर· (स) शिव। पीड़ित, दुःखित।

शृकाल, शृगाल· (स) गीदड़, बनचर, सियार, चौ॰। बारबार इमि कहेउ कृपाला। नहि गजारि यश बधेशृगाला। अर्थात्

जैसे स्यार के मारने से गजारि अर्थात् सिंह को यश नहीं होता, तैसे हि रावण तेरे मारे रघुनाथ को सुयश न होगा।

शृङ्खला·(स) सुरखा, जञ्ज, मेला, कड़ी, बन्धन, ज़ंजीर, बेरी।

शृङ्ग·(स) सींग, शिखाग्र, शिखर, कलश।

शृङ्गक·(स) डकड़ा विष।

शृङ्गवेर·(स) सोंठ, अदरख।

शृङ्गवेराभमूलक·(स) गोंदपटेर।

शृङ्गवेर·(स) सूर्य्यपर्व्वत प्राप्ति काल अर्थात् गो धूलिवेर, दिनरात्रि अभावकाल, नामपुरी निषाद,जा को सिंगरौर भी ख्यात।

शृङ्गार·(स) सिंगार, शोभा, प्रथम रस।

शृङ्गाटक·(स) सिंघाड़ा।

शृङ्गालिका·(स) बिलारू कंद।

शृङ्गी·(स) पर्वत, शिखरी, बाजा भेद, योगी, शरीर, ककरासिंही, सिंगीमछली।

शृणु·(स) क्रियापद अर्थात् सुनो।

शृतशीत·(स) ठंढा काढ़ा।

शेप घण्टा·(स) तामा जड़ी।

शेथ·(स) पलङ्ग, आसन।

शेल·शेला·(स) शक्ति हथियार, बर्छी।

शेलु·(स) महुआर।

शेष·(स) नागपति, विस्तार, सूक्ष्म, बचन अशक्ति, अवशिष्ट, अन्त, सीमा, बाकी, अर्थ, अतुलितशक्ती, अनूपवीर, अनंत, अवशेष। अनंत शब्द—दो०। गगन अनन्त कहत बुध, बहुरि अनन्त अनेक। सेष अनन्त कहत कवि, हरि अनन्त अव एक।

शेषरात्रि·(स) अर्द्धरात्रि।

शेषावस्था·(स) वृद्धावस्था, बूढ़ापा।

शैत्य·(स) हिम, शीतलता, जाड़ा।

शैथिल्य·(स) शिथिलता, ढोलाई।

शैवलिनी·(स) नदी, सरिता।

शैल·(स) पर्व्वत, पहाड़,

पहाड़, कूट। कूटशब्द —
दो०। कूट बहुत घन कूट गिरि, सहिरण कूट कहंत। कूट कपट कह निपट तम, भजले मन भगवंत ॥१॥

शैलजा.(स)पार्व्वती,गिरिजा।

शैलधातुक. (स) चार रंग की शिलाजीत। [हिमगिरि।

शैलनाथ. (स) शिव, महेश,

शैलनिर्य्यास. (स) चारो रंग की शिलाजीत।

शैलराज. }
शैलराय. } (स. प.) राजा हिमाचल,पहाड़ का राजा।
शैलराव. }

शैलसुता. स)गिरिजा,पार्व्वती

शैली. (स) रीति, चाल, परिपाटी, भांति।

शैलुष. (स) बेलवृक्ष।

शैलूष. (स) बेल।

शैलेय. (स) छरीला।

शैलेश. (स) शिव, शङ्कर।

शैव. (स) शिवोपासक, शैवी, पथविशेष।

शैवल. शैवाल. (स) सेवार।

शोक. शोग. (स. प) दुःख,सोच, कष्ट, सन्ताप, चिंता, रंज, गम, फ़िक्र।

शोचनीय. (स) शोचैयोग्य, शोचने के पात्र। [रक्त।

शोण. (स) नदीविशेष, लालिका

शोणित. (स) रुधिर, रक्त, लालिमा, लोहू, खून।

शोणिताभिध. (स) केसर।

शोथ. (स) सूजन, फूलाव।

शोथघ्न. (स) लाल गदहपड़वा।

शोथघ्नी. (स) सुपेद गदहपड़वा।

शोध. (स) शुद्धि,ऋणपरिस्कार, खोज, विचार। [चिता।

शोधन. (स) शुद्धिकरण, निर्द्दोशीभा. शोधित. (प) खोजकिया, पवित्र कियो।

शोफघ्न. (स) भिलावा।

शोभन. (स) मनोहर, सुन्दर।

शोभा. (स) सुन्दरता, सिंगार, दीप्ति,कान्ति। शोभानाम।
दो०। भा धाभा शोभा प्रभा, सुषमा परमा कान्त। छविदुति पति ललित जहं, सुरन होत मन भ्रान्त ॥१॥

छंदप्रमोद । स्याम सिंगार समारि सबै तनु सोभित आभा श्री रुचि रोच। कांति प्रभा तिट दीप्त दुती सुखमा छवि सोभा भारुच सोच ॥ लखि भये दृग गोपवधू सुनि बेणु धुनी भी श्रीत विनोद। पंच भगान भगान पुना सगनं लघु अंतौ छंदप्रमोद ॥ १ ॥

शोभांजन· (स) वेतवृच्छ।

शोर· (स) आवाज़, पुकार, ऊसर। [चूसनहार।

शोषण· (स) चूसाव, शुष्कता,

शोषणप्राण· (स) बाण, तोमर।

शौक्तिक· (स) मोती।

शौच· (स) स्नान, फर्राई, शुद्धि, पवित्रता।

शौण्डो· (स) पीपल।

शौण्डीका· (स) लघु पीपलि।

शौर्य्य. (स) शूरमापन, वीरता, योधापन, शक्ति, बल, पराक्रम, वीरत्व।

श्मशान· [स] मरघट, मुरदाघाट, मुरदह फूकने की जगह।

श्मप· [स] विदित, प्रत्यच।

श्याम· [स] काला रङ्ग, ईश्वर, कोकिला, मरिच, कृष्णवर्ण हरिदर्ण, सैन्धव लवण। श्री कृष्णचन्द्र को शिष ते नष लौ श्याम वर्णन—दो०।

श्याम नाम गुण रूप छवि, शारद कहत सकोच। श्रुति जिह्वा शुचि हित कह्यो, हरि विलास मति पोच॥१॥

श्यामक· [स] सांवां अन्न।

श्यामल· [स] कृष्णवर्ण विशिष्ट, काला। [मानुजा।

श्यामला· [स] यमुना नदी, यश्वेत· (स) शुक्लवर्ण, सफेद।

श्यामसबल· (स) उभीज्ञान विशेष जो भोजन काल सूक्ष्मरूप स्थितमान।

श्यामा· [स] स्त्री सोलह वर्ष की, लक्ष्मी, प्रियंगु, जंगली कौसी, समलर, पीपल, पाटलि, लघु पीपलि,

काली रंग की चीड़िया विशेष, सुन्दरी, श्यामा—शब्द—दोहा ॥ श्यामा तिय जो रज बिना, श्यामा रज-नी होइ ॥ श्यामा कहिये प्रीत सों, करो श्याम सो सोइ ॥ १ ॥

श्यामाक· [स] रोहिस ।

श्रद्धा· [स] आस्तिक्य बुद्धि, आ-दर, भक्ति, विश्वास, स्पृ-हा, शुद्धि, वेदगुरु वाक्य सों प्रतीति । [वान् ।

श्रद्धालु· (स) श्रद्धायुक्त, श्रद्धा-

श्रम· [स] तापदिद्दरण, आश्र-य, कष्ट, मेहनत, थकना, तप, खेद, आयास, शस्त्रा-भ्यास ।

श्रमकण· [स] पसीना, पसेव, पसीने की बूंद ।

श्रमभारु· [द] जन्म मरणादि, चौ० । सुमिरत जाहि मिटइ श्रम भारू । अर्थात् भारी श्रम मिटत । [के बुन्द ।

श्रमबिन्दु· श्रमबुन्द. [स] पसीना

श्रमित· [स] लज्जित, आश्रयी, थकित । [खोजी ।

श्रमी· [स] उद्यमी, यत्नी,

श्रव· श्रवण· [स] कर्ण, कान, सुनवट, कर्ण वा कपोल नाम—दोहा ॥ श्रवण शब्द गुरु श्रोत्र श्रुति, कर्ण कुंडल लोल ॥ बिहरत मानो वारिचर, सरवर गंड कपोल ॥ १ ॥ सुनना, कर्णेन्द्रिय श्रवननाम—दो० । श्रुति अरु श्रोत्र श्रवण पुनि, कर्ण सुभी छवि भोर । मनो बिरूप सु कवल कलि, फूले ससि पुख तोर ॥ १ ॥

श्रवहिं· [द] गिरहिं ।

श्रवणपूर· (स) कर्णभूषण ।

श्रान्त· [स] श्रमयुक्त, शान्त, जीतेन्द्रिय ।

श्राद्धशाक· [स] गोलवा शाग ।

श्राधा· श्रद्धा· [द] गुरु वेदांत वाक्येषु विश्वास श्रधा ।

श्रावण· [स] सावन मास, मास विशेष, पाखंड ।

श्रावणशीर्षक· (स) मुंडली, तेन्द्रिय।

श्रावणी, (स) मुंडली, राखी।

श्री· (स) लक्ष्मी, श्रेष्ठ, शोभा, धन, कल्याण, तेज, प्रताप, लवंग भेष रचना, प्रभा, कीर्त्ति, बुद्धि विभूति, अधिकार, वृत्ति, सिद्धि त्रिवर्ग, संपत्ति, प्रकार, उपकरण, आप। चौ०। ते तुम्ह रामय काम पिआरे। दीनबन्धु मृदुबचन उचारे। अब जानी मैं श्री चतुराई। भजिय तुम्हहिं सब देव बिहाई॥ अर्थात् ते तुम्ह निष्काम पियारे दीनबंधु हे श्रीराम आपु मधुर बचन उच्चारण किए, अब मैं ने श्रीचतुराई आपु की चतुराई श्रीपरम ऐश्वर्य्य के हेतु है यह मैं जाना ताते सब देवन को छोड़िके तुम को भजिए। भाव। तुम्ह अपने भक्तों को अपने से अधिक मान देत हो औ अवर सेवक सम राखत हैं, वा हेराम आपु मृदु बचन कहा ताते अब हम आपु को दीनबंधु जाना ताते श्री चतुराई शोभित चतुराई हमारि यहै कि तुमही को भजिए, भजिय तुमहि यह पाठ और टीकाकारन ने राखा है तेहि के अनुकूल यह अर्थ किया औ मिरजापुर को पाठ 'भजो तुम्हहिं सब देव बिहाई' है तेहि की अनुकूल यह अर्थ अब मैं श्री की लक्ष्मी ताकी चतुराई जानो कि सब देवतन को त्यागि के तुम्ह हीं को अंगीकार किए, वा श्रीं जानकी औ जो स्वयंबर मैं देवदनुजधरिमनुजशरीरा, सब राजे जुरे रहे भजी बरो तुम्हें सब देव बिहाय छोड़ि। कोई भू श्रीकीता

कई रूप माने । परिचर्या कारो या रीति चार स्वरूप अनूप तिहारे सो सब रूप ते रघुबरे को भजो बरी ।

श्रीखण्ड· (स) चन्दन, गन्धसार, सुपेद चन्दन ।

श्रीचतुराई. [द] आप की चतुराई, चौ०। अब जानी मैं श्रीचतुराई । भजिय तुम्हहि सब देव बिहाई ॥ अर्थात् श्री आप की चतु· राई को मैं ने जाना कि आप कहते हैं कि और देवतों को छोड़ के मुझी को भजो ।

श्रीपति·(स) विष्णु, लक्ष्मीपति ।

श्रीपट्टी· (स) बेला फूल ।

श्रीपर्णी·(स) गम्भार, गनिधार, कायफल ।

श्रीप्रसून· [स] लौंग ।

श्रीफल·(स) बेल, बिल्व, नारियल ।

श्रीफली· (स) नील ।

श्रीवत्स· [स] कमलाक्ष, लक्ष्मी का चीन्ह । [वान्, धनी ।

श्रीमत. [स] शोभामन्त, भाग्य

श्रीमान·[स] तिलपुष्पी ।

श्रीवारक. [स] सिरिधारी ।

श्रीवास· (स) सरल, निर्य्यास ।

श्रीयसी· (स) हरैं, रास्ना, गज पीपल । [विष्णु ।

श्रीरङ्ग· (स) लक्ष्मी, शोभित,

श्रीसंज्ञ· (स) लौंग, लवङ्गलता ।

श्रीहत· (स) शोभाहीन, लक्ष्मी हीन ।

श्रुत·(स) सुना, कर्णगत, सन्देश, कान । [कर्णेन्द्रिय ।

श्रुति· (स) वेद, श्रवण, सुनना ।

श्रुतिकीर्त्ति·(स) कुशकेतु जनक के लघुभ्राता ताको लघु पुत्रीशत्रुहनबियाहिता।

शृङ्खल· (स) बन्धन, सङ्कल, सीकर ।

शृङ्खला. (स) बेरी, सुरवा, सीकरी, फसरी ।

श्रेणी· } (स) } पांति, पंक्ति, स·
श्रेणि· } } कीर समूह, छिद्र रहित पंक्ति, पंक्ति वा दशन नाम—दोहा। श्रेणिमला· का धर्वाल पुनि, राजी

वाकी पंक्ता । मुक्ता सम घनश्याम के, दमन कदन रद दंत । १ ॥

श्रेय· (स) मुक्ति, मङ्गल, श्रेष्ठ ।

श्रेयस्· (स) धर्म, मोक्ष, शुभ, अति प्रशस्त ।

श्रेयसी·(स)हरड़े वृक्ष,कल्याण ।

श्रेष्ठ· (स) उत्तम, बड़ा प्रशस्त ।

श्रोणी· (स) जानु, जांघ ।

श्रोत· (स) नदी, झरना ।

श्रोतव्य· [स] श्रवणीय, सुनने योग्य ।

श्रोतस्· (स) नदी, सरिता ।

श्रोता (स)सुननेवाला, सुनवैया, श्रवण धारी, कर्णधर ।

श्रोतात्रिविध· (स) उत्तम जो- बनमुक्त, मध्यम मुमुक्षु, कनिष्ट विषयो ॥१॥ सा- त्विको,राजसो,तामसो॥२॥

श्रोत्र· (स) श्रवण,कर्ण कर्णेन्द्रिय, कान ।

श्लाघा· (स)स्तुति,प्रशंसा,वाञ्छा, प्रेम, अभिलाषा, लालसा ।

श्लेष्मा· (स) कफ, खखार ।

श्लोक, (स) पद्य, दोहा, छन्द, यश, प्रीति ।

श्वदंष्ट्रा, (स) हर्चिकार ।

श्वपच, (स) डोम, चण्डाल, जो भोजन के लिये कुत्ते को पकावे ।

श्वफल्क, (स) अक्रूर के पिता ।

श्वल्प, (स) हलुवा, हलुश ।

श्वसित, (स) साहित्य ।

श्वशुर, श्वसुर, (स) पति वा पत्नी का पिता, ससुर, भार्या का पिता ।

श्वश्रु· (स) सास, सासु, पति वा पत्नी की माता ।

श्वा· (स) एक कुकुर ।

श्वान· (स) कुकुर सब, कुत्ता अनेक, कुकुर, कुत्ता । खर शब्द—दोहा । खर राक्षस खर श्वान खर, खर तीक्षन को नाम । खर गरधभ जग में कोई, जो न भजे हरिनाम ॥ १ ॥

श्वास· (स) प्राणवायु, सांस, श्वासित वायु, प्राण, रोग विशेष ।

श्वित्र (स) कोढ़, सपेद, रक्तनष्ट।
श्वीकार (स) अङ्गीकार।
श्वेत-श्वेत (स) शुक्लवर्ण, उज्ज्वल, धौला, द्वीप विशेष।
श्वेतकुवलय (स) सुपेद भेंट।
श्वेतगुञ्जा (स) सुपेद घुंघची।
श्वेतपुष्प (स) सुपेद फूल का सेनुवार, सुपेद कनइल, सुपेद अकवन।
श्वेतपुष्पा (स) बड़ी इनारुन।
श्वेतपुष्पी (स) नागपुष्पी।
श्वेतमरिच (स) सुगना का बीया।
श्वेतमाष (स) सुपेद मसी।
श्वेतमुद्ग (स) सुपेद मूंग।
श्वेतमूला (स) गदहपंडुवा।
श्वेतराजी (स) चिचिंगड़।
श्वेतवृन्ताक (स) सुपेद बैगन।
श्वेतशिम्बी (स) सुपेद सेम।
श्वेतसार (स) पपरिया खयर।
श्वेतादूर्वा (स) सुपेद दूब।
श्वेतासुद्रा (स) सुपेद फूलकी रेंगनी।
श्वेतार्क (स) सुपेद अकवन।

ष

षंड. (द) खंड, टुकड़ा षंड-नाम—सोरठा ॥ लखचन्द्र भगवान, भनुरक्षक इति कीन पुनि। षापषंड कण भान, सकल लोग सकर्म विकल ॥१॥
षगड़ा (स) गैंड़ा, बनजन्तु।
षट् (स) छ, संख्यावाचक।
षट्विकार (स) काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद मत्सर्ज यथा—चौ०। षट विकार तजि अनघ अकामा। अ-चल अकिंचन सुचि सुख-धामा ॥ अमित बोध पर-मारथ भोगी। सत्यसार कवि कोविद जोगी ॥ १ ॥ अर्थात् काम १ क्रोध २ लोभ ३ मोह ४ मत्सर किसी का ऐश्वर्य्य न देख सकना ५ अहंकार ६ को छोड़ के पाप रहित और कामना रहित और अचल

रहित और वाइना रहित और पवित्र और सुख जिन के हृदय में स्थित है। सत्य सार के कवि अर्थात् कहने वाले हैं और कोविद सत असत के जाननेवाले योगी इन्द्रीयजित। षट विकार। दो०। जन्म अस्ति परिणाम क्षय, उदरान्तर गतमान। वृद्धि क्षय सह नाश क्षय, बाहिर ज्ञान सुजान ॥ १ ॥

षटभग भगवान· (स) दो०। श्री ऐश्वर्य विराग यश, मोक्ष धर्म यश ज्ञान। ए षड भग को खान जो, तिहि कहिये भगवान ॥ १ ॥

षटऋतु· (स) दो०। ग्रीषम पावस शरद कहि, शिशिर हिमंत बसंत। ए षट ऋतु को अंत है, बिना भक्ति भगवंत ॥ २ ॥

षट्रस· (स) खटाई अम्लादि १ मीठा लड्डु आदि २॥ चरपरा मरीच सोंठ आदि ३॥ खार नोन गरा आदि ॥४॥ कषाय ओला हरा आदि ॥ ५ ॥ कटु मिरचाई ॥ ६ ॥ आदि षटरसस्वाद· दो० कटु तिक्ताम्ल कषाय अरु, मधुर लवण षट जानि। कूट सुंठि चिंचा अभया, गुड़ सैंधादि बखानि ॥ १ ॥

षटउर्मी· (स) दो०। क्षुधा पिपासा प्राण के, जन्म मरण तन जानि। शोक मोह मन को होऊ, षट उर्मिं पहिचानि ॥ १ ॥

षटवननाम· }
षटपंक्तिनाम· } (स) दो०। वन कानन अटवी विपिन, गहन अरण्य बखानु। पंक्ति आलि अवली विथी, श्रेणि राजि षट जानु ॥ १ ॥

षटकपटनाम· (स) दो०। कपट छद्म कैतव प्रधय, व्याज दंभ षट होइ। तिहि तजि भजि सियराम

पूर। ज्ञानी कौं अति निकट सो, मूरख कौं अति दूर ॥८॥

षटकमलदल· (स) दो०। चारि षष्ट दश द्वादशरु, षोडस द्वै दल भाग। पृथ्वी जल अग्नि पवन, पुनि आकाश मन जाग ॥१॥

षटविधिशरणागत. (स) दो०। प्रभु के अनकूलत्व कौं, करै विचार सदाइ। पुनि त्यागन प्रतिकूल को, मन वच कर्म सुभाइ ॥१॥ अपनो रक्षा पैं रखैं, सर्व काल विश्वास। एई मम रक्षक सदा, इहि विधि दृढ़ मन आस ॥२॥ सर्व कर्म परित्याग पुनि, निज कृपणाई जान। प्रभु को कृपा अभीष्ट को, रक्षण षट विधि मान ॥३॥

षडंगवेद· (स) दो०। शीक्षा कल्पहि जानिये, औ व्याकरण निरुक्ति। छन्द नाम बरणात सुकवि, पुनि जोतिष संयुक्ति ॥१॥ वेद पढ़न को विधि सबै, शीक्षा देइ लखाय। सब करमन की रीति जो, कल्पहि तें दरसाय ॥२॥ शब्द अशुद्ध शुद्धि को, ज्ञान व्याकरण जानि। कठिन पदन के अर्थ कौं, कहै निरुक्ति बखानि ॥३॥ अक्षरमात्रा हुति को, ज्ञान छंद सौं होय। जोतिष काल ज्ञान इमि, वेद षडंग गनोय ॥४॥

षटदेशस्थान· (स) दो०। गुदा शिश्न नाभी हृदय, कंठ भृकुटि गनि लेव। गणपति ब्रह्मा विष्णु शिव, जीव अग्निषट देव ॥१॥

षटचक्र· (स) दो०। अधार स्वाधिष्टान पुनि, मणि पूरक कहं जानि। अनहत और विशुद्ध कहि, आज्ञा षट प्रमाण ॥१॥

षटयोगकर्म· (स) दो०। धोती बस्तीनेति अरु, त्राटकनोली

जान । पुनि कपाल भस्त्री
छठौं, ये षट् कर्मबखान॥१॥
यथा धोती । दो० । मृदुल
मिहीं सित बस्त्र मिति,
विस्तर अंगुल चार । पन-
रह करकी तूल ले, तूल तासु
को फार ॥२॥ ताहि भिंजैं
जलसौं ग्रसैं, गुरु उपदेसहि
पाइ । पुनि काढै तिहि
उदर तें, धरैं धरैं करि
चाइ ॥३॥ कास श्वास
पिलही अपर, कोढ़ जिते
कफ रोग । धोती कर्म
प्रभाव इन, सब तें होय
वियोग ॥४॥ बस्ति । दो० ।
नाभि मान जलमाहिं मग,
निहुरि अकुंचि अधार ।
खैंचे पवन अपान सौं, बस्ति
कर्म निर्धार॥६॥बात पित्त
कफ उदर रुज, पिलही
आदि अनेक । नासै जठर
नल बंधे, सुर दुति सहित
विवेक ॥७॥ नेती । दो० ।
मृदुल नेह युत सूत की,
बाती डेढ बिलस्त । नाक
नाखि मुखमग काढै, नेति
सिद्ध की अस्त ॥८॥ अर्द्ध
जात रोगनि हरैं, शोधे
शुद्ध कपाल । नैन जोति
बर्द्धन करे, हरै मौलि मल
जाल ॥९॥ त्राटक । दो० ।
अनमिल निश्चल डीठकरि,
चितवै सूक्षम लक्ष । सो
त्राटक अंसुवा गिरे, तौलौं
मिचे न पक्ष ॥१०॥ दूरि
होइ दृग रोग सब, सिद्ध
होय जब कर्म । ताहि
छिपावे वित्त लौं, कहै न
काज मर्म ॥११॥ नौली ।
दो० । उदरहि बामद
दाहिनै, वेगि वेगि बहु
बार । चालन भ्रमन कराव
यह, नौलि कर्म ब्यौहार
॥१२॥ पंचागिनि दीपन
करे, मंदागिनि मिटि जाय ।
उदर दोष शोषन सरस,
संतोषन सुखदाय ॥१३॥
कपाल भस्त्री दो० ज्यौं
लुहार भस्त्री धवै, क्रम
करि बार बार । त्यौं रवि
शशि मग खैंचि तजि,
पवन कर्म ब्यौहार ॥१४॥
सिद्ध होय सोधन करे,

सब कपाल कफ जाल। याही कों योगीश सब, भाषत भक्ति कपाल १५

षट्कर्म ब्राह्मण का· (स) यजन १ जापन २ अध्ययन ३ अध्यापन ४ दान ५ प्रतिग्रह ६।

षटकांश· (स) छः कचा।

षट्पदा (स) भौंरा।

षट्पदानन्द. (स) बेला फूल।

षड्गन्धा. (स) बच, पहाड़ी सुगन्धवाला, कराट।

षड्षण· [स] काली मिर्च, पंच कोल।

षटपद· [स] भ्रमर, भौंरा, छप्पय, छपै छंद।

षट्सम्पति· (स) शम, दम, उपरति, तितिक्ष, श्रद्धा, समाधान।

षड़ानन [स] कार्तिकेय, शिवपुत, छः मुख।

षट्रस·(द) मधुरादि षट्प्रकार यथा मधुर, तिक्त अम्ल, लवण, कटु, कसाय।

षड्गुण· [स] पोषण, भरण, अधार, सर्व्वशरण, सर्व्वव्यापक, कारुण्य।

षड्वदन· [स] शिवपुत्र कार्त्तिकेय।

षड्विकार· [स] जन्म वर्द्ध, विपरिणाम, चोयत, हानि, नाश ॥ ६ ॥ काम, क्रोध लोभ, मोह, मद, मत्सर्य६॥

षण्मातु· षण्मुख· [स] कार्त्तिकेय, शिवपुत्र।

षण्ट. [स] नपुंसक, नामर्द।

षष्टिक· [स] साठीधान।

षष्टी·[स] साठ, संख्या वाचक।

षष्ठ [स] छठवां, छवां।

षष्टिका· [स] साठी धान।

षष्ठी. [स] छठी तिथि, देवी विशेष।

षभाव [स] शोक।

षिला.[स] विदारण,पसारण।

षीण· [स] क्षय, दुर्बल, दूबर।

षोड़श· [स] सोलह संख्या वाचक १६ संख्या विशेष।

षरतरतीर· खरतरतीर· [द] तीव्र तर बान। ष को ख समुझना। गोस्वामी तुलसीदास लिखित रामपुर के पुस्तक में ख को ष लिखा और भाषापुस्तकन

में भी ख को ष प्राय: लिखा मिलता है।

षोड़शशृङ्गार. (स) सिंगार सोलह तरह का है, १ शरीर का मैल उतारना, २ न्हाना, ३ साफ़ कपड़े पहनना, ४ काजल डालना, ५ अलता से हाथ पैर रचना, ६ बाल संवारना, ७ सिंदूर से मांग भरना, ८ लिलाड़ में केशर चन्दन की खोरी या निकालना, ९ ठुड्ढी पर तिल बनाना, १० मेंहदी लगाना, ११ देह में अरगजा या इतर आदि सुगंधित चीज़ लगाना, १२ गहना पहनना, १३ फूलों की माला आदि पहनना, १४ पान चबाना, १५ दांत रंगना, १६ होठों को लाल करना। छंद सुद्गीत। तनु मज्ज तिलक सुगंध शुभ पट अंजन दृग मंजन रदन। कटि सूत्र कंकन माल कुंडल अलक अलिवली बदन, अंगराग कुच मंडन चतुरता तुलायुत जावक पदन। सुद्गीत छंद सिंगार षोड़श बीसबसु कला प्रतिपदन॥ दोहा। प्रिय श्रृंगार विहार करि, नटवर नंदकिशोर। मान जानि मोज तजि, कानन रमनो खोर॥ १॥ उते गोपिका अति विकल, स्याम तजो करि कूट। यथा नीलमणि क्षपण धन, गयो गांठ ते छूट॥ २॥ पुन:। दोहा। प्रथम अंग शुचि एक विधि मज्जन द्वितीय बखान। अमल बसन पहिरन तृतीय, जावक चारि सुजान॥१॥ पंचमकेश संवारिबो, षष्टम मांग सिंदूर। भाल खोर सप्तम कहत अष्ट चिबुक तिल पूर॥ २॥ मिहंदी

कार पग रचन नव, दशम करगजा अंग। ग्यारह भूषन नग जटित, बारह पुष्प प्रसंग ॥३॥ बास राग मुख तेरवीं, चौदह रंगि यो दांत। अधर राग गति पंचदश, कज्जल षोड़स भांत ॥ ४ ॥

षोड़शउपचारपूजा. (स) स्त्री०। षोड़श बिधि पूजा, सोलह प्रकार से पूजा अर्थात् आवाहन, स्थापन पाद्य, सिंहासन, अर्घ, आचमन, स्नान, चंदन, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल, प्रदक्षिणा, नमस्कार, आरती १६ दो०। आवाहन अस्थापनो, पाद्य सिंहासन जोत। अर्घ और स्नान पुनि, चंदन पुष्प उद्योत॥१॥ धूप दीप नैवेद्य कहि, बहुरि आरती लेखि। तांबूल सुप्रदक्षिणा, नमस्कार सविशेषि ॥२ ॥

षोड़शभगवान के पार्षद (स) दो०। बिष्वकसेन रु जय बिजय, नंद सुनंद बिनीत। भद्र सुभद्र रु चंड पुनि, है प्रचंड सुन मीत ॥ १ ॥ और कुमुद कुमुदाक्षपुनि, शील सुशीलहि जान। कृतम सेन षोड़श भये, पार्षद श्री भगवान ॥ २ ॥

षोड़शचन्द्रकला. (स) स्त्री० चन्द्रमा को १६ कला अर्थात्, अमृता, मनदा, पूषा, पुष्टि, तुष्टि, रति, धृति, शशिनी, चन्द्रिका, कान्ति, ज्योत्स्ना, श्री, प्रीति, अंगदा, पूरणा, पूर्ण अमृता १६। दो०। अमृता कहत जु मानदा, पुष्पा पुष्टि सुतुष्टि। रतिधृति शशिनी चंद्रिका, कांति जोतिष्या पुष्टि ॥१॥ श्री कहियत अरु प्रीति है, भनत अंगदा नाम। गनत पुनी है सकल कवि, पूरन अमृत नाम ॥ २ ॥

षोडश ब्राह्मण संस्कार. (स) दो०। गर्भाधानद पुंसवन, सीमंतद शुभ साध। नाम कर्म निष्कर्म पुनि, जानहु बुद्धि अगाध ॥ १ ॥ अन्न प्राशन चौल कहि, कर्न-वेध उपवीत। वेदारंभ दीक्षा बहुरि महाव्रत सुपनीत ॥ २ ॥ डाढ़ी मुंडन मुंजि को, त्यागन बहुरि विवाह। संसकार षोडश कहैं, ब्राह्मन धर्म निबाह ३

षोडशदान. (सं० षट् छः, दश दस गु० सोलह, षोडश + दान) पु० सोलह चीजों का दान, जैसे १ धरती आसन, २ पानी ३ कपड़ा, ४ दीपक या दीप के लिये तेल, ५ अनाज ६ पान ७ छत्र ८ सुगंधित चीज़ ९ फूलों की माला १० फल, ११ सेज १२ खड़ाऊं १३ गाय, १४ सोना १५ रूपा या चांदी १६

षोडश भुजा (सं) षोड्श सोलह, भुजा, हाथ स्त्री० सोलह हाथ की दुर्गा, देवी की मूरत।

स

स. (स) सहित, को।

सई. (द) स्त्री० नदी विशेष, एक नदी का नाम, स्यन्दिका।

सक्त. (स) थोड़ा।

सकूल. (स) कुल सहित।

संकाश. [स] तुल्य, बराबर।

सं. [स] सहित, साथ, मिला, सम, कल्याण, भला।

संकट. [स] मूर्च्छा, विपत्ति।

संकुल. [स] समूह, पूर्ण, भरा, बिलकुल।

संकुलमति. [स] बड़ीमति।

संकर. शंकर. [स] शिव, महादेव, मिला हुआ।

संख. [स] नाम राजा जाकी कथा सिंहासनबतीसी मों ख्यात, बाजा, संख या कंठ नाम – छंद मोटनक ॥ •लाजैदर कंबुक संख दरी।

संभूत· [स] उत्पन्न पैदा हुआ।

संभ्रम· [स] वेग, जल्दी, भ्रम, धोखा, उत्साह।

संवत· [स] राह का खर्ची।

संवुक· [स] घोंघा।

संभावना· संभव·[स] दोविधा, यथा उचित समुझ कहो नित्य को नित्य अनित्य को अनित्य जानना, अरु असं-भावना· विपरीत समुझ कहि नित्य को अनित्य अरु अनित्य को नित्य जानना॥

संभावित· [स] बड़ामान्य, अति आदर वा मान किया गया।

संभार· [स] सामग्री, वस्तु।

संमत· [स] सलाह से।

संतत· [स] निरंतर, सर्वदा, सब दिन।

संदोह· (स) समूह।

संधाने· [द] जोड़ा।

सपन्न· [स] धनी, युक्त।

संपुट.[स] हाथ जोड़के, डब्बा।

संयम· [स] नेम, नियम, पथ्य बराव, इन्द्रियों का रोकना। इन्द्रिय निग्रह, योगाभ्या-साग नियम, प्रकार, अरु संयम दस, यम अहिंसा, सत्य, स्तेय कहो इन्द्रिय को विषय चोरावना अर्था-त् निग्रह, ब्रह्मचर्य्य, दया, नम्रता, क्षमा, धृति, अल्प भोजन, शौच, १०।

संयाव· (स) पेराक।

संयुक्त·(स)संदृश प्रकारा, जुड़ा, सटा।

संयुग·(स) युद्ध, समर, गिणती, हिसाब, संग्राम, लड़ाई।

संयोग· (स) द्रव्य का मेल, संगत, इत्फ़ाक़, उपाय, तद्बीर, मिलन, मेल, संबंध। [सहूत।

संलग्न· (स) संयुक्त, लगा,

संशय. (स) सन्देह, भय, चिन्ता।

संसर्ग· संसर्गी. (स) दर्शन, मेल, पड़ोस, कड़ति।

संसरिन (स) जीव, रूह।

संसार (स) जगत्, अपनी देह, देह सेवी माता, पिता, स्त्री, पुत्र, बंधु, इत्यादि विश्व, दुन्या,

संसिद्धि (स) प्रकृति, स्वभाव।

संस्पर्शा (स) पपरी।

संस्वेदज. (स) गोबरकृता।

संसृति (स) आवागमन, संसार, दुनिया।

संस्कृत. (स) देववाणी, परिस्कृत, शोधित, परिष्कृत, कृतसंस्कार पदार्थ। [शरीर

संहनन. (स) काया, देह,

संहर्त्ता (स) नाशक, हरणहार।

संहार (स) नाश, क्षय, नष्ट, प्रलय, संक्षेप, विसर्जन, नरक विशेष। [सौंफ।

संहिता. (स) वेद का सार संग्रह।

संक्षेप (स) सुख्वक, सारांश, सूक्ष्म, थोड़ा।

सः (स) सहित, युत।

सक. (फ.द) संदेह, समर्थ।

सकना (प) सामर्थी होना, सठाना।

सकरुण (स) दीनता सहित, कल्पित, करुणा के साथ।

सकर्दम. (स) मलीन, अस्वच्छ।

सकर्मक (स) कर्म सहित क्रिया।

सकल (स) समस्त, सारा, सगरो, सब, कला के साथ, विद्यायुत, सावयव, समग्र, संपूर्ण।

सकलप्रिय. (स) चना। [मान।

सकान (प) लाज, डर, भय-

सकाना. (प) चटासहोना थकना, लजाना, डराना, डरना। [सफल।

सकाम (स) कामनासहित,

सकाल (स) प्रातःकाल, प्रभा, भोर।

सकाली (स) सकुचानी, सकाचना, सकुचाना।

सकाश (स) सदृश।

सकिलि (द) बटोरिबो, समे-

टिकै, बिमल, बटुरकरके, एकट्ठा होकरके, सकिल-ना, बटुरना ।

सकुच· (स) लाज, संकोच डर ।

सकुचि· (प) मकुलो, बिशेष, लजा कै, थक थकाय कै ।

सकुनि· [प] पत्ती, चिड़िया ।

सकरैरबार [द] मैथिल ब्राह्मण की एक जाति, मैथिल ब्राह्मण में अनेक जाति होती हैं उन में से सकरैर वार में कईएक का नाम यहां लिखा जाता है । सक-रैवार मुखिद १ सकरैवार सकुरी २ सकरैवार तत—इल३ अब और कुछ नाम लिखा जाता है । दरहरे होह १ दरहरे अमरावती २दरहरे रतवंली ३ दोधवे कोकिलवार१दोधवे सन—हपुर २ दोधवे पौनी ३ खउआरे सतएर१ खउआरे नाहस २ सदर पुरिये सरिसव१सदरपुरिये सुंदर२ खगोरे और १—सतलखे कन्हौली २ सतलखे सत-लखा ३ अंड्इवार परम गढ़ १ अंड्इवार वैंगनी२ अंडइवार उमरौली ३।

सक्कत्· (स) एक, एकवार, एक वेर, मत्त, कर्त्तव्य समूह ।

सकेलि· (द) ‥टारिकै, हटाईकै, बटोरिकै, सकेलना, बटो·रना ।

सक्त· (स) फल, अभिलाष, आसक्त, अविरत ।

सक्ती· (द) शक्ति, बल, स्त्री, बरछी ।

सक्तव· सक्तुक· (स) सतुआ ।

सङ्कोच· (स) केसर ।

सक्र शक्र· (द·स) इन्द्र ।

सकोप· [स] कोप सहित ।

सखन· (स) मित्रता, हितता, बन्धुता ।

सखर· (स) खरखराहट संयुत, कठोरयुत, घामअग युत ।

सखा· (स) मित्र, हित, सज्जन।

सखी· (स) मित्री हित· कारिणी। सखी नाम— दोहा। बैस। सुमुखि सखी पुनि,हित सहचरि आहि। चली कुंअरि वृषभान की, चली मनावन ताहि ॥१॥

सख्य· (स) मित्रता, हितता, बन्धुता, दोस्ती ।

सगरे· [स] सब, सकल ।

सगर·[स]राजा विशेष, समस्त, सर्व्व। [सहित।

सगर्भ· [अ] तात्पर्य्ययुक्त, गर्भ।

सगलानि· [स] निरादार, बिनु हर्ष ।

सगलानि· सग्लानि·[स]निरा- दार सहित,लज्जा सहित, बिनुहर्ष, निरादर, से ग्ला- नि के साथ, हर्ष बिना।

सगा. [प] नातेदार, कुटुम्ब।

सगाई· [प] नातेदारी, कुटुम्ब· ताई, नारी की दोसरी विवाह, नाता।

सगुण·[स] साकार, गुणसहित गुण विशिष्ट।

सघन· [स] निविड़, घना, सान्द्र, गहन, घन नाम— दोहा। घन दृढ़ घन वि· स्तार पुनि, घन निहि गढ़त सोनार ॥ घन अंबुद घन सघन घन, घन दर्षि नंदकुमार ॥ १ ॥ [दुःख।

सङ्कट. [स] विपत्ति, कष्ट,

सङ्कर· [स] दो ज़ाति का, दोग़ला, युद्ध, आपदा।

सङ्कर्षण· [स] बलभद्र, हरि· संज्ञा, रगड़, खेंचि।

सङ्कल्प. (स) मन की इच्छा, नेम, चाह, समर्पण।

सङ्काश· (स) तुल्य, समान, सदृश ।

संकुच· (स) लज्जित ।

संकुल· (स) संयुक्त, समूह, युद्ध, लपेटा, पूर्ण, घना, व्याप्त, भरा।

संकुलमति· (स) बड़ीमति ।

सङ्कोच· (स) लज्जा, लाज, आगे पीछे पसोपेश, संक्षेप· केसर।

सङ्कोची· (स) क्लेशमान्, अंकोचमान्। [उचित।

सङ्गत· (स) यथायोग्य, संलग्न,

सङ्गति. (स) मैथुन, भेंट, मेल।

सङ्गी. (स) आधार, साथिया।

सङ्गीत· (स) गाने की विद्या, गान।

सङ्गोपन· (स) छिपाव, गोपन।

सङ्घर्ष· (प) रगड़, खेंच।

सङ्घट्टात· (स) समूह संबन्ध।

सचान. (स) पक्षीविशेष, सिकरा, बाज, चौ॰ गये सहमि कछु कहि नहिं आवा। जनु सचानु बन झपटे लावा॥ अर्थ जैसे बन में सचान अर्थात बाज के झपटे लवा सहमि जाता है।

सचिव· सचीव· (स) मन्त्री, दिवान, हितोपदेशी, सहाय, दास, नौकर।

सची· [स] इंद्राणी।

सचिवसुत· (स) मंत्री पुत्र।

सचु. (स) आनन्द, हर्ष, सुख।

सचुपाना· (द) सु॰ सचुपावही, सुख पाते हैं।

सचेत· सचेता· (स) सावधान, सचेतन, चौकस।

सच्चिदानन्द· (स) ईश्वर, परमात्मा, परमेश्वर।

संक्षिप्त· (स) संक्षेपयुक्त, अविस्तृत, प्रक्षिप्त, थोड़ा।

संक्षेप. (स) विस्तार रहित, स्वल्प।

सजग· (स) चैतन्य, जाग्रित, सावधान, सचेत खबरदार।

सजन· (स) प्रिय, साजन।

सजनी· (प) सखी, सहेली

सजल· (स) जलसहित जलभरा, जला, सीला, [आंख।

सजल नयन· (स) जलभरी

सज़ाई· (फ·प) दण्ड, साजना, बनावटी, सजा, साज करके, साजना।

सज्जा· (स) सेज, सभा वा कल्याण नाम··छंद चंवरी॥ सज्जा संवेशतल्प सैनोक सिय जनवास जानकीस जानकीश राजत छबिछाई॥ मुक्ति सुप्ति। दा चरित्र कलुष हरन भांति

पवित्र श्रवण गान किये
लाभ होत भद्र भाई ॥
मंगल शिव भव्य श्रेयश
भावुक कल्यान क्षेम भा-
विक स्वाकुशल क्षभयं
शिव शुभदाई। चंपरोक
सुभग छंद छतिस दशकल
निबंद्ध कीरति रघुनाथ बि-
शद हरिविलास गाई ॥१॥

सजिव. सजीव· (स) जीव सहित, जीता, सुख से जीना, प्रान सहित।

सजीवनमूरी·(द)विशेष जरी।
सजीवनमूरी नाम—दो॰
जीवन मधु अम मधुश्रवा,
जियत जिया पुनि चाहि।
इतहि सजीवनमूरि यह,
जैसी तू बलि चाहि ॥१॥

सजोइल. सजोयल· (द) सजग, सचेत, तयार, सजग होय।

सजोवन· (स) तैयारी।

सज्जन· (स) साधु, कुलवन्त, सत्कुलोद्भव, सत्पुरुष, पच्छा मनुष्य। [सहित।

सज्ञान· (स) ज्ञानी, ज्ञान

सञ्चय· (स) संग्रह, राशी, ढेर समूह।

सञ्चर· (स) पथ, बाट, मार्ग।

सञ्चार· (स) संक्रमण, प्रस्ताव, सलन।

सञ्चित· (स) बटोरा, संग्रहित, रखा हुवा, पूर्व का इकट्ठा किया हुवा।

सञ्जात· (स) उत्पन्न, जनम।

सञ्झा· (प) सायंकाल, प्रदोष, सन्ध्या।

सटीक· (स) टीकायुक्त, टीका-सहित। [दुष्ट।

सठ· (स) शठ, मूर्ख, कुटिल,

सण्डसी· सण्ड } (स) गहवा,
सिन· सडसिन्ह· } सङ्सी, सं-
ड्सी लोहे की।

सत· (स) सार, धीर, गुदा, सत्य, साधु, अविनाशी, शत, सौ, पच्छा।

सतत· (स) सदा, नित्य, निरंतर, लगातार।

सतंत· (स) निरंतर।

सतपञ्च. (स) द्वादशसंख्या बाचक, सातपांच।

सतर· (स) शीघ्र, जल्दी।

सतरूपा· (स) राजा मनु की नारी का नाम।

सतसपथ· (द) सत शपथ समीचीन शपथ वा सैकरों शपथ। चौ०। भामिनी राम सपथ सत मोही। अर्थात् रघुनाथ का समीचीन सपथ वा सौ सपथ।

सतसङ्ग· (स) सत के सङ्ग तें असत का त्याग।

सतानंद. (स) जनकजी के पुरोहित का नाम।

सतिभाउ· (द) सतिभाव, सत्य भावते, दो०। सखा राम सिय लखनु जहँ, तहाँ मोंहि पहुंचाउ। नाहित चाहत चलन अब, प्रान कहौं सतिभाउ।

सतिभाव· (द) समीचीनभाव।

सतिन· (स) केराव।

सती, सति· (स) पतिव्रता वाचक, राजा दक्ष पुत्री, शिवपत्नी, सूवा, सीधा, सती नाम छंद कलिका। पति साथ सिया तपस्विनी, आर्या साध्वी मनस्विनी॥ बुध ज्ञात सुधा सुची हसती॥ पुनि पतिव्रता एकव्रती॥ चौपाई। चौदह कला अनेक मिलावे। सोई कलिका छंद कहावे॥ १॥

सत्कार· (स) सनमान, पूजन, आदर। [आचार।

सत्पथ·(स) सुमार्ग,वेद विहित

सत्पात्र· (स) सुपात्र, सज्जन, श्रेष्ठ, मनुष्य।

सत्ता· (स) बल, पराक्रम, शक्ति अंश, प्रताप।

सत्य·(स) यथार्थ, ठीक, सरल, मिथ्यारहित।

सत्य वादिन्· (स) यथार्थवक्ता।

सत्यव्रत· (स) सत्यप्रतिज्ञा, सत्यतत्पर। [युग।

सत्ययुग· (स) प्रथम युग, कृत

सत्यलोक. [स] ब्रह्मलोक।

सत्यसङ्कल्प· [स] सङ्कल्प कहीं इच्छा जिनकी सत्य होय मिथ्या नहि होय।

सत्यसन्ध्य·[स] सत्य संकल्प ।
सत्रि· [स] देवता, अमर, अ-
मरतेश ।
सत्वर·[स] शीघ्र, तुरत, आशु ।
सत्सङ्ग· [स] उत्तमसाथ, साधु
संग ।
सद्. [स] संयुक्त, मिला,
श्रेष्ठ, बैठेवाले ।
सद [द] तुरन्त । [ग्टह,जल ।
सदन, [स] घर स्थान, मन्दिर,
सदगुण [स] समीचीन गुन ।
सदय.[स]दया सहित, कोमल ।
सदग्रन्थ [स] समीचीन ग्रन्थ ।
सदा· [स] सर्व्वदा, नित्य,
हमेशह, सर्बदा ।
सदागति. [स] वायु, पवन ।
सदाचार· [स] श्रेष्ठआचार,
सर्वदा आचार, अच्छा
आचार है जिसका ।
सदापुष्प. [स]सुपेद्अकवन ।
सदापाल· [स] नारियल ।
सदाव्रत. [स] भूखों को अन्न
दान, सर्वदाव्रत ।
सदृश·सदृश्·[स] तुल्य, समान,
बरोबर, मुवाफिक ।
सदेश. [स] समीप, निकट ।
